CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL1 User: cci Time: 01-19-2026 23:20 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 20 जनवरी 2026 > पौष 30 शक 1947 माघ शुक्ल द्वितीया, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 17 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

करूर भगदड़ में ऐक्टर विजय से CBI ने की पूछताछ

▸p10

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

अंतर्ज्ञान

हम तेज दौड़ते-दौड़ते जीवन की खुशबू खो देते हैं। धीमे चलने से जीवन महक होता है। हर दिन कुछ पल धीमी गति से कीजिए – खाना खाना, चलना, चाय पीना, सांस लेना। धीमी गति जागरूकता पैदा करती है और जागरूकता जीवन को रस देती है। तेज गति शरीर की जरूरत है, जबकि धीमी गति आत्मा की। जीवन की खूबसूरती धीमे पल में छिपी होती है, भागदौड़ में नहीं। धीमी गति आपको जीवन के वास्तविक स्वर से जोड़ती है। जब आप रुकते हैं, तभी भीतर का संगीत सुनाई देता है। धीमा होना कमजोरी नहीं, बल्कि यह जीवन से गहराई से जुड़ने की क्षमता है। अजीब लगेगा, पर सच है कि धीमा होना आपको मंजिल तक जल्दी पहुंचाता है।

चांदी ने पकड़ ली रेकॉर्ड रफ्तार, पहुंच गई तीन लाख के भी पार

जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता के माहौल में लगाई छलांग

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सोमवार को सोने-चांदी की कीमतें ने नया रेकॉर्ड बनाया। जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता के माहौल में पहले से तूफानी तेजी पर सवार चांदी पहली बार 3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के भाव के ऊपर चली गई। सोने ने भी 1,45,500 रुपये की नई ऊंचाई छू ली। IBJA के मुताबिक (बिना जीएसटी), 24 कैरेट गोल्ड 2261 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 1,43,978 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। जबकि चांदी में 11,255 रुपये का उछाल आया और कीमत 2,93,975 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में रेकॉर्ड तीन लाख रुपये (3,02,600 रुपये) प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई, जबकि सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

तो इस वजह से बढ़ गईं कीमतें

एक्सपर्ट के अनुसार ट्रंप ने शनिवार को डेनमार्क, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ब्रिटेन, फिनलैंड और नॉर्वे से आयात होने वाले सामान पर 1 फरवरी से 10% शुल्क लगाने की धमकी दी, जिसे 1 जून से 25% करने का भी प्रस्ताव है। इससे अनिश्चितता बढ़ी है। निवेशक सोने और चांदी जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। ▸▸पेज 5

फटाफट खबरें

कोल्ड फ्रंट के कारण तापमान में गिरावट दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** एक दिन में मुंबई का तापमान अचानक करीब 2.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। दिन और रात दोनों के तापमान गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में यह गिरावट एक सक्रिय कोल्ड फ्रंट के गुजरने से हुई है। सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान लुढ़ककर कर 18 से 15.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 31 से 28.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

मालेगांव: हादसे में 4 की मौत, 20 घायल

■ महाराष्ट्र के मालेगांव-मनमाड रोड पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा होगा। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। हादसा मालेगांव तालुका के वरहाणे गांव के पास सुबह करीब 3 बजे हुआ, जब पुणे से आ रही एक ट्रैवल्स बस और एक पिकअप वाहन आमने-सामने टकरा गई।

पौलेंड आतंकी इंफ्रा को खाद-पानी न दे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री राडैस्लाव सिकोरस्की (Radoslaw Sikorski) के साथ बिना पाकिस्तान का नाम लिए सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया। कहा, भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद की चुनौती से जूझ रहा है। उम्मीद है कि पोलैंड सीमा पार आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस दिखाएगा और हमारे पड़ोस में आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को खाद पानी देने में मदद नहीं करेगा। ▸▸पेज 10

सेंगर की सजा पर रोक से HC का इनकार

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की

हिरासत में मौत के मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को निचली अदालत से मिली 10 साल कैद की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया। मौजूदा मामले में अपराध को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने कहा कि इसमें दोषी ठहराए जाने के बाद, अपीलकर्ता (सेंगर) के निर्दोष होने का अनुमान लगाकर नहीं चला जा सकता।

BJP ने निर्विरोध चुने नवीन अध्यक्ष

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में संभालेंगे पद

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। उन्हें निर्विरोध पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। मंगलवार यानी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नितिन बीजेपी का अध्यक्ष पद संभालेंगे। सोमवार को बीजेपी की चुनावी प्रक्रिया में पार्टी के सभी सीनियर नेताओं समेत अलग अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बीजेपी हेडक्वार्टर में सोमवार सुबह से लेकर शाम तक उत्सव का माहौल रहा। बीजेपी ने इसे संगठन पर्व का नाम दिया।

दोपहर 2 से 4 बजे तक चला नॉमिनेशन प्रोसेस, फिर हुई घोषणा

बीजेपी राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेश अध्यक्षों के चुनने के बाद शुरू की गई, जो न्यूनतम जरूरी 50% फॉर्मेट से ज्यादा है। नितिन के पक्ष में 37 सेट नामांकन मिले, जो अलग-अलग राज्य इकाइयों की तरफ से आए।

ऐसे चुने गए अमित शाह और राजनाथ सिंह प्रस्तावक बने। JP नड्डा, भूपेंद्र यादव, किरेन रिजिजू समेत कई सीनियर नेताओं ने नामांकन पत्र सौंपा।

आज तक वोटिंग की नौबत नहीं आई

बीजेपी के सांगठनिक चुनाव में जब प्रदेश अध्यक्ष को चुनते हैं और उसी वक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल का भी चुनाव होता है जिसे राष्ट्रीय परिषद कहते हैं। यही राष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। यानी ये वोटर होते हैं। आज तक बीजेपी में कभी वोटिंग की नौबत नहीं आई। इस बार भी नितिन निर्विरोध ही अध्यक्ष बने।

कैसे चुनते हैं बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष?

बीजेपी संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उम्मीदवारी का नामांकन कम से कम 5 राज्यों की राष्ट्रीय परिषद इकाइयों से प्रस्तावित होना चाहिए, जहां संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हों। दिल्ली, छत्तीसगढ़, गुजरात और यूपी, उत्तराखंड के सीएम ने कई राज्यों के बीजेपी नेताओं की तरफ से नितिन के सपोर्ट में समर्थन पत्र सौंपा।

स्पेन में हुआ भयंकर ट्रेन हादसा, 39 लोगों की मौत

स्पेन के दक्षिणी हिस्से में रविवार रात हाई स्पीड वाली ट्रेन की टक्कर में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई। स्पेनिश पुलिस के मुताबिक शवों को निकालने का अभियान जारी है, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। मलागा से राजधानी मैड्रिड जा रही लगभग 300 यात्रियों को ले जा रही ट्रेन का पिछला हिस्सा पटरी से उतर गया, जो दूसरी ट्रेन से टकरा गया।

J&K: मुठभेड़ में पैरा कमांडो शहीद

■ **पीटीआई, जम्मू:** किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में छिपे आतंकियों पकड़ने के लिए शुरू किया गया अभियान सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान, आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक पैराट्रूपर ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि छात्रू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान वहां छिपे आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सैनिक घायल हो गए थे। उनमें से एक हवलदार गजेंद्र सिंह ने रविवार देर रात सैनिक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

गजेंद्र सिंह

UAE के प्रेज़िडेंट को एयरपोर्ट लेने खुद पहुंचे पीएम मोदी, बोले- भाई को लेने आया हूं

3 घंटे की यात्रा पर भारत आए थे राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद।

PTI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव करने खुद पीएम नरेन्द्र मोदी पहुंचे। पीएम ने X पर लिखा, मैं अपने भाई को लेने एयरपोर्ट आया हूं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच रक्षा, AI डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में कई करार हुए हैं। दोनों नेताओं के बीच गाजा की मौजूदा स्थिति, ईरान में उथलपुथल और यमन के हालात पर भी बात हुई। ▸▸पेज 5

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 01-19-2026 23:04 Color:

Enterटेनमेंट masalamix

काम और रिश्तों दोनों से नेहा कक्कड़ ने लिया ब्रेक

नेहा कक्कड़ की हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी ने सनसनी मचा दी, जिसमें उन्होंने काम, रिश्ते सबसे ब्रेक लेने की बात कही। नेहा ने लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्ते, काम और मैं जिन भी चीजों के बारे में सोच सकती हूं, उन सबसे ब्रेक लेने का समय है। पता नहीं कि मैं वापस आऊंगी या नहीं।' बाद में पोस्ट डिलीट कर दी।



रानी मुखर्जी

'दोस्त शाहरुख संग नैशनल अवॉर्ड जीतना खास पल'

झुमा सिंह

रानी मुखर्जी और शाहरुख खान को पिछले साल अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। अब नवभारत टाइम्स के साथ खास इंटरव्यू में रानी ने शाहरुख खान के साथ अवॉर्ड पाने को लेकर कहा कि जब कोई अपने पुराने दोस्त के साथ, खासकर जिसके साथ उसने करियर की शुरुआत की हो, उसके साथ इतना बड़ा सम्मान साझा करता है, तो वह पल और भी खास हो जाता है। रानी ने शाहरुख खान को उनका मेडल पहनाने में मदद करने वाला पल याद करते हुए कहा, 'वह पल अविश्वसनीय था। शाहरुख इतने बड़े कलाकार हैं। वह मेरे सीनियर हैं। उनके साथ एक ही प्लैटफॉर्म पर अवॉर्ड मिलना अपने में एक बड़ी बात है, क्योंकि वह 35 साल से इंडस्ट्री में हैं और मैं 30 साल से। उन्होंने भी इतने सालों से मेहनत की है। उनका भी यह पहला नैशनल अवॉर्ड था और मेरा भी। मेरी और शाहरुख की सबसे अच्छी बात यह थी कि हम बस इसी बात पर खुश थे कि आज भी लोग हमें प्यार करते हैं और हमारे काम को सराहते हैं तो हमारे लिए यह शुक्रगुजार का मौका था।'

'मतलब की कभी नहीं रही हमारी दोस्ती'

बॉलिवुड में अक्सर दोस्ती जहां मतलब के लिए होती है, रानी इतने साल लंबी अपनी दोस्ती का राज पूछने पर कहती हैं, 'ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमारी दोस्ती किसी मतलब के लिए नहीं थी। मुझे कभी कोई लालच नहीं था। हमारी दोस्ती ऐसी नहीं थी कि काम है तो हम दोस्त हैं, काम नहीं है तो दोस्ती नहीं है। मैंने इन चीजों को इतना महत्व नहीं दिया। मैंने रिश्तों को महत्व दिया। हां, जब काम किया तब डटकर काम किया। जब रिश्ते निभाने थे, तब रिश्ते भी निभाए।'

> हमारी दोस्ती ऐसी नहीं थी कि काम है तो हम दोस्त हैं और काम नहीं है तो दोस्ती नहीं है। मैंने इन चीजों को इतना महत्व नहीं दिया। मैंने रिश्तों को महत्व दिया।

अवॉर्ड फंक्शन में दिखे थे साथ

@khatija.rahman

रहमान के सपोर्ट में बेटियां

एआर रहमान के सांप्रदायिकता और बॉलिवुड में भेदभाव वाले बयान पर वह कई स्टार्स के निशाने पर हैं। लेकिन अब इस मामले में उनकी बेटियों खातिजा और रहीमा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनकी बेटियों ने रहमान को लेकर मलयालम संगीतकार कैलास मेनन के बयान का रीपोस्ट करते हुए पापा का बचाव किया है। दरअसल, कैलास मेनन ने रहमान के बयान को लेकर कहा था कि सहमति और असहमति जताएं, पर (उनका) अपमान न करें। यह बात उन्होंने एक पोस्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए की थी, जिसमें रहमान को 'तमिलनाडु और भारत के लिए कलंक' बताया था।

एआर रहमान की बेटी खातिजा ने कैलास मेनन की पोस्ट को शेयर किया, उसके साथ ताली, फायर, हार्ट वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। खातिजा ने लिखा, 'हे ईश्वर, मेरे उन दोस्तों को आशीर्वाद दे, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के हमारा हालचाल पूछा। उनके प्यार को कई गुना बढ़ाकर उन्हें लौटाएं।' रहमान की दूसरी बेटी और सिंगर रहीमा ने भी अपने पिता के सपोर्ट में कैलास मेनन की पोस्ट को शेयर किया। हालांकि, उनके बेटे अमीन ने अभी तक इस विवाद पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

वहीं परेश रावल ने भी रहमान का सपोर्ट करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, 'हम आपको प्यार करते हैं सर। आप हमारा गर्व हो।' हालांकि परेश का सपोर्ट कई लोगों पसंद नहीं आया।

सिकंदर की जो स्क्रिप्ट सुनाई, वो बाद में बदल दी: रश्मिका



रश्मिका मंदाना और सलमान खान की फिल्म सिकंदर को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों ने नकार दिया था। अब रश्मिका ने फिल्म को लेकर कहा है कि जो स्क्रिप्ट उन्हें सुनाई गई थी, उसमें बाद में कई बदलाव किए गए।

एक बातचीत में उन्होंने कहा, 'सिकंदर को लेकर मुझे निर्देशक मुरुगादास सर से हुई बात याद है। बेशक बाद में जो हुआ वो बहुत अलग था लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो वो वाकई काफी अलग थी।' ऐक्ट्रेस ने कहा, 'आमतौर पर फिल्मों में ऐसा ही होता है। जब आप कुछ सुनते हैं तो वो एक कहानी होती है, लेकिन फिल्म बनने के दौरान, कलाकारों की ऐक्टिंग, एडिटिंग और रिलीज के वक्त के अनुसार चीजें बदलती हैं। ये आम है।'

गुड न्यूज

बरगद की गोद में जीवन का राग

बरगद की शाखों पर लटकते फलों से जीवन का संगीत रचता पीले पांव वाला हरा कबूतर। यह दृश्य जैव विविधता की सुंदरता को उजागर करता है, हमें याद दिलाता है कि हर प्राणी प्रकृति की कविता का अनमोल हिस्सा है।

पश्चिम रेलवे
वार्षिक मरम्मत अनुबंध कार्य
वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008, ई-निविदा सूचना संख्या: SG-823-1806-WA-R1, दिनांक 14.01.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: पालघर-विरार खंड में स्थापित विभिन्न प्रकार के टेलीफोन आदि की उपकरणों (पार्सल मेक) के 03 वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध (एआरसी)। कार्य की लागत: ₹ 15,81,200/- बोली सुरक्षा: ₹ 31,600/- जमा करने के लिए बंद होने का समय और तारीख: 05.02.2026 तक, 15.00 बजे। खुलने का समय और तिथि: 05.02.2026 को 15.30 बजे। अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1024
facebook.com/WesternRly

updesco U.P. Development Systems Corporation Ltd.
(U.P. Government Undertaking)
2nd Floor, Uptron Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow
Expression of Interest (EoI) Notice
UPDESCO invites Expression of Interest (EoI) from interested parties to provide opinion/suggestions on the draft RFP for UPSWAN 3.0, for the establishment of "One State One Network", expanding connectivity from proposed 1,348 PoPs to additional 57,700 Gram Panchayats across Uttar Pradesh. The EoI document has been published on e-procurement portal https://etender.up.nic.in vide ref. no. UPDESCO/EOI/UP/OSON/01 dated 17.01.2026. The last date for submission of opinion/suggestions is 24.01.2026.
UPDESCO/EOI/UP/OSON/01 MANAGING DIRECTOR

शमशान के सन्नाटे में यूं संवर रहा है भविष्य

जहां ज़िंदगी थमती है, वही से शुरू कामयाबी का सफर

Proshun.Chakraborty
@timesofindia.com

■ नागपुर: नागपुर में सुबह के समय, जब शहर अपनी नींद से जाग रहा होता है, तब कुछ युवा हाथों में किताबें और नोटबुक लेकर पीली नदी के किनारे-किनारे चलते दिखाई देते हैं। उनका रास्ता श्मशान की ओर जाता है, लेकिन ये छात्र किसी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होते, बल्कि अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी परीक्षा की तैयारी करने आ रहे होते हैं। उत्तरी नागपुर के 'नारी वक्षशिला निर्माण घाट' पर बनी यह दो मंजिला लाइब्रेरी शायद देश की सबसे अनोखी पढ़ाई की जगह है। जलती चिताओं से मात्र 20 मीटर की दूरी पर यह स्टडी सेंटर छात्रों के लिए सन्नाटा और शांति का अनुभव देता है।

इस सेंटर की कल्पना पूर्व कॉर्पोरेटर मनोज सांगोले ने की थी। उनका कहना है कि श्मशान को अक्सर अंत से जोड़ा जाता है, लेकिन यह जगह युवाओं को नई शुरुआत का मौका देती है। 2017 में लगभग 92 लाख रुपये की लागत से यह लाइब्रेरी तैयार हुई।

बैंकिंग की तैयारी कर रहे रोहित कहते हैं कि घर में शोर होने की वजह से ध्यान लगाना मुश्किल था, लेकिन यहां का माहौल स्वाभाविक रूप से फोकस करने पर मजबूर करता है। रेलवे की तैयारी कर रही प्रिया बताती हैं कि शुरू में यह जगह डरावनी लगी थी, लेकिन अब मोटिवेट करती है। यह स्टडी सेंटर कई सक्सेस स्टोरीज दे चुका है। विपिन लाम्सोंगे को रेलवे में नौकरी मिली है, जबकि दीपक खोरगड़े इंडियन नेवी में चयनित हुए। केयरटेकर मीना खापर्डे बताती हैं कि जो भी लगन से पढ़ता है, वह सफलता हासिल करता है।

लौट आया 'वाइल्ड' खाने का असली क्रेज़

लग्ज़री होटलों के मेन्यू में पहुंच रहा है जंगलों का शुद्ध ज़ायका और आदिवासियों की कला

Sneha.Bhura
@timesofindia.com

एक तरफ फूड एक्सपर्ट्स शहरी युवाओं को खाने लायक जंगली चीजों की पहचान करना सिखा रहे हैं, तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े शेफ जंगल के इस पारंपरिक ज्ञान को आलीशान होटलों की खास डिश में बदल रहे हैं

■ अरुणाचल प्रदेश की चुग वैली के एक छोटे से गांव 'दूदुम' में एक 60 साल के बुजुर्ग हैं। पूरे इलाके में सिर्फ वही जानते हैं कि 'चाइनीज लैकर ट्री' की राल को बिना खुजली और जलन के कैसे निकाला जाता है। इसे वहां की स्थानीय भाषा में 'पुरशिंग' कहते हैं। सदियों से इस राल का इस्तेमाल प्रसव के दर्द को कम करने और बर्तनों को चमकाने के लिए होता आया है, लेकिन आज यही 'पुरशिंग' दिल्ली के आलीशान होटलों में 'कॉर्न टार्ट्स' का स्वाद बढ़ा रही है। पिछले महीने, 'डमू हेरिटेज ब्राइन' की महिलाएं 12 घंटे का पैदल सफर तय कर दिल्ली पहुंचीं। वे अपने साथ आधा किलो 'पुरशिंग' लाईं और साउथ दिल्ली के मशहूर 'साइडकार' बार में अपना सिग्नेचर व्यंजन 'पुरशिंग मोमू' पेश किया। डमू की मैनेजर लाइके चेमू कहती हैं कि पहले लोग जंगल का सिर्फ दोहन करते थे, लेकिन आज हमारा काम जंगल को बचाने और स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया बन गया है।

कैसे परखा पुरखों का ज्ञान

सदियों से आदिवासियों की 'फोरेजिंग' तरीका अब शेफों द्वारा दुनिया के सामने लाया जा रहा है। वशिखा भाटिया, प्रतीक साधु और थॉमस जैकरिया महाराष्ट्र, नगालैंड और गुवा की जंगली सामग्रियों जैसी सी एस्पैरागस, तिमूर मसाला और रशियन सेज का उपयोग करते हैं। दिल्ली के कॉर्ट एंड फाल्स में कुमाऊं के सूखे म्योली से कॉकटेल तैयार हुआ। गोवा और ओडिशा में शेफ्स ने स्थानीय समुदायों का भरोसा जीतकर जंगल से सामग्री जुटाई।

खरपतवारों से टेस्टी पकौड़े

श्रुति थरविल का प्रोजेक्ट 'फॉरगॉटन ग्रीन्स' हमें सिखाता है कि शहर की सड़कों के किनारे उगने वाला 'कुल्फा' (Purslane) भी पौष्टिक हो सकता है। वे दिल्ली-चेन्नई जैसे शहरों में वॉक कराती हैं और लोगों को 'बंगाल डेस्लोवर' जैसी खरपतवारों से पकौड़े बनाना सिखाती हैं। श्रुति कहती हैं कि असली मकसद सिर्फ लग्जरी खाना नहीं, बल्कि अपनी प्रकृति से दोबारा जुड़ना है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
परिसर एवं समस्त विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय, कोठी, हैदराबाद-500001
गुलबर्गा, निज़ामाबाद, तेलंगाना में प्रस्तावित प्रशासनिक कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट-कम-प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (PPA-cum-PMC) के चयन और नियुक्ति के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई)
[illegible]
स्थान : हैदराबाद, दिनांक : 20-01-2026 हस्ता./- सहायक महाप्रबंधक (पी एंड ई)

MUMBAI SLUM IMPROVEMENT BOARD
A REGIONAL UNIT OF
(MAHARASHTRA HOUSING AND AREA DEVELOPMENT AUTHORITY)
Tel no. 022-66405432, E-mail -eewest.msib@mhada.gov.in
Ref no. EE/West/MSIB /e-Tender / 247/ 2025-26
e-TENDER NOTICE No. 247
Executive Engineer (West) Division, Mumbai Slum Improvement Board, (Unit of MHADA) Room No. 537, 4th floor, Griha Nirman Bhavan, Bandra (East), Mumbai 400 051 Phone Number (022) 66405432 is calling e-Tender for the 17 number of works in the form of B1 (Percentage rate) from Labour Co.op. Societies registered with DDR-III, West Suburb, Mumbai, vai online e-tendering system. Tender Documents shall be available & can be downloaded from Government of Maharashtra portal https://mahatenders.gov.in, Bidding documents can be loaded on the website. The tender schedule as follows.

Sr. No.	Stage Desc.	Date of time period
1	Documents sale start	21/01/2026 10.30 am.
2	Documents sale end	28/01/2026 3.00 pm.
3	Technical bid opening	29/01/2026 3.05 pm. onward
4	Price bid opening	30/01/2026 10.30 am. onward

The Competent Authority reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason thereof Conditional offers will not be accepted.
Note. 1 Please refer detailed tender notice on website.
Note. 2 Corrigendum / Amendments if any could be published only on the website.
MHADA-Leading Housing Authority in the Nation Sd/-
CPRO/A/07 Executive Engineer (W), M.S.I.B. Board, Mumbai

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, द्वारा पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से एकल बोली प्रणाली में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम: वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, रत्नागिरी क्षेत्र में वेल्ड्स का यूएसएफडी परीक्षण कराना। निविदा सूचना क्रमांक: केआर-डब्ल्यू- 1-58-2025-26. अनुमानित लागत: रु. 60,80,956/- (जीएसटी को छोड़कर)। समापन तिथि/समय: 10.02.2026 को 15:00 बजे तक, ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। कार्य पूर्ण करने की अवधि: मानसून सहित चौबीस माह। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण/भागीदारी के लिए कृपया https://ireps.gov.in वेबसाइट का अवलोकन करें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

DELHI | GMR
Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi - 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936
NOTICE INVITING TENDER (NIT)
Delhi International Airport Ltd. (DIAL) invites tender for "Onboarding an agency for conducting Technical Trainings required under various regulations at IGI Airport".
For details, the interested parties may download the Tender document free of charge from www.newdelhiairport.in between 20.01.26 to 30.01.26 and submit their bid on 06.02.26 as prescribed in Tender document.

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
एलपीएससी, वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग
फोन.: 0471-256 7445 / 7326 / 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in
ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मद-दर निविदाएं आमंत्रित हैं।
ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सोएडा/01/1147A/ईएलई/टीई-027/2025-26 दिनांक 16.01.2026 एल पी एस सी, वलियमला में तीन-एल ई डी फिटिंग्स को एल ई डी फिटिंग्स के साथ बदलने का कार्य-पैकेज II (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹20.54 लाख)
अनुरोध करने की अवधि : 20.01.2026, 17:30 बजे से 28.01.2026, 23:30 बजे तक
इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।
एसडी/- प्रधान, सीएमडी/एलपीएससी (वी)

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
सहायक आयुक्त, एफ/उत्तर का कार्यालय, 96, भाऊ दाजी लाड मार्ग, माटुंगा, मुंबई - 400019
दूरभाष सं. : 24024253 वि. 200
सं. की.नि.अ./एफ/उ/353/लेखा दि. 19.01.2026
सूचनापत्र
कीट नियंत्रण अधिकारी एफ/उत्तर विभाग में मलेरिया, डेंगी, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, प्लेग, उल्टी-जुलाब आदि बीमारी फैलानेवाले वेक्टरों का फैलाव न होने के लिए 172 दिनों की अवधि के लिए आवश्यक स्वयंसेवक उपलब्ध कराने के हेतु पंजीकृत सहकारी / बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रण के बारे में वेबसाइट पर सूचनापत्र प्रकाशित किया जा रहा है।
इच्छुक संस्था इस बारे में विवरण, आवेदन तथा इच्छापत्र के नमुने के लिए वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर या कीट नियंत्रण एफ/उत्तर विभाग कार्यालय, बृहन्मुंबई महानगरपालिका विभाग कार्यालय, कीट नियंत्रण अधिकारी एफ/उत्तर विभाग, कमरा सं. 8, 96, भाऊ दाजी लाड मार्ग, मुंबई - 400019 से संपर्क करें।
संस्था ने कार्य के दिन कीट नियंत्रण अधिकारी एफ/उत्तर विभाग कार्यालय में आवेदन देने की अंतिम तिथि 03.02.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक है।
स्वाक्षरित/-
(श्री. अरुण सी. क्षीरसागर)
सहायक आयुक्त
एफ/उत्तर विभाग
PRO/2689/ADV/2025-26
Avoid self medication

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। मुंबई।
मंगलवार, 20 जनवरी 2026

ओपनिंग करने से पहली गेंद से आजादी मिलती है और हम जैसा खेलना चाहते हैं, वैसा कर सकते हैं। मेरा प्राथमिक लक्ष्य ओलिंपिक्स की टीम में शामिल होना है और इसके लिए मैं पूरी मेहनत कर रहा हूं। - स्टीव स्मिथ, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर

360

रन बनाए थे शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2022/23 में भारत में हुई वनडे सीरीज में। वह बाबर आजम (360 रन, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2016/17 सीरीज) के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट किस शहर में होगा? A) जकार्ता B) बेंगलुरु C) जयपुर D) बाली
2. कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहले राउंड में किसे हराया? A) अमांडा अनिसिमोवा B) इगा स्विएटेक C) कामिला रखिमोवा D) आरिना सबालेंका

कल के जवाब
1. B) सचिन तेंडुलकर
2. A) जर्मनी

लकी WINNER

1. संजय चौरसिया, कोंडली, दिल्ली
2. वीरेंद्र सिंह, सीतापुर, उत्तर प्रदेश
3. महेश मेहतानी, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मैड्रिड को फिर मेजबानी

■ **मैड्रिड:** लगातार तीसरे वर्ष मैड्रिड 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स' की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

भारतीयों को कड़ा ड्रॉ

■ **जकार्ता:** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आज से यहां शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तत्पर होंगे। भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी।

KCL का आयोजन

■ **नई दिल्ली:** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (KCL) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा के राव स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सीजन के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है।

प्रमोद, सुकांत को सोना

■ **नई दिल्ली:** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में ईजिप्ट पैरा बैडमिंटन इनविटेशन टूर्नामेंट 2026 में अपने-अपने सिंगल्स वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने के बाद टीम वर्ग में भी गोल्ड हासिल किया।

टेस्ट, वनडे में टीम इंडिया को हराने के बाद नजरें टी20 सीरीज पर

कीवी टीम के लिए भारत का दौरा बना 'मिशन पॉसिबल'

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 इंटरनैशनल सीरीज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साल 2024 में जब तक न्यूजीलैंड की टीम भारत के दौरे पर नहीं आई थी, टीम इंडिया का घरेलू मैदान पर लगातार 12 साल तक टेस्ट सीरीज में अजेय रहने का रेकॉर्ड था। कीवियों ने अभेद्य माने जाने वाले भारतीय किले को ध्वस्त कर दिया। तकरीबन 14 महीने बाद अब कीवी टीम ने भारत दौरे पर टीम इंडिया को पहली बार वनडे सीरीज में हराकर हैरान कर दिया है। बुधवार से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान वे साबित करना चाहेंगे कि भारत को भारत में हराना अब 'मिशन इंपॉसिबल' नहीं रहा। न्यूजीलैंड ने संडे को इंदौर में खेले गए वनडे मैच में टीम इंडिया को शिकस्त देकर वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया। साल 1989 से द्विपक्षीय वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही कीवी टीम के लिए यहां पहली वनडे सीरीज जीत थी। मार्च 2019 के बाद से भारत ने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं गंवाई थी।

चुनौती और बढ़ जाएगी: भारतीय टीम को वनडे सीरीज में उस कीवी टीम के हाथों हार मिली, जिसके पास अपेक्षाकृत बेहद कम अनुभव था। उनके आठ प्लेयर्स तो पहली बार भारत आए थे। टी20 इंटरनैशनल सीरीज में टीम इंडिया की चुनौती और बढ़ जाएगी क्योंकि मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, ईश सोढ़ी, जेम्स नीशम, मैट हेनरी और मार्क चैपमैन जैसे अनुभवी खिलाड़ी कीवी टीम के साथ होंगे। अगले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए भी यह सीरीज काफी अहम होगी। मौजूदा टी20 वर्ल्ड चैंपियन भारत की साख दांव पर होगी।

नहीं होंगे तिलक: बढ़े हौसले के साथ टी20 सीरीज में उतरने जा रही न्यूजीलैंड की टीम से लड़ने से पहले भारत को टीम की खामियों से पार पाना होगा। शुरुआती तीन मैचों में तिलक वर्मा और पूरी सीरीज में वॉशिंगटन सुंदर फिटनेस की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। तिलक टी20 फॉर्मेट में टीम की अहम कड़ी रहे हैं। भारत के पिछले नौ मैचों में तिलक ने सबसे ज्यादा 290 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 126 के करीब रहा है। मिडल ऑर्डर में उनकी भरपाई करने के लिए श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। चोट से वापसी के बाद श्रेयस वनडे सीरीज में असर नहीं छोड़ सके।

वाइट बॉल चैलेंज



नागपुर में प्रैक्टिस सेशन के दौरान कप्तान सूर्यकुमार और कोच गौतम गंभीर

PTI

इन बैटर्स पर होगी निगाहें

मार्क चैपमैन: मैच 9, रन 138, ऐवरेज 34.5, स्ट्राइक रेट 170.37

टिम रॉबिन्सन: मैच 10, रन 156, ऐवरेज 22.29, स्ट्राइक रेट 141.81

ये बोलर्स हो सकते हैं खतरा

जैकब डफी: मैच 9, विकेट 15, इकॉनमी 8.13

जेम्स नीशम: मैच 7, विकेट 9, इकॉनमी 11.31

टी20I में न्यूजीलैंड का भारत में प्रदर्शन

साल	विजेता	सीरीज नतीजा
2012	न्यूजीलैंड	1-0 (2)
2017	भारत	2-1 (3)
2021	भारत	3-0 (3)
2023	भारत	2-1(3)

25 विकेट लिए हैं टी20I में ईश सोढ़ी ने भारत के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच हुए टी20 के सबसे सफल बोलर हैं

66 रन पर ऑल आउट कर दिया था भारत ने न्यूजीलैंड को पिछली बार जब दोनों टीमें टी20 में भिड़ी थीं।

टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारतीय टी20 टीम के लिए सबसे चिंताजनक बात यह है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव फिलहाल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज की चार पारियों में सिर्फ 34 रन ही बना सके थे। तब उनका हाईएस्ट स्कोर 12 रन था। टी20 इंटरनैशनल में सूर्य के बल्ले से पिछली अर्धशतकीय पारी साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ निकली थी। उसके बाद से खेली 22 पारियों में वह सिर्फ दो बार ही 35 प्लस का स्कोर बना सके हैं। कभी इस फॉर्मेट के टॉप बैटर रहे सूर्य रैंकिंग्स में 13वें नंबर पर खिसक गए हैं। अगले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें पांच टी20 मैचों की इस सीरीज में हर हाल में लय पकड़नी होगी।

ICC की बांग्लादेश बोर्ड को चेतावनी!

कहा, 21 जनवरी तक अंतिम फैसला लें या बाहर होने को रहें तैयार

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। ICC और BCB के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट BCCI के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को IPL 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। ICC के एक सूत्र ने कहा, 'BCB अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग्स के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।'

टी20 वर्ल्ड कप वेन्यू विवाद

ICC चेयरमैन जय शाह

ग्रुप बदलने का दिया था सुझाव: ढाका में ICC के साथ हुई पिछली बैठक में BCB ने प्रस्ताव रखा था कि बांग्लादेश को ग्रुप-बी में आयरलैंड से बदला जाए, जहां श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, ओमान और जिम्बाब्वे हैं। इससे बांग्लादेश अपने सभी लीग मैच श्रीलंका में ही खेल सकेगा।

तो स्कॉटलैंड की हो सकती है एंट्री

सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर BCB ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में वर्ल्ड कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा ICC बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग्स के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है। बीसीबी या तो वेन्यू बदलने या फिर ग्रुप बदलने की मांग पर अड़ा हुआ है, ताकि उसके मैच श्रीलंका में कराए जा सकें।

विराट से सीखें युवा बल्लेबाज: गावसकर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में भारत की हार के लिए कमजोर शुरुआत को जिम्मेदार ठहराते हुए युवा बल्लेबाजों को विराट कोहली से सीख लेने की सलाह दी है। गावसकर ने यह टिप्पणी न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में भारत की 124 रन की हार के बाद की।

मैच रिऐक्शंस



सुनील गावसकर

FILE

उन्होंने कहा, 'विराट को दूसरे छोर पर किसी का साथ नहीं मिला। वह (कोहली) अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और वह काम है रन बनाना। कभी-कभी इसका मतलब होता है संभलकर खेलना और फिर खुलकर खेलना। कभी-कभी इसका मतलब जल्दी आक्रामक अंदाज अपनाना या फिर परिस्थितियों के अनुसार स्ट्राइक रोटेट करना होता है। कोहली इस बारे में नहीं सोचते कि उनसे किस तरह से खेलने की उम्मीद की जाती है।'

गिल ने मानी कमजोरी: भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मिली हार के बाद साफ कहा कि टीम अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई, जो दोनों टीमों के बीच सबसे बड़ा अंतर रहा। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बैटर्स को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा।'

वापसी की राह तलाशेंगी मुंबई और दिल्ली की टीमें

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में मंगलवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों की नजरें अपने-अपने अभियान को दोबारा पटरी पर लाने पर टिकी होंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस ने पांच मैचों में दो जीत दर्ज की हैं और टीम प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही है।

मुंबई के लिए पावरप्ले सबसे बड़ी चिंता बना हुआ है। हेली मैथ्यूज की चोट और शीर्ष क्रम में असफल प्रयोगों के कारण उसका रन रेट सबसे कम रहा है, जिससे हरमनप्रीत और नैट सिवर-ब्रंट पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है।

दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में तीन हार के साथ सबसे नीचे है। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और लॉरा वोलवार्ट से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शेफाली वर्मा और लिजेल ली ने भी निरंतर प्रदर्शन नहीं किया है। लीग चरण के अहम मोड़ पर दोनों टीमें जीत के लिए पूरा दमखम लगाएंगी।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

दिल्ली कैपिटल्स की शेफाली वर्मा

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार

जोकोविच ने मेलबर्न में लगाई जीत की 'सेंचुरी'

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में नोवाक जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं जीत दर्ज की। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज ओपन एरा में ऐसा करने वाले रोजर फेडरर के बाद केवल दूसरे मेंस प्लेयर हैं। साथ ही वह तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम में 100 या उससे अधिक मैच जीतने वाले पहले मेंस खिलाड़ी बन गए। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के अलावा विंबलडन में 102 और यूएस में 101 मैच जीते हैं।

लय के लिए किया संघर्ष: विमिंस सिंगल में वर्ल्ड नंबर-2 इगा स्विएटेक ने लय हासिल करने के लिए शुरुआत में संघर्ष जरूर किया, लेकिन वह दूसरे राउंड में सीधे सेट जीतकर पहुंच गईं। उन्होंने चीनी क्वालिफायर युआन यू को 7-6, 6-3 से हराकर आगे कदम बढ़ाया। स्विएटेक ने माना कि उन्हें अभी अपने खेल पर काम करना है। वहीं, अमेरिका की कोको गॉफ ने भी पहले सेट में संघर्ष के बाद कामिला रखिमोवा को 6-2, 6-3 से हराया। वहीं, स्टेन वावरिंका ने अपने विदाई सीजन की शुरुआत करते हुए लास्लो जिरे को चार सेट में मात दी। तीन बार के फाइनलिस्ट डेनियल मेदवेदेव, एलेक्स डि मिनौर और कैस्पर रूड भी अगले दौर में पहुंच गए। मेलबर्न पार्क में 1,01,696 दर्शक पहुंचे, जो टूर्नामेंट के एक दिन का नया रेकॉर्ड है।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

मुझे यह सुनने में अच्छा लगता है। सेंचुरियन बनना वाकई खास है। इतिहास बनाना एक अच्छी प्रेरणा है। खासकर करियर के पिछले 5-10 साल में मैंने इसका बहुत आनंद लिया है। - नोवाक जोकोविच

नोवाक जोकोविच

25 वीं लगातार जीत दर्ज की स्विएटेक ने ग्रैंडस्लैम के पहले राउंड के मैच में। वह ऐसा करने वाली कैरोलिना प्लिसकोवा के बाद पहली प्लेयर हैं

40 साल 296 दिन की उम्र में वावरिंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत दर्ज की। वह इस ग्रैंडस्लैम में जीत दर्ज करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज मेंस प्लेयर हैं

गिल नहीं करेंगे रेस्ट, खेलेंगे रणजी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को खत्म हुई वनडे सीरीज के बाद रेस्ट नहीं करने का फैसला किया है। वह पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ गुरुवार से राजकोट में होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैच खेले थे। पंजाब टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा, 'गिल ने वनडे सीरीज के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है। उन्हें इंदौर से राजकोट पहुंचने में आठ घंटे का समय लगा क्योंकि वहां से कोई सीधी फ्लाइट नहीं है।'

क्रिकेट कनेक्ट

भारतीय वनडे-टेस्ट कप्तान शुभमन

पहले मैच में नहीं खेलेंगे कमिंस: क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने बताया है कि पैट कमिंस आगामी टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में नहीं खेलेंगे। जबकि टिम डेविड रिकवरी में दिक्कत के बावजूद टूर्नामेंट की शुरुआत में खेलने के लिए तैयार हैं।

17 सदस्यीय टीम घोषित

पाकिस्तान के खिलाफ 29 जनवरी से 1 फरवरी के बीच लाहौर में खेली जाने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मिचेल मार्श की कप्तानी में घोषित टीम में बिग बैश लीग (BBL) में शानदार प्रदर्शन कर रहे महली बियर्डमैन और जैक एडवर्ड्स को भी मौका दिया गया है। यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए खास मौका है जो वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की होड़ में हैं। वर्ल्ड कप संभावित टीम के 10 खिलाड़ी इस दौरे का हिस्सा होंगे।

पेनल्टी शूटआउट में रांची ने HIL GC को दी मात

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** रांची रॉयल्स ने हॉकी इंडिया लीग के एक रोमांचक मुकाबले में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से मात दी। सोमवार को खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 4-4 से ड्रॉ रहा था, जिसके बाद रांची ने शूटआउट में बाजी मारी। यह रांची की शुरुआती दो मुकाबले गंवाने के बाद लगातार चौथी जीत है। जीत के बाद HIL GC और रॉयल्स के अंक तालिका में समान 11 पॉइंट्स हो गए हैं। हालांकि, गोल अंतर के आधार पर HIL GC तीसरे व रॉयल्स दूसरे स्थान पर हैं। रॉयल्स के लिए अराइजीत सिंह ने पहले दो गोल किए। जिसके बाद सैम लेन और टॉम बून ने रांची के लिए 1-1 गोल दागा। HIL GC के लिए ललित कुमार उपाध्याय ने दो और केन रसेल व सुदीप चिरमाको ने 1-1 गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

रॉयल्स के प्लेयर जश्न मनाते हुए

SOCIAL MEDIA

प्रग्ना की एक और हार, गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** डिफेंडिंग चैंपियन आर प्रग्नानंदा का टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा। प्रग्नानंदा दूसरे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रग्नानंदा को पहले राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था।

टाटा स्टील मास्टर्स चेस

भारतीय GM प्रग्नानंदा

FILE

नाटकीय मैच में सेनेगल बना चैंपियन

■ **एजेंसियां, रबात (मोरक्को):** हाई-इंटेंसिटी ड्रामे के बीच सेनेगल ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस का खिताब अपने नाम किया। सेनेगल ने फाइनल में मेजबान मोरक्को को 1-0 से मात दी और सिर्फ दूसरी बार इस टाइटल को जीता। फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी। जिसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया। आखिर में पेप गुये सेनेगल के लिए निर्णायक गोल करने में सफल रहे। इस बीच सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल रुका रहा था। अंत में सेनेगल के कप्तान सादियो माने टीम को फिर से मैदान पर लेकर आए। खेल शुरू होने पर एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज की पेनल्टी को बचा लिया।

अफ्रीका कप ऑफ नेशंस

विजेता ट्रॉफी के साथ सेनेगल की टीम

AFP

CAF का सख्त रुख: फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने सेनेगल के बर्ताव की भी निंदा की है। वहीं, कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल ने सोमवार को अपने बयान में फाइनल के दौरान हुई अव्यवस्थित घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

मानिनी और ऐश्वर्य पहले दिन टॉप पर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** राइफल-पिस्टल नैशनल सिलेक्शन ट्रायल (ग्रुप-ए) के पहले दिन 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में मानिनी कौशिक और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। मानिनी ने ट्रायल-1 में 625 अंक जुटाकर पहला स्थान पाया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन दूसरे, जबकि केरल की विदर्शा के विनोद तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों में ऐश्वर्य ने 629.6 अंकों के साथ ट्रायल-1 में बाजी मारी। अखिल श्योराण दूसरे और स्वप्निल कुसाले तीसरे स्थान पर रहे।

नैशनल शूटिंग ट्रायल्स

12 राशियां और आपका दिन



ARIES (21 Mar - 19 Apr): आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में अधिक रहती है, इसलिए आज आप भी आप सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके परिवार का गौरव बढ़ेगा। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। सायंकाल में सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

TAURUS (20 Apr - 19 May): आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलेंगे तो कोई विशेष सफलता मिलेगी। व्यावहारिक सुख-भोग की वस्तुओं का विस्तार होगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। सायंकाल का समय देवदर्शन में व्यतीत होगा।

GEMINI (21 May - 21 Jun): यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य फूलदार चल रही है तो उसके लिए आज का आपका समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण आज कार्यों में बाधा व हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो सीनियर्स की कृपा से आज के दिन आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।

CANCER (22 Jun - 22 Jul): यदि आपकी पदोन्नति रुकी हुई है तो आज आरंभ हो जाएगी, इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाकपटुता से किसी महान पुरुष को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। सेहत में सुधार होगा। आपको आज निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें। यह आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

LEO (23 Jul - 22 Aug): यदि आप व्यापारी हैं तो आज आपके बिजनेस में कुछ नए परिवर्तन होंगे और अगर नौकरी पेशा हैं तो ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ेंगे। परिवार की तरफ से भी कोई शुभ समाचार मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आप सामाजिक कार्य में फंसे रहेंगे। क्षमता से अधिक मेहनत करें।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): आज आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप बखूबी निभाएंगे। व्यावहारिक सुख-भोग की वस्तुओं पर आज धन खर्च कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई मन लगाकर करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात्रि में आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में बढ़ेगी।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): आज काफी सोच-विचार कर काम करने के उपरांत भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अचानक कोई ऐसा खर्च भी सामने आएगा, जिसे आपको न चाहते हुए भी करना पड़ेगा। हो सके तो आज जोखिम के कामों से भी दूर रहें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भी छोटे-मोटे कार्यों में लिप्त रहेंगे। आज के दिन अपनी सेहत पर भी ध्यान दें।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov): आज आपको किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म की ओर बढ़ेगी।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): आज का आपका दिन शुभ है। आप दिन की शुरुआत में ऊर्जा से भरे रहेंगे व नए-नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी आज का दिन अच्छा है। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में संतान से कोई दुखद समाचार मिलेगा। करीबी व्यक्ति से विश्वासघात मिल सकता है, सावधान रहें।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): आज ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी पदोन्नति रुकी हुई है तो आरंभ प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। सायंकाल और रात्रि में सुख्याति तथा कीर्ति में वृद्धि होगी। वाहनों के इस्तेमाल में सावधानी बरतें।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): आज जल्दबाजी में किए गए कार्यों से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों को शुरू करने से पहले किसी से राय अवश्य करें। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): आज आपको स्वास्थ्य के मामले में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा दिन के पहले हिस्से में आप किसी अच्छे डॉक्टर से अपनी सेहत के संबंध में सलाह-मशविरा कर लें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। यदि आप किसी विशेष संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आज आसानी से मिल जाएगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष गुरु-शुक्र एवं बुध का मिश्रित प्रभाव आपके वर्षफल को प्रभावित करेगा। जनवरी शेष से फरवरी तक आयात-निर्यात के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को बारबार अच्छे अवसर मिलने से समृद्धि बढ़ेगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में अत्यधिक सक्रियता के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से मायूसी रहेगी। ध्यान रहे कि मायूसी आपके ऊपर हावी न हो। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक में यदि कार्य का समय पर निष्पादन नहीं होगा तो आपके करीबी कहीं पर भी विश्वासघात कर सकते हैं। जुलाई महीने से लेकर अगस्त महीने के अंत तक में नियोजित कार्यक्रमों में बदलाव लाने से यथोचित लाभ होता चला जाएगा। सितंबर से लेकर अक्टूबर तक में स्वास्थ्य न्यून रहने पर भी सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और खर्चा करने के बाद बन जाएंगे। नवंबर में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। दिसंबर से जनवरी 2027 मध्य तक सार्थक यात्रा और देशाटन के योग हैं। अपने और परिवार के मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। इससे आपकी ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ परिवार की बोरियत भी दूर होगी। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(बुधवार, 21 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 1, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 8, शव्वाल 1, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 21 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 47 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। धनिष्ठा नक्षत्र दिन में 1 बजकर 50 मिनट तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र का आरंभ। व्यतीपात योग सायं 6 बजकर 58 मिनट तक उपरांत वरीयान योग का आरंभ। तैतिल करण मध्याह्न 2 बजकर 48 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- मेलाश्री रामदेव (जैसलमेर)।

सुडोकू

			1		8			
7	6						2	4
		1		7		6		
	4	3	9		7	5	6	
	9						1	
	1	7	2		5	3	4	
		2		4		7		
3	7						9	2
			7		6			

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पंच
10:00 बदबूध बुद्धक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	18:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 पीरा
13:30 म से मंड़ी	

NBT AI टाइम मशीन

जब भारत परमाणु ऊर्जा में हुआ मजबूत

आज ही के दिन 1957 में जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र के ट्रॉम्बे में एशिया के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' की शुरुआत की थी। यह भारत के वैज्ञानिक इतिहास का टर्निंग पॉइंट था। इसने हमें परमाणु क्लब में शामिल किया। अप्सरा ने परमाणु बिजलीघरों और भविष्य के थोरियम कार्यक्रम की नींव रखी, जिससे भारत पिछड़े देश की छवि से निकलकर दुनिया में परमाणु शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स | मुंबई
मंगलवार, 20 जनवरी 2026, पेज 10

भविष्य में होंगे स्मार्ट माइक्रो रिएक्टर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में न्यूक्लियर रिएक्टर पहले से ज्यादा सुरक्षित, छोटे और स्मार्ट होंगे। बड़े एटमी प्लांट्स की जगह माइक्रो रिएक्टर आम होंगे, जिन्हें AI कंट्रोल करेगा। फ्यूजन तकनीक से क्लीन और लगभग असीम ऊर्जा मिलेगी। न्यूक्लियर कचरे का रीसाइकल भी संभव होगा। एटमी पावर बिजली देने के साथ स्पेस मिशन और पानी को साफ रखने में भी काम आएगी। इसे क्लाइमेट संकट से निपटने का भरोसेमंद साधन माना जाएगा।



AI Images

फटाफट खबरें

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

■ आईएएनएस, बीजापुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में 4 महिलाओं समेत 6 नक्सली ढेर हो गए। मौके से बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक सामग्री और आपत्तिजनक सामान मिले हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नैशनल पार्क एरिया कमिटी के इंचार्ज दिलीप बेडजा और अन्य नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में बेडजा सहित 6 नक्सलियों के शव मिले।

करूर भगदड़ : फिर विजय से पूछताछ

■ पीटीआई, नई दिल्ली : CBI ने करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कषगम (TVK) प्रमुख और ऐक्टर विजय से सोमवार को एजेंसी मुख्यालय में दूसरे दौर की पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि विजय सुबह लग्जरी SUV के काफिले से लोधी रोड स्थित एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। उनसे एजेंसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई से चुने गए एक उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम की ओर से पूछताछ की जा रही है।

28 से कोस्टल साइक्लोथॉन शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : समुद्र तटीय इलाकों को सुरक्षित रखने के मकसद से सीआईएसएफ 28 जनवरी से दूसरी वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन-2026 का आयोजन कर रहा है। 25 दिनों के आयोजन में सीआईएसएफ के 195 जवान देश के 6500 किलोमीटर से अधिक के कोस्टल एरिया को साइकल से कवर करेंगे। इनमें 65 महिलाएं भी शामिल होंगी।

पाकिस्तान नाम लिए बिना पोलैंड को दो-टूक

कहा-सीमा पार आतंकवाद को खाद और पानी न दें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की (Radoslaw Sikorski) को तीखा संदेश दिया। पाकिस्तान का नाम लिए बिना जयशंकर ने सिकोरस्की से कहा कि उनके देश को सीमा पार आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त न करने की नीति) अपनानी चाहिए। उम्मीद है, पोलैंड हमारे पड़ोस में आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर को खाद-पानी देने में मदद नहीं करेगा।

जयशंकर ने इशारों में पोलैंड के विदेश मंत्री बीते साल अक्टूबर में पाकिस्तान यात्रा का जिक्र किया। इस दौरान पोलैंड और पाकिस्तान के बीच साझा बयान भी जारी हुआ था, जिसमें पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया था। उस बयान में कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर और यूक्रेन सहित सभी मुद्दों का हल अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक किया जाना चाहिए।

सिकोरस्की तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। जयशंकर ने उनसे कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अपरिचित नहीं हैं। सीमा पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से निश्चित रूप से परिचित हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।

जयशंकर ने भारत-पोलैंड संबंधों में आए सकारात्मक बदलावों पर भी बात की। जयशंकर ने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया में काफी उथल-पुथल मची हुई है। दोनों ही देशों के समक्ष अपनी चुनौतियां और अवसर हैं, ऐसे में विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान स्पष्ट रूप से उपयोगी है। हमारे संबंधों में लगातार प्रगति हुई है, फिर भी, इसे संभालने की जरूरत है।

IANS

पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। जयशंकर ने उनके पाक दौरे का जिक्र कर टेररिज्म पर तीखा संदेश दिया।

टैरिफ पर चिंताओं से पोलैंड सहमत

रूस-यूक्रेन संघर्ष और इसके चलते भारी भरकम टैरिफ लगाने के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत को सेलेक्टिव तौर पर निशाना बनाने का मुद्दा भी उठाया। जयशंकर ने कहा कि इस तरह टारगेट करना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। भारत अपने हितों के खिलाफ किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड को स्वीकार नहीं करेगा। जयशंकर के इस बयान को रूसी तेल पर पश्चिमी देशों की आलोचना के रूप में देखा गया। सिकोरस्की ने टैरिफ पर भारत की चिंताओं से पूरी तरह सहमति जताई।

रूसी सैन्य अभ्यास में भारत क्यों?

पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने रूसी सैन्य अभ्यास 'Zapad' में भारत के हिस्सा लेने का मामला भी उठाया है। उन्होंने कहा कि हम सब की क्षेत्रीय चिंताएं होती हैं। हम सबके पड़ोसी होते हैं, जिनके साथ चुनौतियां और अवसर दोनों होते हैं, इस मुद्दे पर बात हुई है। जैसा कि शुरुआत में हमने कहा कि आतंकवाद पर हम सब एक ही विचार रखते हैं। हमारी भी चिंताएं हैं। भारत ने भी रूस में जैपैड अभ्यास में हिस्सा लिया था, जिसे हम धमकी भरा मानते हैं। हमने इस पर चर्चा की है।

काबुल में ब्लास्ट

7 मौतें, घायलों में चीन के लोग भी

■ एएफपी, काबुल : अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को ब्लास्ट हुआ। तालिबान के गृह मंत्रालय ने कहा कि धमाका शहर-ए-नौ इलाके के चीनी रेस्तरां में हुआ, जिसे काबुल के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। इस इलाके में विदेशी नागरिक भी रहते हैं। विस्फोट में 7 की जान गई और 14 लोग घायल हैं, जिनमें दो चीन के नागरिक भी हैं। माना जाता है कि इस हमले का टारगेट होटल में मौजूद चीनी नागरिक हो सकते हैं। किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय टीवी पर प्रसारित विडियो में लोग सड़क पर दिख रहे हैं और पीछे धुआं और धूल उड़ती नजर आ रही है।



लगातार चौथे साल घटी आबादी, बूढ़ा हो रहा चीन

चीन की आबादी लगातार चौथे साल घटी है। साल 2025 में यह 33.9 लाख घटकर 1.4 अरब रह गई। पीढ़ियों तक 'एक बच्चा नीति' के जरिये आबादी सीमित रखने के बाद अब चीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए राजी करना है। कभी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश रहा चीन अब भारत के बाद दूसरी बड़ी आबादी वाला देश है। फिर भी उसकी कुल जनसंख्या लगातार घट रही है।

FILE

1968 के बाद सबसे ज्यादा मृत्यु दर

1.13 करोड़ मृत हुए 2025 में, मृत्यु दर 1000 लोगों पर 8.04 हो गई, जो 1968 के बाद सबसे ज्यादा है।

76 साल में सबसे कम जन्म दर

2025 में 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, 2024 में 95.4 लाख जन्मे थे, जन्मदर 1000 पर 5.63 रही, जो 1949 में चीन की स्थापना के बाद सबसे कम है।

2100 तक आधी आबादी बूढ़ी होगी

2025 के अंत में 60+ आबादी 32.3 करोड़ थी, जो कुल आबादी का 23% है। ये 2035 तक 40 करोड़, 2100 तक आधी आबादी इस दायरे में होगी।

20% घटीं शादियां

पिछले साल चीन में शादियों में करीब 20% की गिरावट आई। कम शादियां होने का सीधा असर जन्म दर पर पड़ता है। दरअसल ज्यादातर युवा शादी और परिवार शुरू करने से बच रहे हैं। हालांकि सरकार ने जन्म दर बढ़ाने के लिए बच्चों को देशभक्ति से जोड़ा है। कॉन्डम और गर्भनिरोधक दवाओं पर टैक्स लगाया है। (एपी)

नोबेल नहीं दिया, अब ग्रीनलैंड चाहिए: ट्रंप

■ एपी, ओस्लो (नॉर्वे)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की अपनी मुहिम को नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने से जोड़ दिया है। ट्रंप ने नोबेल देने वाले देश नॉर्वे के पीएम योनेस गारस्तोर (Jonas Gahr Støre) को पत्र लिखकर कहा है कि आपके देश ने मुझे 8 युद्धों को रोकने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया। ऐसे में मैंने दुनिया में शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। यह जिम्मेदारी अकेले मेरी नहीं है। अब मैं इस बारे में सोचूंगा कि अमेरिका के लिए क्या सही है, क्या हित में है।

ट्रंप ने माना कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश नोबेल न मिलने की उनकी झुंझलाहट से जुड़ी है। साथ ही, संकेत दिया कि अब वह ग्रीनलैंड पर कब्जे की दिशा में कड़े कदम उठा सकते हैं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर डेनमार्क की संप्रभुता को लेकर भी सवाल उठाया। उधर, नॉर्वे के पीएम ने ट्रंप का संदेश मिलने की पुष्टि की और कहा कि ग्रीनलैंड पर नॉर्वे का रुख साफ है। वह डेनमार्क का हिस्सा है। जहां तक नोबेल है, हम ट्रंप को बता चुके हैं कि यह पुरस्कार स्वतंत्र नोबेल कमिटी देती है, नॉर्वे की सरकार नहीं।

ट्रंप ने कहा, शांति मेरी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है।

FILE

नॉर्वे के पीएम योनेस (बाएं) ने ट्रंप का संदेश मिलने की पुष्टि की।

स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर, 39 की मौत

AFP



■ स्पेन के दक्षिणी हिस्से में रविवार रात हाई स्पीड ट्रेन का पिछला हिस्सा पटरी से उतर गया। इसके कुछ डिब्बे दूसरी ट्रेन से टकरा गए। इस हादसे में 39 जानें गईं और 160 अन्य यात्री घायल हुए हैं। कुछ लापता हैं।

■ स्थानीय समय के मुताबिक रविवार शाम मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन डीरेल हुई। इसके डिब्बे मैड्रिड से हुएलवा जा रही दूसरी ट्रेन से टकराए। इसे एक दशक में स्पेन का सबसे बड़ा हादसा बताया जा रहा है।

■ कई यात्रियों ने कहा कि यह सब किसी हॉरर फिल्म जैसा था। इस दुर्घटना के कारण सोमवार को 130 से अधिक ट्रेनें रद्द की गईं। स्थानीय मंत्री ने कहा, मृतकों की तादाद बढ़ सकती है।

SC ने कहा- हवाई किराये में मनमानी बढ़ोतरी यात्रियों का शोषण, दखल देंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और विशेष अवसरों पर हवाई किरायों में होने वाली बेतहाशा बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि वह एयरफेयर में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव के मामले में हस्तक्षेप करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे यात्रियों का शोषण कहा। जनहित याचिका में निजी एयरलाइंस के किराये, अतिरिक्त शुल्क को कंट्रोल करने के लिए गाइडलाइंस बनाने की मांग की गई है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और नियामक संस्था DGCA से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, 'हम निश्चित रूप से इसमें हस्तक्षेप करेंगे। कुंभ और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों के शोषण को देखिए। दिल्ली से प्रयागराज और जोधपुर के हवाई किरायों पर नजर डालिए।' केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक से अदालत ने इस मुद्दे पर जवाब मांगा। जस्टिस मेहता ने हल्के-फुल्के अंदाज में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हो सकता है अहमदाबाद के लिए किराया नहीं बढ़ा हो, लेकिन जोधपुर जैसी जगहों के लिए किराया काफी बढ़ गया है। केंद्र की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी के लिए तय की है। 17 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायण की ओर से दायर इस याचिका पर सुनवाई की। याचिका में दावा किया गया है कि निजी एयरलाइंस ने बिना किसी ठोस कारण के इकोनॉमी क्लास के यात्रियों के लिए मुफ्त चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दी है, जिससे पहले टिकट में शामिल सेवा को नया राजस्व स्रोत बना दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि अभी में कोई भी प्राधिकरण ऐसा नहीं है जो हवाई किरायों या अतिरिक्त शुल्कों की समीक्षा या सीमा तय कर सके, जिससे एयरलाइंस को छिपे हुए शुल्क और अनियंत्रित कीमतों के जरिए उपभोक्ताओं का शोषण करने की खुली छूट मिल गई है। आरोप लगाया गया है कि त्योहारों, आपात स्थितियों या खराब मौसम में मनमाने किराये गरीब और अंतिम समय में यात्रा करने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।



■ सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइंस बनाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और DGCA से मांगा जवाब

■ समय मांगे जाने पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी के लिए तय की है

लोकल सर्कल्स के सर्वे में यात्रियों की राय

इंडिगो पर जुर्माने और कार्रवाई से खुश नहीं हैं 61% यात्री

■ NBT रिपोर्ट: इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में बार-बार हो रही गड़बड़ियों और मुआवजा न मिलने को लेकर अब यात्रियों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है। लोकल सर्कल्स के सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर हवाई यात्री सरकार और DGCA की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। सर्वे के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट में गड़बड़ियों से प्रभावित यात्रियों में से 61% का मानना है कि एयरलाइन कंपनी पर लगाया गया 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना और एक सीनियर वाइस प्रेजिडेंट स्तर के अधिकारी को हटाने की कार्रवाई बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

सरकार ने इंडिगो पर अब तक जो कार्रवाई की है, क्या यह पर्याप्त है?



■ इंडिगो की उड़ानों में गड़बड़ियों पर मुआवजा न मिलने पर यात्रियों का गुस्सा दिखा

■ यात्रियों ने कहा, इंडिगो ने कैश मुआवजा देने की जगह ज्यादातर मामलों में ट्रैवल वाउचर दिया

तोड़फोड़ के विडियो वायरल हुए, तो CM को काशी में करनी पड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस

मणिकर्णिका घाट के रेनोवेशन पर आखिर हंगामा क्यों बरपा?

■ विकास पाठक, वाराणसी

NBT EXPLAINER

काशी की पुरातन काया को बचाते हुए उसे नया कलेवर देने का काम जारी है। इसी बीच महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के रेनोवेशन के दौरान मूर्तियां और प्राचीन धरोहरें प्रभावित होने से विवाद शुरू हो गया है। इनमें लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की चार मूर्तियां शामिल हैं। बुलडोजर से घाट किनारे मढ़ी (पत्थर का बड़ा चबूतरा) तोड़े जाने पर दीवारों पर लगीं मूर्तियां मलबे में गिरी देखी गईं। इससे जुड़े कुछ विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो विपक्ष हमलावर हो गया। विवाद बढ़ा तो सीएम योगी आदित्यनाथ को काशी आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'मणिकर्णिका घाट पर कोई मंदिर-मूर्ति तोड़ी नहीं गई है, बल्कि मूर्तियों को संरक्षित किया गया है।' विडियो को योगी ने एआई जेनरेटेड बताकर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा कर दिया।

क्या है प्रोजेक्ट?

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के मुताबिक, 28 करोड़ की लागत से मणिकर्णिका घाट का कायाकल्प होना है। पहले चरण में सीढ़ियां बनाने के लिए खुदाई के दौरान मढ़ी ध्वस्त होने पर मूर्तियां टूटने को लेकर विवाद हुआ। घाट पर दो फ्लोर में 36 आधुनिक शवदाह प्लैटफॉर्म बनेंगे। तीन बड़ी चिमनी लगाई जाएंगी। दो टॉइलट, लकड़ी भंडारण स्थल और वेटिंग हॉल का निर्माण होगा।

काशी पहुंचे ट्रस्ट के अध्यक्ष, मांगी अहिल्याबाई की मूर्तियां



रेनोवेशन के बाद इस तरह दिखेगा महाश्मशान मणिकर्णिका घाट

मढ़ी को नहीं मान सकते मंदिर : मंत्री

योगी सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल और काशी के महापौर अशोक तिवारी ने सफाई देते हुए कहा है कि लोग घर के दरवाजे पर गणेश जी की प्रतिमा लगाते हैं तो उसे मंदिर नहीं मान सकते हैं। इसी तरह काशी में घाटों पर जगह-जगह पत्थर की मढ़ियां बनी हैं, जिसका इस्तेमाल लोग बैठने और योग के लिए करते हैं। मढ़ी की दीवारों पर मूर्तियां लगी थीं तो उसे मंदिर नहीं कहेंगे। हालांकि, उन्होंने माना कि रेनोवेशन के दौरान ठेकेदार ने मढ़ी में लगी मूर्तियों पर ध्यान नहीं दिया और उसे तोड़ दिया। उस पर कार्रवाई होगी।

परिषद ने चेताया

श्रीकाशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष पद्मभूषण आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक में जुड़े जिला प्रशासन के अधिकारियों ने माना कि मढ़ी की दीवारों पर लगी मूर्तियां प्रभावित हुई हैं। महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी का कहना है कि आगे धार्मिकस्थलों के रेनोवेशन के वक्त मूल स्वरूप को संरक्षित करने पर ध्यान दिया जाए। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने भी चिंता जताई है।

क्या बोला विपक्ष?

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने X पर लिखा कि भाजपाई यह काम सिर्फ पैसा कमाने के लिए कर रहे हैं। उनको न काशी से मतलब है और न काशीवासियों से। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का कहना है कि काशी की पहचान मिटाने की साजिश बंद होनी चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। यूपी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय लगातार हमलावर हैं।

अहिल्या बाई ट्रस्ट के अध्यक्ष और राजपरिवार के प्रतिनिधि यशवंत राव होलकर खुद इंदौर से काशी पहुंचे और नाराजगी जताई। मणिकर्णिका घाट की पवित्र मिट्टी माथे से लगा राजमाता की विरासत संरक्षित और सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराया। ट्रस्ट ने अहिल्याबाई की सभी मूर्तियों को सुपुर्द करने के लिए जिला प्रशासन को सात दिन दिए हैं। वहीं, डीएम सत्येंद्र कुमार का कहना है कि अहिल्याबाई की मूर्तियों समेत अन्य धरोहरों को नुकसान नहीं पहुंचा है। मूर्तियों को संस्कृति विभाग के परिसर में सुरक्षित रखा गया है। रेनोवेशन के बाद उनको सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा, जैसा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के समय किया गया था। लेकिन पेच यह फंसा है कि प्रशासन दो मूर्तियों की बात कर रहा है, जबकि ट्रस्ट ने चार मूर्तियां मांगी हैं।

दो सांसदों समेत 8 के खिलाफ FIR

मणिकर्णिका घाट को लेकर एआई जेनरेटेड विडियो और फोटो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में आप सांसद संजय सिंह, कांग्रेस के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, व हरियाणा की कांग्रेस नेता जसविंदर कौर समेत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

दिल्ली, मुंबई समेत 4 एयरपोर्ट पर लगे फुल बॉडी स्कैनर

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली और मुंबई समेत देश के 4 एयरपोर्ट पर फुल बॉडी स्कैनर लगा दिए गए हैं। इनमें दिल्ली और मुंबई के अलावा बेंगलुरु और कोच्चि एयरपोर्ट शामिल हैं। CISF अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इन सभी को अभी ट्रायल आधार पर ही लगाया गया था और यह खरे उतरे हैं। इनको स्थायी रूप से लगाने के लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) को लिखा गया है। उम्मीद है कि जल्द एनओसी मिल जाएगी। इसके बाद इनका कमर्शल इस्तेमाल शुरू कर दिया जाएगा। इसमें फिर और भी एयरपोर्ट जोड़े जाएंगे। दिल्ली और मुंबई समेत देश के कुछ अन्य अति-संवेदनशील एयरपोर्ट पर CISF अब फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS) से लैस CCTV कैमरे लगा रही है। CISF के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके लिए AI का इस्तेमाल किया जा रहा है।

कहां लगाया जाएगा अग्निवीरों को

सरकार की पॉलिसी के तहत CISF और बीएसएफ जैसे तमाम सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में भी अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। अग्निवीरों का पहला बैच इस साल आएगा, जो नेवी का होगा। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि यह नेवी से ट्रेंड होंगे। ऐसे में इनका पोर्ट पर इस्तेमाल करना अच्छा साबित हो सकता है।

अमावस्या पर रची गई थी मेरी हत्या की साज़िश : शंकराचार्य

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या पर माघ मेला स्नान के लिए जाते समय उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। उनके सेवकों को पुलिस घसीटकर ले गई। इसके बाद उनको भी पालकी से उतरने के लिए कहा जा रहा था। शंकराचार्य ने कहा, 'इतिहास गवाह है, जब-जब राजा रथ से उतरा है, तब-तब दुश्मन अपने मंसूबों में सफल हुए हैं। इसीलिए मैं सेवकों और संत समाज की संतुष्टि के लिए पालकी से नीचे नहीं उतरा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेले में घुमाया जाता रहा।' शंकराचार्य और माघ मेला प्रशासन के बीच रविवार को शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शंकराचार्य शिविर के बाहर धरने पर बैठे हैं। वहीं, शंकराचार्य के आरोपों के बाद मेला प्रशासन ने भी सफाई दी।

बोले, जब तक सम्मानपूर्वक स्नान नहीं कराया जाएगा, शिविर के बाहर ही बैठे रहेंगे

मेला दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि किसी को भी संगम स्नान से नहीं रोका गया है। उनके आरोप निराधार हैं। वहीं, डीएम मनीष कुमार वर्मा और मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य नहीं हैं। उनका जो शिविर है, वह बद्रिकाश्रम के नाम पर आवंटित है।

सतुआ बाबा बीमार, गाड़ियां भी नदारद

शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच हुए विवाद में शंकराचार्य ने परोक्ष रूप से सतुआ बाबा का भी नाम लिया। कहा- अधिकारी कुछ संतों के यहां रोटियां सेंक रहे हैं और उन्हें VIP प्रोटोकॉल के साथ स्नान कराया जा रहा है। इस बीच सोमवार को सतुआ बाबा ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। बताया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उनके शिविर में पिछले कुछ दिनों से चर्चा का कारण बनी करोड़ों की गाड़ियां भी नदारद थीं। वहीं, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

अशरफ आज़मी BMC में होंगे कांग्रेस के ग्रुप नेता

कोकण आयुक्त को आज दी जाएगी जानकारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

कुर्ला से तीसरी बार नगरसेवक चुने गए अशरफ आज़मी को बीएमसी में कांग्रेस पार्टी का ग्रुप नेता चुना गया है। पार्टी इस संदर्भ में मंगलवार को कोकण आयुक्त को जानकारी देगी। कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने एनबीटी को बताया कि बीएमसी में कांग्रेस पार्टी का ग्रुप नेता अशरफ आज़मी को बनाया गया है। गौरतलब है कि वंचित बहुजन आघाडी, आरएसपी और आरपीआई (गवई) के साथ गठबंधन में हालिया चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को बीएमसी के इतिहास में सबसे कम सीटों पर जीत मिली है। इसलिए सदन में पार्टी की आवाज को दमदारी से उठाने के लिए पार्टी को एक सक्षम चेहरे की तलाश थी। ग्रुप नेता बनने की रेस में पूर्व नेता प्रतिपक्ष ज्ञानराज निकम और ट्यूलिप मिरांडा भी थे। अशरफ को भतीजी भी पास के प्रभाग क्रमांक 167 से चुनाव जीती है

अहम जिम्मेदारी: अशरफ आजमी पर उद्धव सेना के समकक्ष पार्टी को विपक्ष में खड़ा करने की चुनौती होगी। समाजवादी पार्टी में रह चुके आजमी 2017 के चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे। उनके भाई अशरफ कांग्रेस के उत्तर मध्य मुंबई के जिलाध्यक्ष भी हैं। अशरफ कालीना विधानसभा से टिकट के भी दावेदारी कर रहे थे। मूल रूप से आजमगढ़ के अशरफ कुशल वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। बीएमसी में कांग्रेस के टिकट पर जीते 24 में से 14 नगरसेवक मुस्लिम हैं। एआईएमआईएम के बढ़ते प्रभाव के बीच कांग्रेस को मुस्लिम वोटरों को साथ जोड़े रखने के लिए एक दमदार चेहरे की भी तलाश है।

यशवंत किल्लेदार मनसे के नेता

मनसे ने बीएमसी में यशवंत किल्लेदार को ग्रुप नेता चुना है। दादर से मैदान में उतरे यशवंत किल्लेदार ठाकरे बंधुओं के गठबंधन के उम्मीदवार थे। उन्होंने शिंदे सेना की प्रीति पाटणकर को चुनाव में हराया था। पिछली बार मनसे के ग्रुप नेता रहे संदीप देशपांडे इस बार चुनाव नहीं लड़े थे। लेकिन उनकी आक्रामक छवि जारी रखने की चुनौती किल्लेदार पर होगी।

BJP, उद्धव सेना में भी कई नाम

सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली बीजेपी के पास सभागृह नेता पद के लिए कई दावेदार हैं। मुलुंड से चुने गए प्रभाकर शिंदे रेस में सबसे आगे हैं। इसके अलावा, गणेश खणकर, प्रकाश गंगाधरे भी प्रमुख नाम हैं। गणेश खणकर को पिछली बार मनोनीत नगरसेवक बनाया गया था, फिर जिलाध्यक्ष बनाने के बाद उनकी जगह भालचंद्र शिरसाट की नियुक्ति कर दी गई थी।

बजट में होगी देरी

नियमों के मुताबिक, 5 फरवरी से पहले बीएमसी का बजट पेश किया जाना जरूरी होता है। लेकिन फरवरी के पहले सप्ताह में विभिन्न समितियों के चुनाव होने के चलते बजट पेश करने में देरी हो सकती है। इस संदर्भ में बीएमसी की ओर से राज्य सरकार को अनुरोध किया गया है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

जूलरी शॉप के कर्मचारी ही 6.79 करोड़ के आभूषण चुराकर फरार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बोरीवली में एक आभूषण की दुकान पर स्टाफ के ही 2 लोगों ने कथित तौर पर लगभग 6.79 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर चोरी कर लिए। इनमें सोने के आभूषण, हीरे और चांदी की छड़ें शामिल हैं। पुलिस ने बताया, आरोपियों की पहचान प्रभु सिंह और नारायण सिंह के रूप में हुई है। दोनों राजस्थान के निवासी हैं और आईसी कॉलोनी स्थित होली क्रॉस रोड के रोजमार बिल्डिंग में स्थित माय गोल्ड प्वाइंट में काम करते हैं। दुकान मालिक राकेश पोरवाल की शिकायत पर एमएचबी पुलिस ने दोनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। स्थानीय पुलिस और अपराध शाखा की टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

- दुकान मालिक की शिकायत पर FIR दर्ज, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश
- चोरी गए सामान में सोने के आभूषण, हीरे और चांदी की छड़ें शामिल

एफआईआर के अनुसार, चोरी मंगलवार रात 10:30 से बुधवार दोपहर 1:30 बजे के बीच हुई। इसमें 15 लाख का एक सॉलिटेयर हीरा, 800 ग्राम और 1 किलो की 2 चांदी की छड़ें, 650 ग्राम सोना, 100 ग्राम के 24 कैरेट के 2 सोने के बिस्किट, 23 मंगलसूत्र, 235 से अधिक झुमके, 325 अंगूठियां, 50 कंगन, 85 चेन समेत अन्य आभूषण शामिल हैं।

File Photo

मुंबई एयरपोर्ट पर बॉडी स्कैनर और AI वाले CCTV

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई और दिल्ली समेत देश के 4 बड़े एयरपोर्ट पर बॉडी स्कैनर लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया, इन सभी को फिलहाल ट्रायल आधार पर लगाया गया था, लेकिन ट्रायल के दौरान यह अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं। इस बारे में इन्हें एयरपोर्ट पर स्थाई रूप से लगाने के लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) को पत्र लिखा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही वहां से इन्हें लगाने के लिए एनओसी मिल जाएगी। इसके बाद इनका पूरी तरह से कमर्शियल इस्तेमाल शुरू हो जाएगा। इसके बाद कई अन्य एयरपोर्ट पर भी यह व्यवस्था होगी। इस लिस्ट में बेंगलुरु और कोच्चिन एयरपोर्ट भी शामिल हैं।

- मुंबई के अलावा दिल्ली समेत अन्य एयरपोर्ट पर लगेंगे
- जल्द शुरू होगा कमर्शल यूज, अग्निवीर संभालेंगे एयरपोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था

दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर CCTV कैमरों में लगे FRS: दिल्ली और मुंबई समेत देश के कुछ अन्य अति-संवेदनशील एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ अब फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS) से लैस सीसीटीवी कैमरे लगा रही है। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर इन्हें बड़ी संख्या में इंस्टॉल किया गया है। इसके लिए एआई का भी इस्तेमाल हो रहा है। इसमें अभी लावारिस वस्तु, संदिग्ध ऑब्जेक्ट और एक ही जगह पर देर से खड़े या बैठे शख्स के बारे में सिस्टम कंट्रोल रूम में अलर्ट भेज रहा है, लेकिन आने वाले समय में इस सिस्टम में वॉन्टेड आतंकी और गैंगस्टरों के फोटो भी रिकॉर्ड में डाले जाएंगे।

अग्निवीरों की भी की जाएगी तैनाती! पॉलिसी के तहत सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे तमाम सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में भी अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। अग्निवीरों का पहला बैच इस साल आएगा, जो कि नेवी का होगा। अधिकारियों ने कहा, चूंकि यह नेवी से ट्रेंड होंगे। ऐसे में इनका पोर्ट पर बेहतर इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, अग्निवीरों का बेहतर इस्तेमाल किस यूनिट में किया जाएगा, इसकी स्टडी की जा रही है। उसके बाद अग्निवीरों के नए बैच को सरकार की भर्ती पॉलिसी के तहत सीआईएसएफ में भी भर्ती किया जाएगा।

मुंबई के तापमान में अचानक 2 डिग्री तक की आई गिरावट

'कोल्ड फ्रंट' बनी वजह, लेकिन अब बढ़ेगा तापमान | 24 जनवरी से तापमान में आएगी फिर से गिरावट

SL Shanth Kumar



यह नजारा वर्ली सी-फेस का है। यहां मुंबई के स्काईलाइन के ऊपर हल्के बादलों के बीच सूरज अपनी लालिमा बिखेर रहा है और सर्दियों की धुंध ने शहर को घेर रखा है।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महानगर में एक दिन में तापमान में अचानक लगभग 2.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में यह गिरावट किसी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की 'पूंछ' के कारण नहीं, बल्कि एक सक्रिय कोल्ड फ्रंट के गुजरने से हुई है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को जहां न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। वहीं, सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान लुढ़ककर कर 15.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। अधिकतम तापमान जो 31 डिग्री सेल्सियस था वह भी सोमवार को 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी ने बताया, यह कोल्ड फ्रंट पश्चिम से पूर्व दिशा में आगे बढ़ा। ऐसे कोल्ड फ्रंट के प्रभाव से तापमान में आमतौर पर 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाती है। यह ठंडा का असर थोड़े समय के लिए है। मंगलवार सुबह तक हल्की ठंडक बनी रह सकती है, लेकिन इसके बाद तापमान फिर से सामान्य होने लगेगा। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान पहले की तरह 31 से 32 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। 23 जनवरी के आसपास एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 24 जनवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट देखी जा सकती है।

मुंबई की हवा ठीक, AQI 100 के नीचे

मुंबई की वायु गुणवत्ता सोमवार को 100 एक्यूआई से कम दर्ज की गई, जिसे स्वास्थ्य के लिए ठीक माना जाता है। वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग करने वाले सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के ऐप समीर की रीडिंग के अनुसार, सोमवार को वायु गुणवत्ता 86 एक्यूआई दर्ज की गई। पवई में सबसे अच्छी वायु गुणवत्ता 50 एक्यूआई रही। इसके अलावा अन्य जगहों पर 51 से 100 एक्यूआई के बीच वायु गुणवत्ता दर्ज की गई। हालांकि बोरीवली बांद्रा, कुर्ला और गोवंडी में वायु गुणवत्ता 101 से 105 एक्यूआई दर्ज की गई, जिसे असंतोषजनक माना जाता है।

STP न होने पर बिल्डिंगों को OC जारी न करें: HC

Krishna.Shukla@timesofindia.com



■ मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने सभी महानगरपालिकाओं, नगरपरिषद, ग्राम पंचायत समेत अन्य सभी अथॉरिटी को यह निर्देश दिया है कि वे ऐसी हाइराइज बिल्डिंग को तब तक ओसी न दें, जब तक बिल्डिंग के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का निर्माण न किया जाए। कंस्ट्रक्शन काम प्लान के अनुसार होने पर ही स्थानीय निकाय ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (OC) जारी करें। कोर्ट ने सभी स्थानीय निकायों को निर्माण कार्य स्थिति का जायजा लेने के लिए एक अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी की बेंच ने कहा, यदि बिल्डिंग की सीवेज लाइन स्थानीय निकाय मल निकासी पाइप लाइन से नहीं जोड़ी जाती है, तो कड़ा रुख अपनाया जाए। इस तरह के बिल्डर व कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की दिशा में कदम उठाए जाएं। कोर्ट में बदलापुर के एक किसान की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिसकी जमीन पर बिल्डिंग का गंदा पानी आने से वह खेती नहीं कर पा रहा था। यह याचिका ऐडवोकेट अविनाश फटांगरे के जरिए दायर की गई थी। कोर्ट ने पाया कि सीवेज लाइन न होने के चलते गंदा पानी सीधे उल्हास नदी में छोड़ा जाता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देशों को लागू करने में कुलगांव नगर परिषद के अधिकारियों की उदासीनता सामने आई है। क्षेत्र में कुल 438 अवैध निर्माण का खुलासा हुआ था। बेंच ने कहा, यदि स्थानीय निकाय ने अंडरग्राउंड सीवेज लाइन की व्यवस्था की है, तो हाइराइज बिल्डिंग अपने सीवेज सिस्टम को स्थानीय निकाय की पाइपलाइन से कनेक्ट करें।

...तो जिम्मेदार अधिकारी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

बेंच ने कहा, यदि अब पता चला कि कहीं सीवेज लाइन की सुविधा नहीं है, और उसे ओसी जारी हुई है, तो हम न सिर्फ बिल्डर और कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय निकाय के जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे। बेंच ने मामले को लेकर गठित कमिटी को कम से कम 15 दिन में एक बार बैठक करने को कहा है और बैठक के निष्कर्ष से जुड़ी रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है। मामले में बेहतर समन्वय के लिए बेंच ने ठाणे कलेक्टर को अदालत द्वारा गठित कमिटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया है, जो 21 जनवरी को कमिटी की होने वाली बैठक की अगुवाई करेंगे। 28 जनवरी को याचिका पर अगली सुनवाई होगी।

ठाकरे गुट के 2 नगरसेवक 'नॉट रीचेबल'

■ NBT न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में सत्ता गठन को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। ठाकरे गुट के 2 नगरसेवक मधुर म्हात्रे और कीर्ति ढोणे के 'नॉट रीचेबल' होने से सियासी हलचल और अटकलें बढ़ गई हैं। हालात को भांपते हुए ठाकरे गुट ने सख्त रुख अपनाया है। पार्टी ने अपने सभी नगरसेवकों को गट स्थापना की बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि बैठक में गैरहाजिर रहने पर कार्रवाई की जाएगी। कल्याण जिला अध्यक्ष शरद पाटिल ने खुद दोनों नगरसेवकों के घर जाकर नोटिस सौंपे।

मुंबई को 'टैलेंट कैपिटल' बनाने की मुहिम हुई तेज़

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के साथ ही मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने मुंबई को भारत और एशिया टैलेंट कैपिटल बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। टैलेंट कैपिटल विकसित करने के लिए एमएमआरडीए ने दावोस में बर्कले यूनिवर्सिटी के साथ करार किया है।

दावोस में बर्कले यूनिवर्सिटी से किया गया करार

करार के तहत बर्कले यूनिवर्सिटी एकेडमिक एक्सचेंज, रिसर्च कोलेबोरेशन और अर्बन डेवलपमेंट में इनोवेशन समेत अन्य क्षेत्र में मदद करेगी। एमएमआरडीए अपने 'तीसरी मुंबई' प्रोजेक्ट के तहत नवी मुंबई के करीब एजुकेशन हब विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए सरकार पहले ही विश्व की कई यूनिवर्सिटीज के साथ करार कर चुकी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में एमएमआरडीए डॉ. संजय मुखर्जी भी दावोस गए हुए हैं।

अर्थव्यवस्था मज़बूत करने के प्रयास जारी

जानकारी के अनुसार, दावोस दौरे के पहले दिन एमएमआरडीए ने एमएमआर के विकास के लिए विभिन्न देशों के संस्थानों के साथ 10 करार किए हैं। इस कड़ी में पहले दिन डॉ. मुखर्जी ने यूके की 'क्रॉसरेल इंटरनैशनल' कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पॉल डायसन से मुलाकात की। बैठक के दौरान मेट्रो और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर चर्चा हुई। बता दें कि सरकार राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के तौर पर विकसित करने की योजना पर काम कर रही है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-19-2026 23:19 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 20 जनवरी 2026 > पौष 30 शक 1947 माघ शुक्ल द्वितीय, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 17 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001 205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001 200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

'शाहरुख संग नैशनल अवॉर्ड जीतना खास पल'

▶p8



ट्रंप ने कहा, नोबेल नहीं दिया, अब ग्रीनलैंड चाहिए

▶p10

125 दिन
की रोज़गार गारंटी

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G

(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025

अब गांव के लोग खुद बनाएंगे विकसित ग्राम पंचायत योजना

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

CBC 33101/13/0056/2526

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 9

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-8

सर्राफा
सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
मुंबई : 143370 (+2344)
चांदी - .999 टंच प्रति किलो
मुंबई : 290975 (+12085)

अर्थसार
सेंसेक्स : 83,246.18 (-324.17)
निफ्टी : 25,585.50 (-108.85)
रुपया/यूएस डॉलर : 90.95 (+0.079)
रुपया/यूरो : 105.631 (+0.141)

मौसम
कोलाबा 29.0 19.0
सांताक्रूज 27.5 15.9
सूर्यास्त मंगलवार 6:24 बजे
सूर्योदय बुधवार 7:15 बजे

पश्चिम बंगाल में गड़बड़ी वाले 1.25 करोड़ नाम बताएं: SC

कहा, दस्तावेज के तौर पर स्वीकार करें 10वीं का एडमिट कार्ड

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कई निर्देश दिए। अदालत ने तार्किक विसंगति कैटिगरी में रखे गए लोगों का वेरिफिकेशन पारदर्शी तरीके से करने के लिए कहा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने निर्देश दिया कि जिन्हें इस कैटिगरी का हवाला देते हुए नोटिस भेजे गए हैं, उनकी लिस्ट प्रकाशित की जाए। यह लिस्ट पंचायत और ब्लॉक ऑफिस में प्रकाशित करनी होगी। अदालत ने यह नोट किया कि लगभग 1.25 करोड़ नोटिस भेजे गए हैं। उनमें माता-पिता के नामों में गड़बड़ी, उनके साथ उम्र का अंतर कम होना कारण बताए गए हैं। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि राज्य बोर्ड की ओर से जारी 10वीं का एडमिट कार्ड एन्युमरेशन के लिए वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को निर्वाचन आयोग से नोटिस प्राप्त हुए हैं, वे अपने दस्तावेज या आपत्तियां अधिकृत एजेंटों के माध्यम से पेश कर सकते हैं। ऐसे एजेंट BLA भी हो सकते हैं।

SIR मामले में चुनाव आयोग को दिए निर्देश | वेरिफिकेशन पारदर्शी तरीके से करने के लिए कहा



AI Image

'केवल वर्तनी के आधार पर नोटिस न भेजें'

आयोग की ओर से अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि केवल वर्तनी के अंतर के आधार पर नोटिस न भेजे जाएं। जहां माता-पिता के साथ आयु-अंतर 15 वर्ष या उससे कम है, वहां इसे 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के रूप में चिह्नित किया जाता है। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि मां और बेटे के बीच 15 वर्ष का आयु-अंतर कैसे तार्किक विसंगति हो सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे देश में बाल विवाह नहीं होते।

2 हफ्ते में लें मंत्री पर केस का फैसला : SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से कहा कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी मामले में मंत्री कुंवर विजय शाह पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने पर दो हफ्ते में फैसला ले।

कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने जांच की थी। इस मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। रिपोर्ट को मध्य प्रदेश सरकार की मंजूरी का इंतजार है। अदालत ने SIT को निर्देश दिया कि वह रिपोर्ट पेश करे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ टिप्पणियां की थीं।

22 जनवरी को निकलेगी मनपा मेयर के लिए आरक्षण लॉटरी

मेयर किस वर्ग से होगा यह लॉटरी से किया जाएगा तय

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** राज्य की बीएमसी सहित 29 महानगर पालिकाओं के लिए मेयर पद की आरक्षण लॉटरी 22 जनवरी को मंत्रालय में छठवें फ्लोर पर निकाली जाएगी। सरकार का नगर विकास विभाग यह लॉटरी निकालेगा। आरक्षण लॉटरी निकालने के बाद ही तय होगा कि मुंबई सहित अन्य महानगर पालिकाओं का मेयर कौन बनेगा। लॉटरी के जरिए यह तय किया जाएगा कि मेयर का पद किस वर्ग (सामान्य, महिला, पिछड़ा वर्ग, आदि) के लिए आरक्षित होगा। इस बार मेयर का पद रोटेशन नहीं, बल्कि नई लॉटरी के जरिए तय होगा। क्योंकि इस बार के चुनाव में जो रिजर्वेशन की लॉटरी निकली थी, वह भी नए सिरे से ही निकाली गई थी।

▶▶पेज 3

AI Image



उल्हासनगर : VBA के 2 नगरसेवक शिवसेना में

■ **NBT न्यूज, उल्हासनगर:** उल्हासनगर महानगरपालिका (UMC) की राजनीति में सोमवार को बड़ा सियासी घटनाक्रम हुआ। वंचित बहुजन आघाड़ी (VBA) के टिकट पर निर्वाचित दो नगरसेवकों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का ऐलान किया। इससे शिवसेना की सत्ता गठन की दावेदारी मजबूत हो गई। इसे बीजेपी के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। बीजेपी 37 नगरसेवकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। शिवसेना ने 36 सीटें जीती थीं।

▶▶पेज 4

महाराष्ट्र भारत का 'गेटवे ऑफ इंडिया': फडणवीस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** ज्यूरिख पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का जोरदार स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र मरोसेमंद है। हम जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। इसी कारण दुनिया के उद्योगपतियों और निवेशकों का महाराष्ट्र पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की दिशा में मजबूत आधार और इकोसिस्टम तैयार किया है। उसी के आधार पर इस वर्ष भी महाराष्ट्र में भारी मात्रा में निवेश आएगा। विदेशी निवेशकों के लिए महाराष्ट्र भारत का गेटवे ऑफ इंडिया है। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र औसतन 10% की विकास दर से आगे बढ़ रहा है, कोशिश है कि यह 2030 तक यह राज्य ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बने।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC | THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank | QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities | nirf 2025: 17th Among Indian Universities | NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA | ABET: ABET (US) Accreditation | IET Accredited Programme, The Institute of Engineering and Technology | Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN VOLUNTEERS

KIITEE 2026

APPLY NOW

through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)

Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 01-19-2026 23:13 Color:

सीएसएमटी के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इस साल मार्च तक प्लेटफॉर्म नंबर 6 के एक्सटेंशन का काम पूरा हो जाएगा। -p3

पालघर के वाढवण बंदर को चौथी मुंबई बनाने के विरोध में सोमवार को पालघर के कई संगठनों और ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकाला। -p4

132 रहा मुंबई का AQI सोमवार को, जो हानिकारक है।

15.9 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया सोमवार को। रात को ठंड महसूस की गई।

'बच्चों-महिलाओं की मौत पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं'

अमरावती में कुपोषण से हुई मौतों के मामले में कोर्ट की टिप्पणी

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि प्रदेश के मेलघाट और विभिन्न आदिवासी इलाकों में नवजात शिशुओं, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की मौत को लेकर राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस नजरिया अपनाए, ताकि ऐसे बच्चों की मौत रोकी जा सके। इससे पहले कोर्ट बताया गया कि सिकल सेल सिंड्रोम, एनिमिया, कम उम्र में लड़कियों की शादी मौत के कारण हैं। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार एक प्रभावी रोडमैप तैयार करे, जिससे पर्याप्त मेडिकल सुविधाओं के अभाव में किसी को जान न गंवानी पड़े।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि हमें पीपीटी नहीं, मामले में ऐक्शन चाहिए

कई दशकों से इलाके में चले आ रहे मौत के सिलसिले पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

जस्टिस रविंद्र घुगे और जस्टिस अभय मंत्री की बेंच ने कहा है कि हमें इस मामले में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) नहीं, जमीन पर एक्शन चाहिए। लोगों का जीवन बचना चाहिए। उनके जीवन स्तर में सुधार होना चाहिए। सीकल सेल सिंड्रोम से होने वाली मौत रुकनी चाहिए। यदि ऐसा होगा और हालात सुधरेंगे, तो हम खुद अधिकारियों की सामने से प्रशंसा करेंगे। 27 फरवरी को कोर्ट ने अगली सुनवाई रखी है।

एक साल में 136 बच्चों की मौत

कोर्ट में मेलघाट इलाके में कुपोषण के कारण बच्चे, गर्भवती और बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिलाओं के मौत को उजागर करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। इस बीच सीनियर ऐडवोकेट जुगल किशोर गिलडा ने कहा कि जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच 136 बच्चों की मौत हुई है। हालांकि सरकारी वकील ने आंकड़े पर आपत्ति जताई। आदिवासी इलाकों में डॉक्टरों की नियुक्ति में उदासीनता दिखाई जाती है। महिला और बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति में उदासीनता दिखाई जाती है। प्रतिनियुक्ति पर डॉक्टरों की सेवा का रोस्टर बनाया गया है, लेकिन डॉक्टर इतनी दूर से आते हैं कि उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचने में सात से आठ घंटे लग जाते हैं। कई स्वास्थ्य केंद्र सड़क की पहुंच से दूर हैं। इसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कम अनुभव वाले डॉक्टरों को वहां तैनात किया जाता है, क्योंकि सीनियर डॉक्टर वहां जाने को तैयार नहीं होते हैं। इस जानकारी पर बेंच ने कहा कि वन्य अभ्यारण के चलते सड़क न बनाने का तर्क वैध नहीं हो सकता है। सड़क से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। इसलिए अभ्यारण के इलाके में सड़क का निर्माण अटका है। इसका इस्तेमाल इलाके में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास न करने कारण नहीं बताया जा सकता है।

AI Image

'निष्कर्ष की रिपोर्ट पेश करें'

इससे पहले अदालत को बताया गया कि बुरी तरह प्रभावित आदिवासी इलाकों में बच्चों की मौत को रोकने के लिए सरकार ने कई एक्सपर्ट कमिटी बनाई थी। इस पर बेंच ने कहा कि सरकार अगली सुनवाई के दौरान सारी कमिटियों के निष्कर्ष की एक रिपोर्ट पेश करे। साथ ही बताया जाए कि रिपोर्ट के आधार पर मौत को रोकने के लिए कौन से कदम उठाए गए हैं। बेंच ने साफ किया कि अदालत के निर्देशों को लागू करने के लिए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट बाधा नहीं बनेगी। यह बेहद गंभीर मामला है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

'तत्काल प्रभावी कदम उठाएं'

बेंच ने राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा, ताकि बच्चों और महिलाओं की मौत पर लगाम लगाई जा सके। उक्त विभाग यह भी सुनिश्चित करे कि डॉक्टरों के रहने का इंतजाम अस्पताल

और प्राथमिक सेंटर के करीब किया जाए,ताकि उनका समय बचे और वे कम से कम 5 से 6 घंटे स्वास्थ्य केंद्र में बिताए। वहीं सरकारी वकील ने कहा कि पिछले दिनों विभिन्न विभाग के आला अधिकारियों ने मेलघाट का दौरा किया था। उनकी रिपोर्ट आ चुकी है। सरकार इस मामले में प्रभावी सकारात्मक कदम उठा रही है। कई लाभकारी योजनाएं भी शुरू की गई हैं।

यह है मामला

नवंबर 2025 में सुनवाई के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बंडू साने ने महाराष्ट्र के मेलघाट समेत विभिन्न इलाकों में पांच सालों में 84,304 मौत के आंकड़े के खुलासा किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि उन्हें सूचना के अधिकार के तहत जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार 2020-21 से वर्ष 2025(26 सितंबर 2025) तक 84,304 बच्चों की मौत हुई है।

पाठक ने संभाला कोस्ट गार्ड कमांडर का पद

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** अतिरिक्त महानिदेशक एमवी पाठक ने सोमवार को मुंबई में कोस्ट गार्ड कमांडर (पश्चिमी तट) का कार्यभार ग्रहण किया। एमवी पाठक जुलाई 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए थे। उन्हें तटरक्षक बल के सभी वर्गों के जहाजों की कमान संभालने का अनुभव है। अपने अब तक के करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण तटीय एवं प्रशासनिक दायित्व निभाए हैं।

कोस्ट गार्ड कमांडर (पश्चिमी तट) का कार्यभार संभालने से पूर्व पाठक नई दिल्ली में उप महानिदेशक (CGSB) के पद पर थे। पाठक को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति तटरक्षक पदक' एवं 'तटरक्षक पदक' से सम्मानित किया जा चुका है। फ्लैग ऑफिसर ने कहा, उनकी प्राथमिकता राज्य एवं केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा को और सुदृढ़ करना है।

CET सेल ने आवेदन में अपार आईडी की चिंता को किया दूर

अब जन्मतिथि की गलती से रद्द नही होगा आवेदन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** स्टेट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपार आईडी और व्यक्तिगत विवरणों में अंतर को लेकर स्टूडेंट्स की चिंताओं को सीईटी सेल ने दूर किया है। सीईटी सेल ने कहा कि नाम, जन्मतिथि या अन्य डेमोग्राफिक जानकारी में अंतर होने से किसी भी उम्मीदवार का आवेदन रद्द नहीं होगा और उसे अपात्र भी नहीं माना जाएगा।

सीईटी सेल ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ शिकायतें और जानकारी सामने आई थीं, जिनमें कहा जा रहा था कि अपार आईडी नहीं बनने या व्यक्तिगत विवरणों में अंतर के कारण सीईटी आवेदन में दिक्कतें आ रही हैं। लेकिन इस तरह की दिक्कतों को लेकर स्टूडेंट्स को परेशान होने की जरूरत नहीं है। सीईटी सेल के अनुसार, अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया बेहद सरल है और इसके लिए दसवीं और बारहवीं की मार्कशीट से संबंधित विवरण भरना आवश्यक नहीं है। यानी जिन स्टूडेंट्स के पास फिलहाल शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, वे भी बिना किसी परेशानी के अपार आईडी बना सकते हैं और सीईटी का आवेदन भर सकते हैं।

AI Image



हेल्पडेस्क या सहायता केंद्र से संपर्क करें

सेल ने यह भी स्पष्ट किया कि छोटी-मोटी गलतियों का उम्मीदवार की पात्रता पर कोई असर नहीं पड़ता। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में उम्मीदवारों को अपने व्यक्तिगत विवरण खुद भरने की पूरी सुविधा दी गई है। स्टूडेंट आधार कार्ड, बारहवीं की प्रमाणपत्र या अन्य मान्य दस्तावेजों के अनुसार नाम, जन्मतिथि और अन्य जानकारी मैन्युअली दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा नाम भरने के लिए तीन अलग-अलग विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। सीईटी सेल ने कहा है कि किसी भी तकनीकी समस्या की स्थिति में सीईटी पोर्टल पर उपलब्ध अधिकारिक हेल्पडेस्क या सहायता केंद्र से संपर्क करें।

'कार्यकर्ताओं की इच्छा है शिवसैनिक मेयर हो, क्योंकि...'

बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जयंती का हवाला देते हुए बोले डीसीएम एकनाथ शिंदे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि बालासाहेब ठाकरे की 100 वीं जयंती पर शिवसैनिक को ही मेयर बनाया जाए। मुंबई का मेयर महायुति का होगा, इस संदर्भ में जल्द फैसला लिया जाएगा। वहीं, शिंदे की पार्टी के सभी नगरसेवकों को फाइव स्टार होटल में रखने के मुद्दे पर विरोधियों ने शिंदे सेना को घेरा। उन्होंने पूछा है कि आखिर शिंदे को किससे खतरा है? मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा है कि हमें अपने नगरसेवकों पर पूरा भरोसा है, इसलिए होटल में कैद करने की जरूरत नहीं है, लेकिन शिंदे

को किससे डर है, जबकि वे बीजेपी के साथ सत्ता में हैं। उद्धव सेना के प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया कि बीजेपी ने अपने नगरसेवकों को भी सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की योजना बनाई है। अब सवाल उठता है कि शिंदे सेना और बीजेपी जब दोनों सत्ता में हैं, तो इनको किससे डर है ?

सोमवार को कांग्रेस के सभी 24 नगरसेवकों का मुंबई अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में संख्या बल भले ही कम हो, लेकिन कांग्रेस मुंबईकरों की आवाज पूरी मजबूती से उठाएगी।

नगरसेवकों का मार्गदर्शन कर रहे

शिंदे सेना के नेताओं का कहना है कि 29 नगरसेवकों के होटल में रखने के मामले को विपक्ष अनावश्यक रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उनका मार्गदर्शन किया जा रहा है।

आखिर शिंदे को किससे है डर: राउत

उद्धव सेना के प्रवक्ता व सांसद संजय राउत ने कहा कि वे उस फाइव स्टार होटल में जाने वाले थे, इसलिए नहीं गए कि कहीं आरोप न लगे वे शिंदे के नगरसेवकों को तोड़ने जा रहे हैं। जब राउत से पूछा गया कि क्या उद्धव सेना ने बीएमसी में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है, तो उन्होंने कहा कि ऐसा निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो हम इन घटनाक्रम का आनंद ले रहे हैं।

सिद्धिविनायक मंदिर में माघी गणपति महोत्सव की भव्य शुरुआत

■ **NBT रिपोर्टर, मुंबई:** सोमवार से मुंबई के इष्ट देव श्रीसिद्धिविनायक मंदिर में माघी गणेश जयंती पर सात दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष उत्सव श्रद्धा के साथ-साथ भक्तों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और सांस्कृतिक सहभागिता को केंद्र में रखकर आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव 25 जनवरी तक चलेगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार, महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 5 बजे काकड़ आरती से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद अभिषेक, महा नैवेद्य और अन्य पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संभावना को देखते हुए दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दर्शन व्यवस्था की गई है। इस वर्ष महोत्सव का एक प्रमुख पहलू शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार हर दिन भजन, शास्त्रीय संगीत, लोकनृत्य और वाद्य संगीत के माध्यम से गणपति बप्पा की आराधना कर करेंगे। सोमवार को मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिल रहा है।

सात दिनों तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन



22 जनवरी को रथ यात्रा

मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने बताया कि माघी गणेश जयंती का मुख्य आयोजन 22 जनवरी को होगा। इस दिन दोपहर 3 बजे श्री सिद्धिविनायक की भव्य रथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। सजे हुए रथ में विराजमान गणपति बप्पा भक्तों के दर्शन के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और शांतिपूर्ण दर्शन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव धार्मिक परंपरा के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी माध्यम है।

माघी गणपति महोत्सव की तैयारी

Kaushik Naik



माघी गणपति महोत्सव के लिए आकर्षक गणेश मूर्तियां कलाकारों द्वारा तैयार की जा रही है। अपनी अलग पहचान रखने वाला यह महोत्सव 25 जनवरी तक चलेगा। बता दें कि यह महोत्सव धार्मिक परंपरा के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी माध्यम है। महाराष्ट्र में इसका खास महत्व है।

'पाठशाला ही जैन शासन का प्राण'

देशभर में एक साथ धार्मिक परीक्षा आयोजित

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** श्री जैन धार्मिक शिक्षा संघ द्वारा पूरे देश में एक ही दिन और एक ही समय पर आयोजित की गई वार्षिक धार्मिक परीक्षा में मुंबई सहित पूरे देश से 27,000 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया। आयोजकों के मुताबिक, पहली बार पहली कक्षा से लेकर अन्य कक्षाओं के स्टूडेंट्स ने 118 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर एकसाथ परीक्षा दी है। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि पाठशाला ही जैन शासन का प्राण है। पाठशाला से ही श्रुतज्ञान यानी जिनागम ज्ञान की प्राप्ति होती है। अध्यक्ष जवाहरलाल शाह, उपाध्यक्ष संजय शाह, महिला विभाग की उपाध्यक्ष अल्पा शाह और अशोक चरला ने दीप प्रज्वलन के साथ परीक्षा का शुभारंभ किया। मुंबई के शकितला स्कूल सहित विभिन्न केंद्रों पर पदाधिकारियों ने दौरा कर परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

27,000 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी

संस्कारों से बनता है उज्ज्वल भविष्यः उपाध्यक्ष संजय शाह ने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद जीवन को सही दिशा देते हैं। अल्पा शाह और अशोक चरला ने भी पाठशाला को बच्चों के जीवन निर्माण की आधारशिला बताया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

65 लाख के गहने चोरी, नौकर पर शक

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के वडाला में एक बिजनेसमैन के घर से करीब 65 लाख रुपये के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का आरोप घर में काम करने वाले नौकर राजू भावेश पर है, जो नौकरी के दूसरे ही दिन वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। वडाला टीटी पुलिस के अनुसार, यह घटना लोढ़ा दादर के लोढ़ा इकॉक अपार्टमेंट में हुई, जिसके एक फ्लैट में शिकायतकर्ता अभिषेक संजय अग्रवाल अपने परिवार के साथ वहां रहते हैं। वारदात के समय आरोपी अकेला था। बेडरूम में रखे डिजिटल लॉकर से करीब 1138 ग्राम वजनी हीरे के हार, सोने के गहने और चांदी के सिक्के चोरी हो गए। आरोपी राजू मूल रूप से अहमदाबाद का निवासी है।

HC ने दलबदलूओं को कहा घुम्मकड़

■ **NBT रिपोर्ट,मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने अंबरनाथ नगर परिषद में एनसीपी सदस्यों के दल-बदल को दुनियाभर में घूमने वाले घुमक्कड़ जैसा करार दिया है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने नगर परिषद में गठबंधन को मान्यता देने वाले ठाणे कलेक्टर के फैसले को स्थगित कर दिया है। यानी फिलहाल इस विषय पर कलेक्टर का आदेश लागू होने की बजाय स्थगित रहेगा। जस्टिस रविंद्र घुगे की बेंच ने दोबारा इस मामले को कलेक्टर को भेज दिया है। बेंच ने कलेक्टर बीजेपी, एनसीपी, शिवसेना, कांग्रेस सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने हल्के अंदाज में एनसीपी के चार कैंडिडेट के दल-बदल को विश्व भ्रमण करार दिया, जिन्होंने पहले बीजेपी-कांग्रेस की अंबरनाथ विकास आघाडी (AVA) का साथ दिया, बाद में शिवसेना (शिंदे गुट) का समर्थन किया।



यह है मामला: अंबरनाथ में सत्ता स्थापित करने के लिए बीजेपी ने पहले कांग्रेस से हाथ मिलाया था, जबकि चुनाव में शिवसेना सबसे ज्यादा सीट जीतने वाली पार्टी बनकर उभरी थी। ठाणे कलेक्टर ने AVA को चुनाव पूर्व गठबंधन के रूप में मान्यता दी थी। गठबंधन को लेकर मचे बवाल के बाद कांग्रेस ने अपने 12 नगरसेवकों को निलंबित कर दिया था। कुछ दिनों बाद शिवसेना ने अंबरनाथ में सत्ता स्थापित की। जिसमें एनसीपी ने शिवसेना को समर्थन किया।

मुंबई हलचल

आप हमें 89045 97231 पर जानकारी व्हॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

जरूरतमंदों को दी मदद

सामाजिक संस्था श्रीनारायणी सेवा संस्थान और श्रीनारायणी नारी चेतना केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से मुंबई से लेकर लोनावाला तक के गरीब परिवारों को मुफ्त में कंबल वितरित किए गए। संस्था के ट्रस्टी तथा समाजसेवी डॉ. अनिल काशी मुरारका ने कहा कि जिन परिवारों को हमने कंबल दिए, वह उनकी जरूरत थी।

अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई की महिला समिति ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में विरार स्थित राधिका ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को भोजन, राशन और वस्त्र वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमरीशचंद्र अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, उदेश अग्रवाल और गोपालदास, सुधा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, मधु अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, जया गोयल, सीमा गुप्ता, बबीता गोयल और सविता अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश दिवस पर सांताक्रुज में लगेगा उत्तरभारतीयों का महाकुंभ

सुबह दंगल और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

उत्तरप्रदेश के 75वें स्थापना दिवस पर मुंबई में उत्तरभारतीय संस्कृति, कला और परंपरा का भव्य संगम देखने को मिलेगा। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था अभियान ने 24 जनवरी को सांताक्रुज पश्चिम स्थित मिलन सबवे के लायंस क्लब मैदान में यूपी दिवस समारोह का आयोजन किया है। इसमें राजनीति, सिनेमा और लोकसंस्कृति की नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी सरकार के वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार और मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष अमित साटम समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्तर भारतीय हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। अभियान के संस्थापक और मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने बताया कि यूपी की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर इसे अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे नामी पहलवानों के बीच पारंपरिक दंगल से होगी, जबकि शाम को सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।

रवि किशन, अंजना सिंह, आम्रपाली दीक्षित, और राकेश तिवारी आएंगे

AI Image

ये सितारे करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

समारोह में भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और गोरखपुर से सांसद रवि किशन शुक्ला अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उनके साथ लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह, आम्रपाली दीक्षित और राकेश तिवारी अपनी कला से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि, फिल्मी सितारे और समाज के प्रमुख लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समारोह स्थल पर यूपी सरकार के पर्यटन, संस्कृति और उद्योग विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, इसमें जिसमें प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं और औद्योगिक विकास को दर्शाया जाएगा।

बिहार सरकार बनाएगी मुंबई में 30 मंजिला बिहार भवन

314 करोड़ है लागत, मनसे ने किया विरोध

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बिहार सरकार ने मुंबई में 30 मंजिला बिहार भवन बनाने का निर्णय लिया है। इसका महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने विरोध किया है। पार्टी का कहना है कि बिहार भवन मुंबई में नहीं बनने देंगे। बिहार सरकार ने मुंबई के एलफिंस्टन एस्टेट (मुंबई पोर्ट ट्रस्ट क्षेत्र) में 30 मंजिला इमारत बनाने की घोषणा की है। सरकार ने 314.20 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी भी दे दी है।

इमारत की ऊंचाई लगभग 69 मीटर होगी। इसमें कुल 178 कमरे होंगे, जिनका उपयोग सरकारी अधिकारियों, मेहमानों और जरूरतमंद नागरिकों के ठहरने के लिए किया जाएगा। मुंबई में इलाज के लिए बिहार से हजारों लोग आते हैं। मरीजों और उनके परिजनों के लिए यहां 240 बेड की क्षमता वाला एक विशेष छात्रावास बनाया जाएगा। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आने वाले लोगों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

इस तरह दिखेगी इमारत।

बिहार में बनवाएं अस्पतालः मनसे मनसे के नगरसेवक यशवंत किल्लेदार ने कहा है कि वे मुंबई में बिहार भवन नहीं बनने देंगे। जब बिहार में स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें अधूरी हैं, तो मुंबई में 314 करोड़ रुपये खर्च कर भवन बनाने का क्या मतलब है। अगर बिहार सरकार मरीजों की मदद करना चाहती है, तो यह राशि खर्च कर बिहार में ही बड़ा अस्पताल क्यों नहीं बनाती?

भारतीय सद्विचार मंच ने आयोजित किया सम्मान समारोह

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सामाजिक और साहित्यिक संस्था भारतीय सद्विचार मंच ने दहिसर (पूर्व) में पुरस्कार समारोह आयोजित किया। इस मौके पर डॉ.राममनोहर त्रिपाठी पुरस्कार पूर्व विधायक रमेशसिंह ठाकुर और बाबू आर.एन.सिंह तथा आदर्श समाजसेवी पुरस्कार डॉ.पारसनाथ तिवारी को दिया गया। कार्यक्रम में बोरीवली से बीजेपी विधायक संजय उपाध्याय, संस्था के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम तिवारी, उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह, शिक्षाविद् डॉ हृदय नारायण मिश्रा, उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे, समरस फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ.किशोर सिंह, मुंबई बीजेपी प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, एक्टिविस्ट अनिल गलगली सहित अन्य उपस्थित थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 01-19-2026 23:08 Color:

31 को मिल सकता है मुंबई को नया मेयर!

किस पार्टी का बनेगा मेयर, इस पर सस्पेंस जारी

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

AI Image

■ **मुंबई:** बीएमसी चुनाव परिणाम घोषित होने के 16वें दिन मुंबईकरों को अपना नया मेयर मिलेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई मेयर का चुनाव 31 जनवरी 2026 को महासभा में होगा। पहले मेयर का चुनाव 28 या 30 जनवरी को होने की संभावना व्यक्त की गई थी। हालांकि मेयर किस पार्टी का बनेगा, इसको लेकर सस्पेंस जारी है। चुनाव में 89 सीटें जीतकर बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जबकि महायुति के घटकदल शिंदे सेना के 29 नगरसेवक चुने गए हैं। 118 नगरसेवकों के साथ महायुति आसानी से मेयर बना सकती है। वहीं उद्धव सेना के 65, मनसे के 6, कांग्रेस के 24 और एमआईएम के 8 नगरसेवक चुन कर बीएमसी पहुंचे हैं। विपक्ष के पास महायुति के मुकाबले मेयर चुनने के लिए जरूरी आंकड़ा नहीं है।

यदि ST सीट के लिए आरक्षण निकला तो?

बीएमसी के मेयर के लिए 22 जनवरी, 2026 को लॉटरी निकलेगी। तभी तय होगा कि मुंबई का मेयर जनरल कैटेगरी, ओबीसी, महिला, एससी या एसटी वर्ग का होगा। मुंबई की 227 सीटों में से 2 सीटें एसटी वर्ग के लिए आरक्षित थीं। मजेदार बात यह है कि एसटी के लिए आरक्षित प्रभाग नंबर 53 और 121 से उद्धव गुट के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। प्रभाग नंबर 53 से उद्धव गुट के जितेंद्र वलवी ने शिंदे गुट के अशोक खांडवे को हराया है। इसी तरह प्रभाग नंबर 121 से उद्धव सेना के तेजस्वी ठाकरे ने शिंदे सेना की प्रतिमा खोपडे को हराया है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि आरक्षण लॉटरी में बीएमसी में मेयर का पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित हो गया तब महायुति क्या करेगी, क्योंकि एसटी सीट से दोनों उम्मीदवार उद्धव सेना के विजयी हुए हैं। हालांकि बीजेपी नेताओं का कहना है कि यह कोई मुद्दा नहीं है। बीजेपी से 5 एसटी वर्ग के नगरसेवक चुन कर बीएमसी पहुंचे हैं और यह कहीं अनिवार्य नहीं है कि एसटी सीट से जीता उम्मीदवार ही मेयर बनेगा।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 1998 से 2022 के बीच जनरल कैटेगरी के नगरसेवकों को 5 बार मेयर बनने का मौका मिला था, लेकिन शिवसेना (अविभाजित) ने 2017 और 2020 में जनरल कैटेगरी आने के बाद भी नगरसेवकों को मेयर बनने का मौका नहीं दिया। दोनों बार शिवसेना ने ओबीसी नगरसेवक को ही मेयर बनाया। इसमें 2017 में विश्वनाथ महाडेश्वर और 2019 में किशोरी पेडणेकर शामिल हैं।

1998 से 2020 तक मेयर का रिजर्वेशन

- **1998**: नंदू साटम- ओबीसी
- **1999**: हरेश्वर पाटील- सामान्य
- **2002**: महादेव देवले- एससी
- **2004**: दत्ता दलवी- सामान्य
- **2007**: डॉ. शुभा राउल- ओबीसी महिला
- **2009** : श्रद्धा जाधव- सामान्य महिला
- **2012** : सुनील प्रभु- सामान्य
- **2014** : -स्नेहल आंबेकर - एससी महिला
- **2017** : विश्वनाथ महाडेश्वर- सामान्य
- **2020** :किशोरी पेडणेकर- सामान्यनिरीक्षण

CBI ने HPCL का सेल्स ऑफिसर रिश्वत लेते पकड़ा

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) चंद्रपुर में पदस्थ एक सेल्स ऑफिसर को एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रतीक टागले के रूप में हुई है। सीबीआई ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। यह कार्रवाई एक लिखित शिकायत के आधार पर की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की पत्नी, जो एचपीसीएल के एक रिटेल आउटलेट की प्रोपराइटर है। उनको आउटलेट का हैंडओवर दिलाने के बदले 2 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

शिकायतकर्ता द्वारा पूरी रकम एक साथ देने में असमर्थता जताने पर आरोपी ने 17 जनवरी को एक लाख रुपये आंशिक भुगतान के रूप में लेने पर सहमति दी थी। हालांकि उसने काम पूरा होने के बाद शेष रकम देने की शर्त भी रखी थी। सीबीआई ने 17 जनवरी को जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

22 से CISF का साइक्लोथॉन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : कोस्टल सिक्योरिटी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) ने 'वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन' का आयोजन किया है। 28 जनवरी से 22 फरवरी तक चलने वाले साइक्लोथॉन देश के विभिन्न राज्यों की 6,500 किमी की दूरी तय करेगा। 10 फरवरी की रात साइक्लोथॉन मुंबई पहुंचेगा। साइक्लोथॉन सभी के लिए खुला है। इच्छुक साइकिलिस्ट सीआईएसएफ की वेबसाइट के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर साइक्लोथॉन में भाग ले सकते हैं।

आज WR पर रद्द रहेंगी 102 लोकल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कांदिवली कार शेड में प्रवेश एवं निकास के निलंबन तथा कांदिवली-मालाड के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइन पर लगाए गए स्पीड रिस्ट्रिक्शन के कारण मंगलवार को 102 लोकल रद्द रहेंगी। अप लाइन पर जाने वाली 51 और डाउन लाइन से संचालित होने वाली 51 लोकल रद्द रहेंगी। बता दें कि रविवार को कांदिवली-बोरीवली के बीच 3 किमी का काम पूरा हो गया था और सुरक्षा सर्टिफिकेट भी दे दिया गया था, लेकिन फिर भी सप्ताह के पहले दिन ब्लॉक खत्म होने के बाद भी लोकल देरी से चल रही थीं। इस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पर्यटक ने खुद को मारा चाकू

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मढ़ इलाके के एक नामचीन होटल में ठहरे एक विदेशी पर्यटक ने खुद पर चाकू से हमला कर लिया। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पर्यटक के कमरे से खून निकलता देख होटल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मालवणी पुलिस की मदद से घायल पर्यटक को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस इस मामले को आत्महत्या के प्रयास के तौर पर देख रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। होटल स्टाफ से भी पूछताछ जारी है।

कुर्ला पुलिस स्टेशन के पास युवक पर जानलेवा हमला

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : कुर्ला पुलिस स्टेशन से महज 10 कदम की दूरी पर कुर्ला (पश्चिम) के न्यू मिल रोड पर बुधवार शाम करीब 5:30 बजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक सवार युवक पर बेल्ट से जानलेवा हमला किए जाने की इस घटना का विडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को कुर्ला के भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घायल युवक की पहचान असीम सिंह के रूप में हुई है, जो खरीदारी के लिए कुर्ला आया था। इसी दौरान उसकी बाइक आरोपी की बाइक से हल्की सी टकरा गई। इस बात को लेकर दोनों के बीच हिंसक झड़प हो गई। खबरों के अनुसार, आरोपी ने बेल्ट निकालकर असीम सिंह पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी के कुछ दोस्त भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी युवक की बेरहमी से पिटाई की। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। यह पूरी वारदात किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली, जो बाद में वायरल हो गई। विडियो के सामने आते ही कुर्ला पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया है, जबकि 5 अन्य आरोपी अब भी फरार हैं।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

स्थानीय नागरिकों ने बताया, न्यू मिल रोड पर लंबे समय से फेरीवालों की दादागिरी और अवैध गतिविधियों का बोलबाला रहा है, जिसके चलते आए दिन आम राहगीरों के साथ विवाद और मारपीट की घटनाएं होती हैं। इस घटना के बाद सोमवार को पुलिस ने इलाके से सभी फेरीवालों को हटा दिया। मामले में डीसीपी महेंद्र पंडित ने बताया, सलवा पैलेस के सामने बाइक आगे लेने को लेकर 2 व्यक्तियों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान हाथापाई हुई, जिसमें एक युवक घायल हो गया। घायल का बयान दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

BMC में महिलाओं का वर्चस्व, आधी से ज्यादा सीटों पर जीतीं

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

मुंबई महानगरपालिका के चुनावी इतिहास में पहली बार महिलाओं ने स्पष्ट बढ़त हासिल की है। कुल 227 वॉर्डों में से 130 प्रभागों पर महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। यानी आधी से ज्यादा सीटें महिलाओं के नाम रहीं। अब चर्चा है कि महापौर भी महिला होनी चाहिए।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इस हिसाब से महिलाओं को 114 सीटों पर चुनकर आना चाहिए था, लेकिन कई दलों ने सामान्य सीट पर महिला उम्मीदवार उतारे और वे जीत गईं, इसलिए महिलाओं की संख्या 130 हो गई है, जबकि 97 पुरुष नगरसेवक बने हैं। इस चुनाव ने मुंबई की राजनीति में महिलाओं की मजबूत मौजूदगी को एक बार फिर साबित कर दिया है और शहर को नया नेतृत्व मिलने का रास्ता साफ किया है।

महिला नगरसेवकों की बढ़ती संख्या

- 2012 में 121 महिला और 106 पुरुष नगरसेवक रहे।
- 2017 में 133 महिला और 94 पुरुष नगरसेवक चुने गए।
- 2026 के चुनाव में 130 महिला और 97 पुरुष नगरसेवक निर्वाचित हुए हैं।

महिला महापौर का इतिहास

- सुलोचना मोदी (1956, कांग्रेस)
- निर्मला सामंत- प्रभावलकर (1994, कांग्रेस)
- विशाखा राउत (1997, शिवसेना)
- शुभा राऊल (2007, शिवसेना)
- श्रद्धा जाधव (2009, शिवसेना)
- स्नेहल आंबेकर (2012, शिवसेना)
- किशोरी पेडणेकर (2017, शिवसेना)

तो क्या डायरेक्टर और मॉडल को 'टारगेट' करने की थी योजना?

CCTV की मदद से हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:**

ओशिवारा इलाके के नालंदा सोसायटी में रविवार शाम हुई कथित फायरिंग की घटना में राइटर-डायरेक्टर और एक स्ट्रगलिंग मॉडल को टारगेट किया गया था। गनीमत रही कि इस फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी है। सूत्रों ने बताया कि नालंदा सोसायटी की दूसरी मंजिल पर राइटर और डायरेक्टर नीरज कुमार मिश्रा (45) रहते हैं, जबकि चौथी मंजिल पर स्ट्रगलिंग मॉडल प्रतीक वैद (29) का घर है। फायरिंग के बाद दोनों फ्लैट में गोली लगने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि यह हमला सीधे उन पर ही निशाना बनाकर किया गया हो सकता है। हालांकि, ओशिवारा पुलिस इससे साफ इनकार कर रही है। मिश्रा और वैद ने भी टारगेट करने की बात से इनकार किया है।

बता दें कि रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक फायरिंग की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि अज्ञात हमलावर ने इमारत की ओर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही ओशिवरा पुलिस मौके पर पहुंची और परिसर की जांच की। गोली किसने चलाई और किसे निशाना बनाया गया, इस बारे में पुलिस अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। पुलिस की टीमें घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

> नालंदा बिल्डिंग की दूसरी और चौथी मंजिल के फ्लैट में एक-एक गोली लगी है। किसी सदस्य को चोट नहीं आई है। मामले की गंभीरता को देखकर कई टीमें बनाई गई हैं, जो अलग-अलग पहलुओं से घटना की जांच कर रही हैं।
> -दिक्षित गेहाम, डीसीपी जोन-9

> नालंदा इमारत की दूसरी और चौथी मंजिल पर जमीन पर दो प्रोजेक्टाइल मिले हैं। दीवार और लकड़ी के एक डिब्बे पर गोली के निशान मिले हैं। फॉरेंसिक जांच व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान जारी है।
> -परमजीत सिंह दहिया, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, वेस्ट रीजन

CSMI एयरपोर्ट पर 2.15 करोड़ रुपये का सोना ज़ब्त

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2.15 करोड़ रुपये मूल्य का 24 कैरेट सोना जब्त किया है। इस मामले में एक बांग्लादेशी यात्री और AIASL (AI एयरपोर्ट सर्विस लिमिटेड) के एक एयरपोर्ट स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है।

कस्टम अधिकारियों ने रात के वक्त प्रोफाइलिंग के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा। आरोपी यात्री दुबई से इंडिगो की फ्लाइट से मुंबई आया था और 18 जनवरी को इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-1115 से ढाका जाने वाला था। जांच के दौरान यात्री को AIASL के एक एयरपोर्ट स्टाफ को 4 अंडाकार पैकेट सौंपते हुए रंगेहाथों पकड़ा गया। इन पैकेटों में मोम के अंदर छिपाई गई 24 कैरेट सोने की धूल पाई गई, जिसका कुल वजन 1590 ग्राम है। कस्टम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपियों को कस्टम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार किया है। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

बांग्लादेशी यात्री और एयरपोर्ट स्टाफ गिरफ्तार

CSMT पर प्लैटफॉर्म 6 के एक्सटेंशन का काम पूरा होन के बाद 15 डिब्बों के दो नए रेक होंगे शामिल

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। मार्च 2026 तक प्लैटफॉर्म नंबर 6 के एक्सटेंशन का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद वहां से भी 15 डिब्बों की लोकल ट्रेनें संचालित होने लगेंगी। फिलहाल सीएसएमटी के प्लैटफॉर्म नंबर 7 से ही 15 डिब्बों की लोकल चलाई जाती है। यहां से 15 डिब्बों की प्रतिदिन 22 सर्विस उपलब्ध होती है। लेकिन प्लैटफॉर्म 6 तैयार हो जाने के बाद इन सेवाओं की संख्या दोगुनी हो जाएगी। बता दें कि रेलवे ने प्लैटफॉर्म 7 के कुर्ला एंड की तरफ करीब 40 साल पुरानी जर्जर बिल्डिंग को तोड़ दिया है। इससे प्लैटफॉर्म एक्सटेंशन का रास्ता साफ हो गया है।

प्लैटफॉर्म नंबर 6 पर चल रहा है एक्सटेंशन का काम

पीक आवर्स में मिलेगी राहत

रेलवे अधिकारी के अनुसार, शुरुआती चरण में 15-डिब्बों के दो नए रेक आएंगे। एक रेक 10 से 12 फेरी दिनभर में पूरी करता है। यानी दो नए रेक जुड़ने पर 15-डिब्बों की लोकल के फेरे 20 से 24 बढ़ सकते हैं। 15 डिब्बों के 2 रेक पहले से चल रहे हैं। इस तरह इस रूट पर 15 डिब्बों के 40 से 44 फेरे हो जाएंगे। इससे न केवल पीक आवर्स में भीड़ कम होगी, बल्कि यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे और यात्रा कुछ हद तक आसान हो जाएगी। बढ़ी हुई क्षमता विशेषकर सीएसएमटी-कुर्ला तथा सीएसएमटी-ठाणे कॉरिडोर पर यात्रियों की संख्या को बेहतर तरीके से संभाल पाएगी।

पिट लाइन का एक्सटेंशन भी जरूरी

इसी बीच बढ़ती सर्विस के साथ मेंटेनेंस को लेकर रेलवे के सामने चुनौती भी है। वर्तमान में कुर्ला कारशेड में केवल एक पिट लाइन मौजूद है, जहां 15-डिब्बों वाली लोकल का रखरखाव किया जाता है। जैसे-जैसे 15-डिब्बों के रेक की संख्या बढ़ेगी, पिट लाइन पर दबाव भी बढ़ेगा। इसी कारण मार्च 2026 के पहले कारशेड में एक अतिरिक्त पिट लाइन के एक्सटेंशन का काम भी पूरा करना आवश्यक होगा। अधिकारियों का कहना है कि ये सारे कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे होंगे, ताकि संचालन पर किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बढ़ जाएगी क्षमता

प्लैटफॉर्म के एक्सटेंशन करने से लोकल के रैक बढ़ाए बिना भी यात्री ले जाने की क्षमता बढ़ जाती है। सीएसएमटी के 1 प्लैटफॉर्म के एक्सटेंशन से 15 डिब्बे की 22 सर्विस बढ़ेंगी। यानी कुल 66 डिब्बे बढ़ेंगे, जो कि 12 डिब्बे वाली 5 लोकल के बराबर होंगे। इसी के साथ अन्य 34 स्टेशनों के एक्सटेंशन का काम भी किया जा रहा है। इनमें से 24 स्टेशनों पर एक्सटेंशन का काम पूरा हो चुका है।

बुजुर्ग के अंगों से 3 को मिलेगी नई ज़िंदगी

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** महानगर में इस वर्ष का चौथा अंगदान दर्ज किया गया है। 17 जनवरी को नानावटी मैक्स अस्पताल में 71 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद परिजनों की सहमति से अंगदान का निर्णय लिया गया। इससे तीन गंभीर रूप से बीमार मरीजों को नई जिंदगी मिलने की उम्मीद है। डोनर का लिवर और दोनों किडनी प्रत्यारोपण के लिए सफलतापूर्वक निकाले गए। लिवर से एक मरीज को, जबकि दोनों किडनी से दो अलग-अलग मरीजों को जीवनदान मिलेगा। इसके अलावा उतक दान के अंतर्गत कॉर्निया, स्किन और हड्डियों का भी दान किया गया। इससे कई अन्य मरीजों को भविष्य में लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, समय पर लिए गए इस मानवीय फैसले ने न सिर्फ अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में शामिल मरीजों को राहत दी है, बल्कि समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता का मजबूत संदेश भी दिया है।

मुंबई में 2026 का चौथा अंगदान

डिजिटल पेमेंट के नाम पर धोखाधड़ी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** 44 वर्षीय एक फल विक्रेता ने धोखाधड़ी कर खाते से पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए भायखला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में आरोपी तालिब की तलाश कर रही है। पीड़ित के मुताबिक, उसकी 22 वर्षीय बेटी किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसके इलाज के लिए फल विक्रेता ने पेटीएम के जरिए 1 लाख, 56 हजार रुपये का कर्ज लिया। कुछ समय बाद पैसे खाते में ट्रांसफर होते हुए दिखाई दिए। पीड़ित का कहना है कि उसे फोनपे स्कैनर की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसने फोनपे के एक प्रतिनिधि को बुलाकर अपने बैंक खाते से फोनपे बंद करने को कहा। हालांकि, इसके एक दिन बाद जब उसने अपने बेटे को पासबुक अपडेट कराने बैंक भेजा, तो पता चला कि उसके खाते से 7 अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 1 लाख, 4 हजार, 501 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए हैं। धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़ित ने भायखला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

भायखला पुलिस कर रही है मामले की जांच

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 01-19-2026 23:08 Color:

BJP-KVA संघर्ष में दोनों पक्षों के 44 आरोपी गिरफ्तार

भिवंडी में पुलिस ने किया लाठीचार्ज

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी के प्रभाग क्रमांक 1 में कोणार्क विकास आघाडी के पूर्व महापौर विलास पाटील के पैनल की जीत के बाद से कोंबडपाडा इलाके में तनाव व्याप्त था। रविवार रात करीब नौ बजे विलास पाटील के घर पर पथराव और हमला किया गया, जिसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर दोनों गुट आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के कुल 44 लोगों को गिरफ्तार करके न्यायालय में हाजिर किया। पुलिस ने तड़के विलास पाटील के बंगले में मौजूद 36 लोगों को हिरासत में लिया था, जबकि विधायक महेश चौघुले के समर्थक 8 लोगों को गिरफ्तार किया।

बीजेपी एमएलए महेश चौघुले और कोणार्क विकास आघाडी के प्रमुख पूर्व महापौर विलास पाटील के बीच विधानसभा चुनाव से शुरू विवाद मनपा चुनाव को लेकर और भी गंभीर होता जा रहा है। आरोप है कि मनपा चुनाव में मिली हार से नाराज विधायक महेश चौघुले के समर्थकों ने बीती रात गोकुलनगर स्थित पूर्व महापौर विलास पाटील के बंगले रत्नदीप पथराव करके हमला कर दिया था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। इस घटना के विरोध में विलास पाटील के समर्थक आंदोलन करने लगे। उसी समय, सामने स्थित विधायक महेश चौघुले के कार्यालय में भीड़ जमा हो गई। उस समय पथराव किया गया।

वकीलों ने की हमले की निंदा, पाटील के आवास का किया दौरा

भिवंडी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट किरण चन्ने के नेतृत्व में वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गोकुल नगर स्थित विलास पाटील के आवास का दौरा किया। वकीलों ने हमले की कड़ी निंदा की और निजामपुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विश्वास डमले को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

ठाणे में मेयर पद पर सियासत, BJP ने रखा ढाई-ढाई साल का फॉर्म्यूला

शिंदे की शिवसेना है सबसे बड़ी पार्टी, BJP के भी हौसले बुलंद

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे

ठाणे में बैनर के जरिए BJP ने किया ताकत का इजहार। चुनाव के बाद इस बैनर की चर्चा हर ओर हो रही है।

मुंबई के बाद ठाणे में भी मेयर पद को लेकर महायुति में खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। महायुति में शामिल उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और BJP ने 131 में से 103 सीटें जीती हैं। बहुमत का आंकड़ा पार करने वाली शिंदे सेना को 75 सीटें मिली हैं। वहीं, दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी BJP को 28 सीटें मिली हैं।

शिंदे सेना जहां मनपा में अपना मेयर बैठाने वाली है, वहीं BJP नेताओं ने ढाई-ढाई साल के लिए मेयर का पद दिए जाने की मांग की है। BJP ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उन्हें मनपा में सम्मान नहीं मिला तो वे ठाणेकरों के फायदे और चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने के लिए समय पड़ने पर अलग भूमिका में दिख सकते हैं।

राज्य में और ठाणे जिले में BJP की बड़ी राजनीतिक ताकत से अब BJP के हौसले बुलंद हुए हैं। BJP की बड़ी जीत को लेकर ठाणे में एक तरह से शिंदे सेना पर दबाव बनाए जाने का माहौल भी देखने को मिल रहा है। इसके मद्देनजर ठाणे में लगा एक बैनर खूब चर्चा में है। इस बैनर में मराठी में लिखा है, 'रवि दादा के नेतृत्व में-दिवा शील से वडवली तक बढ़ी बीजेपी', यहां रवि दादा का मतलब राज्य के BJP अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से है।

BJP को प्रमुख पद जरूरी : डावखरे

इस संबंध में कोंकण विभागीय स्नातक सीट के विधायक और मनपा चुनाव प्रभारी रहे निरंजन डावखरे ने कहा कि चुनावी नामा में ठाणेकरों से जो वादा किया गया है, उसे पूरा करने के लिए तथा पारदर्शी कार्य के लिए BJP को प्रमुख पद मिलना जरूरी है, नहीं तो हमारे पास चौकीदार की भूमिका का विकल्प रहेगा। डावखरे ने कहा कि मेयर को एक साल का समय काम को समझने में चला जाता है इसलिए कम से कम ढाई साल का समय मिलना जरूरी है और तभी वह ठाणे के लोगों को न्याय दे सकता है। मनपा के 131 सीटों में से शिंदे शिवसेना ने 79, BJP ने 39 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पिछली बार BJP के 23 नगरसेवक थे इस बार 5 सीटों की बढ़ोतरी हुई है।

फटाफट खबरें

मीरा-भाईंदर में माघी गणपति का आगमन

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: माघी गणेश जन्मोत्सव पर मीरा-भाईंदर में सार्वजनिक गणेश मंडलों की माघी गणेश मूर्तियों का आगमन शुरू हो गया है। वर्तमान में लगभग 30 से अधिक सार्वजनिक मंडल गणेश मूर्तियों की स्थापना कर रहे हैं। इस वर्ष माघी गणेश जन्मोत्सव 22 जनवरी को मनाई जाएगी। भाईंदर के शिर्डी नगर क्षेत्र में विराजमान होने वाले श्री बॉईज मंडल की गणराय के आगमन पर विशेष 'लाइट कार्यक्रम' का आयोजन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोगों में इस अवसर को लेकर उत्साह है।

गाड़ी पार्किंग विवाद में युवक की पिटाई

■ NBT न्यूज, विरार: विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के फुलपाड़ा इलाके में रविवार को गाड़ी पार्क करने को लेकर हुए विवाद में सात से आठ लोगों ने एक युवक को बेरहमी से पीट डाला। फुलपाड़ा स्थित नागेश्वर ब्रह्म कृपा अपार्टमेंट के पास गाड़ी पार्क करने को लेकर सुशांत रसाल (27) से शिंदे, आकाश, संकेत और अन्य चार युवकों का विवाद हो गया। सभी ने मिलकर रसाल की लात घूसों से पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए मयूर पटकर को भी उन्होंने बुरी तरह पीट डाला। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, विरार : विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के फुलपाड़ा इलाके में रविवार को 73 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार फुलपाड़ा स्थित ममता नगर जानकी अपार्टमेंट निवासिक दत्ताराम पांचाल (73) अपने परिवार के साथ रहते थे। वह पिछले कुछ महीनों से दांत-कान के दर्द से परेशान थे। रविवार शाम को उन्होंने इसी बीमारी की वजह से घर के पंखे पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

वाढवण बंदर को 'चौथी मुंबई' बनाने के खिलाफ आंदोलन

■ NBT न्यूज, पालघर: पालघर के वाढवण बंदर को चौथी मुंबई बनाने के विरोध में सोमवार को पालघर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के चारोटी से पैदल मार्च निकाला। इसके अलावा जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

पालघर में वाढवण बंदर प्रोजेक्ट का काम तेजी से हो रहा है। इससे ग्रामीणों और स्थानीय मछुआरों को डर है कि इससे उनका रोजगार खत्म हो जाएगा। जिले भर में बीस हजार से अधिक मछुआरे हैं। इसके साथ ही आदिवासियों के कई गांवों को नुकसान हो सकता है। इसलिए ग्रामीणों ने चौथी मुंबई का विरोध करना शुरू किया है। लोगों को लगता है कि इससे 'PESA' ऐक्ट के तहत मिले अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे। डहाणू थर्मल पावर, प्रस्तावित सीमेंट प्लांट और फ्रीक का प्राइवेटाइजेशन करके स्थानीय लोगों को बेदखल करने की कोशिश को रोकने की मांग की गई है। वाढवण पोर्ट एंटी-वाढवण पोर्ट ऐक्शन कमेटी की ओर से कलेक्टर डॉ. इंदु रानी जाखड़ को वाढवण पोर्ट प्रोजेक्ट को हमेशा के लिए कैंसल करने और लोकल मछुआरों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए कहा गया।

ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिले भर के किसानों, मछुआरों, आदिवासी संगठनों, भूमिसेना, आदिवासी एकता परिषद, वाढवण बंदर विरोधी कृती समिति सहित हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच शिष्टमंडल द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

सड़क पर बह रहा गटर का पानी, चलना मुश्किल

स्कूल आने-जाने में स्टूडेंट्स को होती है परेशानी

■ NBT न्यूज, नालासोपारा

नालासोपारा के धानिव बाग इलाके में सड़क पर गटर का गंदा पानी बह रहा है, इससे स्थानीय लोगों को चलने में बहुत परेशानी हो रही है। यह हाइवे से शहर में प्रवेश करने वाला मुख्य मार्ग है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चों और वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी होती है। गंदे पानी की बदबू से आम जनता के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। यह समस्या कई महीनों से है। इसके बावजूद इस समस्या को लेकर मनपा प्रशासन और जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं।

मुंबई-अहमदाबाद हाइवे से नालासोपारा आने वाले मुख्य मार्ग के धानिवबाग नाका के पास कई महीनों से गटर का गंदा सड़क पर बह रहा है। धानिवबाग इलाका बोईसर विधानसभा क्षेत्र में आता है। वहीं, मनपा के संबंधित अधिकारी ने चुनाव में व्यस्त होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया था।

> यहां पर हर साल ऐसी ही स्थिति रहती है। वर्षों से गटर नहीं बना है, इसलिए लोगों के घरों का गंदा पानी गटर में जाकर सड़क पर बहता है। इससे आने-जाने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।
> -सुशीला पांडे, स्थानीय निवासी

TIMES interact To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

बिजनेस
BUSINESS OFFERS
सूचना टूरिस्ट कार लेकर हमारा आश्वासित 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाएं। अथवा बिझनेसका भाग बन के हमसा 3% से 5% नफा कमाएं। हम आपका व्यवसाय स्थापित कर देंगे। संपर्क - 7715031158/ 9930032129

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, Suraiya Mustafa Shaikh (Old Name) residing at 15/A/503, Dharma Apt, Sarvodaya Nagar, Chikhloli, Ambernath (W),Thane, I have changed my name to Suraiyya Mustafa Shaikh (New Name) vide affidavit dated 16/01/2026 at Mumbai.

I,BUDDANNA Mother of Kenchappa P /o Toreobenahalli, Byadarahally, Chitradurga, Karnataka - 577546 have changed my name from Buddanna to Buddamma vide aff. dt. 17-01-2026 No 59AB865739 at Nashik

I,D Saraswati Mother of Dharmana Jagadeeswara Rao/o Kotabommali, Kottapalli, Srikakulam, A.P-532201 have changed my name from D Saraswati to Dharamana Saraswathi vide aff. dt. 17-01-2026 No 59AB865754 at Nashik

I Birju Chauhan S/O. Rambhavan Chauhan R/o Rabale Near Durga Mandir Room No. 1361/1 Rabale Navi Mumbai Pin 400701 Maharashtra have changed my name to Virju Chauhan.

I,D Butchayya Father of Dharmana Jagadeeswara Rao/o Kotabommali, Kottapalli, Srikakulam, A.P-532201 have changed my name from D Butchayya to Dharmana Butchiah vide aff. dt. 17-01-2026 No 59AB865755 at Nashik

I,TELAVEKAR Namadev Chandra Kant /o Sattewadi (V.N) Po: Chandgad, Distt :Kolhapur, M.H -416509 have changed my Daughter name from Pranjal Namadev Telaveker to Pranjal Namdev Telavekar vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865753 at Nashik

I BIMLA DEVI wife of Late Harshit Singh, resident of H-603, Rail Vihar Sector-4, Kharghar, Navi Mumbai, have changed my name from BIMLA DEVI to BIMLA SINGH, vide affidavit dated 17-01-2026

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

GRAND HYATT MUMBAI
TENDER NOTICE
Grand Hyatt Mumbai Hotel and Residences invites sealed tenders from established and reliable suppliers for the supply of below mentioned categories for the period commencing from April 1st 2026 to 31st March 2027.
Food & Beverage : Fresh vegetables, Fresh Fruits, English Vegetables, Imported Fruits, Peeled Garlic, Chicken & Chicken Products, Fresh Mutton, Eggs, Milk & Dairy products, Fresh Yeast / Tofu, Fresh Fish & Seafood, Cold press juices, Idli / Dosa Batter, Local Groceries and Provisions, Indian Sweets & Snacks, Chapati, Cookies, Fresh Noodles, Grated Coconut, Indian Canned Products, Frozen Vegetables, Kulfi, Bread / Pav, Local Cheese, Ice Cubes & Ice blocks, Live Chat Counter, IQF Prawns, Imported Cheese, Imported Meat, Dimsum / Sushi & Bao.
Non - Food: Fresh Flowers, Charcoal & Wood, House Keeping Cleaning Supplies, Disposable Packaging items, Office Stationery, Candles, Engineering Chemicals, Dry Guest Amenities.
Services - Electrical, Glass & Mirror, Plumbing, Carpentry, Civil, Gypsum, Insulation.
Tender Forms can be collected against payment of INR 2,500/- (Non-Refundable) for each category between 10.00 am till 5.00 pm on working days and is available with Materials office at Grand Hyatt Mumbai and Residences, Off Western Express Highway, Santacruz (E), Mumbai - 400055.
The last date of submitting tender forms will be 3rd February 2026.
Sealed Tender must be addressed to "The Purchase Committee". The Hotel reserves rights to accept or reject the tender in full or in part without assigning any reason whatsoever and no representation shall be entertained on this account.
Contact No : 8591136334 / 9930371129

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

न्यायालय सूचना

नोटिस वास्ते जाहिर करने बाबत
न्यायाधीश श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, स्थान अजमेर। रेखा ईसरानी बनाम उप मुख्य कार्मिक अधिकारी
मुकदमा दिवानी विविध संख्या 102/2025
बाबत भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
विरुद्ध
श्रीमति अनु ईसरानी पुत्री नन्दालाल पत्नी श्री विजय ईसरानी, गीत ईसरानी पुत्र अनु ईसरानी, स्थान निवासी प्लॉट न. 2,आशीर्वाद बंगलो एकमेक नगर, औरंगाबाद, महाराष्ट्र।
इसने अदालत मे दर्खास्त पेश की है कि : लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि तारिख 19 माह 02 2026 को 10:30 बजे दिन के अदालत हाजा मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर खिलाफत जाहिर करो वरना दरखवास्त मजकूर इकतरफा सुनी व फैसल की जावेगी।
आदेशानुसार जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर।

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
We have received an Application from Mr. Sunil Nihalchand Mirpuri, Mrs. Bindiya Deepak Tekwani Nee. Bindiya Nihalchand Mirpuri and Mr. Chandresh Nihalchand Mirpuri, the legal heirs of Late. Nihalchand alias Nimit Tolaram Mirpuri, for issuance of Duplicate of Share Certificate held by Late. Nihalchand alias Nimit Tolaram Mirpuri in respect of 10 shares of Rs. 50/- each having distinctive Numbers from 171 to 180 having Share Certificate No. 18 issued by the Mahaveer Co-operative Housing Society Limited. The Applicants have represented that the said Share Certificate is lost, missing and/or not traceable.
Therefore, persons having lawful claims or objections of any nature against acting on the Application of the said Applicants, from Mr. Sunil Nihalchand Mirpuri, Mrs. Bindiya Deepak Tekwani Nee. Bindiya Nihalchand Mirpuri and Mr. Chandresh Nihalchand Mirpuri for issuance of duplicate of Share Certificate or having claims by way of heirship, succession, coparcener ship, trust, maintenance, tenancy, lease, possession, sale, gift, exchange, mortgage, lien or encumbrance and/or claim of whatsoever nature against Share Certificate No. 18 representing 10 shares having Distinctive Numbers from 171 to 180 or also Flat No. 603 should intimate such objections/claims to the undersigned along with copies of supporting documents within 7 days from the publication of this Notice, as otherwise the Society will proceed with the application of the above named Applicants and all subsequent claims, if any, of the person/persons who may be entitled to such claims shall be deemed to have been waived and/or abandoned.
Place: Mumbai
Dated: 20-01-2026
For and on behalf of Mahaveer Co-operative Housing Society Limited
The Hon. Secretary.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NBT स्मृति यादों के चिराग
आकस्मिक निधन
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. राज के पुरोहित
"इस दुखद घड़ी में, हम महाराष्ट्र के पूर्वमंत्री एवं हम सबके लाडले लोकप्रिय राजनेता राज के पुरोहित के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। हमारी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं।
ॐ शांति। ॐ शांति। ॐ शांति।
श्रद्धावनत्
अग्रवाल सेवा समाज
सुरेशचंद्र अग्रवाल, शीतल कुमार अग्रवाल, आनंद प्रकाश गुप्ता, गोपाल जैन, गोपालप्रसाद सिंहल, विनोद कुमार अग्रवाल
तिलकराय ईश्वरदास अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट अग्रोहा विकास संस्थान
अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति-1
विजय बिहारी कानोडी
अरुण बुबना, अरुण लोकरा
हरियाणा मित्र मंडल
ईश्वरदास रासिवासिया
राम बिलास अग्रवाल, संतोष बंसल

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

VBA के 2 नगरसेवकों ने किया शिवसेना का समर्थन

■ NBT न्यूज, उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका (UMC) की राजनीति में सोमवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब वंचित बहुजन आघाड़ी (VBA) के टिकट पर निर्वाचित दो नगरसेवकों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का ऐलान किया। इस समर्थन के साथ ही शिवसेना की सत्ता गठन की दावेदारी मजबूत हो गई है।

इस घटनाक्रम को बीजेपी के लिए झटका माना जा रहा है। बीजेपी ने यह चुनाव अलग-अलग लड़ा था और 37 नगरसेवकों के साथ वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए उसे कम से कम तीन और नगरसेवकों के समर्थन की जरूरत थी। वहीं, शिवसेना ने 36 सीटें जीती थीं। उसे पहले ही अपने स्थानीय सहयोगी साई पार्टी के एक नगरसेवक और एक निर्दलीय का समर्थन मिल चुका था, जिससे उसका आंकड़ा 38 पर पहुंच गया था। अब VBA के दो नगरसेवकों के समर्थन से शिवसेना ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर ली है, जिससे उल्हासनगर में नगर निगम की सत्ता गठन का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

VBA की नगरसेवक सुरेखा सोनवणे और नगरसेवक विकास खरात ने मुंबई स्थित उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निवास पर जाकर औपचारिक रूप से समर्थन पत्र सौंपा। इस अवसर पर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे भी मौजूद रहे।

स्टेट अपडेट

BJP नेता ने की संन्यास की घोषणा

■ भाषा, नागपुर : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के करीबी माने जाने वाले बीजेपी नेता एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य (MLC) संदीप जोशी ने सोमवार को राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की और कहा कि वह युवा पीढ़ी के लिए रास्ता बनाने के वास्ते राजनीति से हट रहे हैं। जोशी (55) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शुभचिंतकों के लिए लिखे एक पत्र में कहा, उनके लिए राजनीति पद या प्रतिष्ठा से परे रही है, यह निस्वार्थ सेवा और समर्पण का मार्ग रहा है। जोशी ने कहा, विधान परिषद सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल 13 मई 2026 को समाप्त हो रहा है।

इलैयाराजा को मिलेगा पुरस्कार

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर: अजंता-एलोरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (AIFF) 2026 में दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा को पद्मपाणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने यह जानकारी दी। यह वार्षिक फिल्म महोत्सव छत्रपति संभाजीनगर में 28 जनवरी को शुरू होगा, जिसका समापन 4 फरवरी को होगा। आयोजकों ने रविवार को कहा कि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में कलाकारों की मौजूदगी में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। फिल्म समीक्षक लतिका पडगांवकर, फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर, सुनील सुकथंकर तथा चंद्रकांत कुलकर्णी की एक समिति ने इलैयाराजा को पुरस्कार के लिए चुना।

परिचित युवक पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : 26 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि उसके एक परिचित युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई दिनों तक बलात्कार किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने उससे 9 लाख रुपये भी ठग लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नालासोपारा पश्चिम की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि 2020 में उस युवक ने उससे शादी करने की बात कही थी और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

कुछ दिनों के बाद युवक ने निर्माण कार्य का काम शुरू करने के लिए उससे 9 लाख रुपये भी ले लिए। हाल ही में जब युवती ने उससे शादी करने की बात कही, तो उसने साफ इनकार कर दिया। पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पीड़ित युवती ने रुपये ठगने का भी आरोप लगाया

मतदान के दिन घर में चोरी, महिला आरोपी गिरफ्तार

■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदर: काशीमीरा पुलिस की हद में मतदान के दिन घर में हुई चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना पेणकरपाड़ा इलाके स्थित लोढ़ा एक्वा इमारत में हुई थी। शिकायतकर्ता अनिल राजाभाऊ गोंदले 15 जनवरी को दोपहर में अपना घर बंद कर वोट मतदान करने गई थी। मतदान के बाद जब वे वापस लौटीं, तो देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अलमारी का लॉकर तोड़कर लगभग 7 लाख 8 हजार रुपये मूल्य के करीब 13 तोले सोने के आभूषण चोरी कर लिए हैं। इस मामले में काशीमीरा पुलिस थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

भिवंडी शहर में पार्किंग नदारद, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां बनी लोगों के लिए सिरदर्द

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। मजबूरी में लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे कई इलाकों में रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। इस अहम पार्किंग की समस्या पर मनपा प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। पार्किंग के लिए कोई ठोस विकल्प नहीं होने से यह मुद्दा अब गंभीर रूप ले चुका है। शहर के मध्यवर्ती क्षेत्र में मनपा मुख्यालय, तहसीलदार कार्यालय, पुलिस कार्यालय, भिवंडी न्यायालय, बस डिपो, बैंक, सिनेमा हॉल और जनप्रतिनिधियों के कार्यालय स्थित हैं। आनंद दिघे चौक के आसपास स्थित इन कार्यालयों में रोजाना हजारों नागरिकों का आना-जाना रहता है, लेकिन यहां आधिकारिक पार्किंग नहीं बनाई गई है। नई इमारतों में मौजूद पार्किंग आम नागरिकों के लिए उपलब्ध नहीं होती, जिससे लोग सड़क किनारे वाहन खड़े करने को मजबूर हैं।

पार्किंग नहीं होने से मजबूरी में लोगों को सड़क पर वाहन खड़ा करना पड़ रहा है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करते हुए वाहन उठाकर ले जाती है। छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के पास एक निजी इमारत में पे-पार्किंग जरूर बनाई गई है, लेकिन अंजुरफाटा से वंजारपट्टी नाका और टेमघर से मंडई तक कहीं भी पार्किंग जोन नहीं है।

श्री मलंगगड पर फ्युनिक्युलर सेवा शुरू, श्रद्धालुओं को राहत



■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण के श्री मलंगगड पर श्रद्धालुओं के लिए बहुप्रतीक्षित फ्युनिक्युलर सेवा रविवार को शुरू हो गया। इस सेवा के शुरू होने से गड तक पहुंचने का सफर अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। जो यात्रा पहले करीब दो घंटे पैदल चढ़ाई करके पूरी करनी पड़ती थी, वह अब मात्र 10 मिनट में पूरी हो सकेगी। इससे हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। फ्युनिक्युलर सेवा का उद्घाटन बीजेपी विधायक किसन कथोरे ने बीजेपी विधायक सुलभा गायकवाड की उपस्थिति में किया। 2004 में विधायक किसन कथोरे ने सबसे पहले इस फ्युनिक्युलर परियोजना का प्रस्ताव रखा था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: dinesh.chakravarty Time: 01-19-2026 23:24 Color:

फटाफट खबरें

पहले ही दिन 77% चढ़ा BCCL

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) के शेयरों ने सोमवार को शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की। कंपनी के शेयर करीब 77% के भारी मुनाफे के साथ बंद हुए। कंपनी की मार्केट वैल्यू 18,935 करोड़ रुपये पहुंच गई है। बीएसई (BSE) पर कंपनी का शेयर 45.21 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके 23 के इश्यू प्राइस से करीब 96.56% ज्यादा था। बाद में यह थोड़ा नीचे आकर 40.66 रुपये पर बंद हुआ। इस तरह यह निवेशकों को 76.78% का तगड़ा मुनाफा दे गया।

'2030 तक बढ़ेगी औसत कमाई'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक भारत अपर-मिडिल इनकम वाले



देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा। ऐसा करके भारत वीन और इंडोनेशिया जैसे देशों की लीग में खड़ा होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी की औसत कमाई 2030 तक करीब 3.35 लाख रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यही नहीं, भारत इससे भी पहले यानी 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

MF के इंडेक्स पर सेबी की नजर

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मार्केट रेगुलेटर सेबी (Sebi) ने सोमवार को अहम इंडेक्स (Significant Indices) के लिए नए नियमों का एक प्रस्ताव पेश किया है। सेबी के कंसल्टेशन पेपर के मुताबिक खासकर उन इंडेक्स पर नजर रखी जाएगी जिनका इंस्टीमेल 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के फंड को मैनेज करने के लिए होता है। सेबी का मकसद इंडेक्स बनाने के तरीके को साफ-सुथरा और पारदर्शी बनाना है। सेबी ने उन इंडेक्स को 'अहम' माना है, जिन्हें आधार बनाकर घरेलू म्यूचुअल फंड स्कीमें अपना पैसा लगाती हैं।

चांदी 3 लाख रुपये के पार, आगे क्या होगा?

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ **मुंबई :** चांदी की कीमतों ने सोमवार को सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी मांग की वजह से दिल्ली में चांदी की कीमत में 10,000 रुपये का जबरदस्त उछाल आया। यह पहली बार 3 लाख रुपये प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गई। पिछले एक साल में चांदी की कीमतें 170% से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि सोना 70% से ज्यादा महंगा हुआ है। ऐसे में आम निवेशकों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि वे अब आगे क्या करें?

क्या आएगी गिरावट?

केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया ने बताया कि अभी वर्ल्ड मार्केट में चांदी 93 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। एक बार चांदी 100 डॉलर प्रति औंस को टच करने की कोशिश करेगा। अगर ऐसा होता है जल्द ही भारतीय बाजार में चांदी की कीमत 3.30 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर FOMO फैक्टर और मार्केट ऐसा ही रहा तो चांदी 3 लाख 75,000 रुपये का भाव भी दिखा सकती है। कोटक सिक्योरिटीज की AVP कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला का कहना है कि जियो-पॉलिटिकल रिस्क में सेफ-हेवन डिमांड बढ़ती दिख रही है।

वहीं, HDFC Securities ने अपनी रिपोर्ट में आगाह किया है कि अगर आने वाले केंद्रीय बजट में सरकार इंपोर्ट ड्यूटी कम करती है, तो घरेलू बाजार में चांदी के दाम अचानक गिर सकते हैं। इसकी वजह सप्लाई में कमी और बढ़ती मांग का मेल है। अगर सरकार ड्यूटी घटाती है, तो बाहर से चांदी मंगाना सस्ता हो जाएगा और इसका असर चांदी के रेट पर पड़ेगा। आमिर मकदा का कहना है कि भले ही कीमतें रेकॉर्ड बना रही हैं, तकनीकी चार्ट (RSI Bearish Divergence) खतरे के संकेत दे रहे हैं।

AI Image

क्या करें निवेशक?

HDFC Securities ने निवेशकों को अपने कुल पोर्टफोलियो का 10% हिस्सा ही कीमती धातुओं (सोने-चांदी) में रखने की सलाह दी है। इसके लिए ईटीएफ (ETF) एक अच्छा जरिया हो सकते हैं। अफ्रिका ग्लोबल फैमिली ऑफिस सर्विसेज के को-फाउंडर अमित जैन का कहना है कि जब बड़ी महाशक्तियां ग्रीनलैंड जैसे संसाधनों के लिए लड़ती हैं, तो बाजार में जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में लोग सोने-चांदी को सबसे सुरक्षित मानते हैं।

रिलायंस, ICICI बैंक में बिकवाली, गिरा शेयर बाजार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। जानकारों का कहना है कि इस गिरावट में रिलायंस इंडस्ट्रीज और ICICI बैंक जैसे बड़े शेयरों का हाथ रहा। इसके अलावा कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे, रुपये की गिरती कीमत और विदेशी निवेशकों (FII) द्वारा लगातार पैसा निकालने जाने से बाजार में घबराहट का माहौल रहा। सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39%) गिरकर 83,246.18 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 108.85 अंक (0.42%) फिसलकर 25,585.50 पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04% गिर गया। आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में भी 2.26% की गिरावट आई। इनके अलावा टाइटन, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस जैसे शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं, बीएसई स्मलकैप इंडेक्स 1.28 प्रतिशत गिरकर जबकि मिडकैप में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही।

IMF का अनुमान, 7.3% की रफ्तार से बढ़ेगा भारत

AI Image

- FY25-26 अनुमान: 7.3% (0.7% की बढ़ोतरी)
- FY26-27 अनुमान: 6.4%
- ग्लोबल ग्रोथ: 3.3% (2026 में) और 3.2% (2027 में)

Moody's को भी भरोसा

रेटिंग एजेंसी Moody's Ratings ने सोमवार को अनुमान जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की इकॉनमी 7.3% की गति से बढ़ेगी। मूडीज का कहना है कि आर्थिक विकास की यह मजबूत रफ्तार न केवल आम परिवारों की कमाई बढ़ाएगी, बल्कि लोगों में इंश्योरेंस (बीमा) खरीदने की दिलचस्पी भी पैदा करेगी।

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने सोमवार को भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहजनक रिपोर्ट जारी की है। IMF ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर (जीडीपी ग्रोथ) के अनुमान को बढ़ाकर 7.3% कर दिया है। यह पिछले अक्टूबर में लगाए गए अनुमान से 0.7% ज्यादा है। IMF का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रही है। IMF ने 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.2% से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है।

अपनी ताजा रिपोर्ट में IMF ने कहा, भारत की विकास दर में यह सुधार तीसरी तिमाही के बेहतरीन नतीजों और चौथी तिमाही में बनी मजबूत रफ्तार को देखते हुए किया गया है। हालांकि, संस्था का यह भी कहना है कि 2026-27 और 2027-28 में यह रफ्तार थोड़ी धीमी पड़कर 6.4% रह सकती है। महंगाई को लेकर रिपोर्ट कहती है कि, 2025 में खाने-पीने की चीजों के दाम कम होने से महंगाई दर वापस काबू में आ सकती है।

मंगलवार शोध 2026 में 3.3% और 2027 में 3.2% रहने की उम्मीद है। IMF ने चीन की ग्रोथ का अनुमान भी बढ़ाकर 5% कर दिया है।

PNB को मुनाफा,

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सोमवार को देश की कई बड़ी कंपनियों ने अपने दिसंबर तिमाही (Q3) के नतीजे जारी किए। पब्लिक सेक्टर के पंजाब नैशनल बैंक (PNB) का शुद्ध मुनाफा 13% बढ़कर 5,100 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की दिग्गज पब्लिक सेक्टर की कंपनी भेल (BHEL) का मुनाफा तीन गुना बढ़कर 390.40 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल इसी दौरान यह 134.70 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल कमाई 18% बढ़ी है, जिसमें पावर सेक्टर का सबसे बड़ा योगदान रहा है। इंडियन रेलवे फाइनैंस कॉर्पोरेशन (IRFC) का मुनाफा भी 10.51% बढ़कर 1,802 करोड़ रुपये रहा। आईटी सेक्टर की कंपनी LTIMindtree के मुनाफे में इस बार 10.5% की गिरावट देखी गई और यह 970.6 करोड़ रुपये रहा।

'MSME को आसान फंडिंग, सपोर्ट जरूरी'

नियमों का बोझ घटे, नई टेक्नॉलजी अपनाने में मदद मिले: इंडस्ट्री

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

नई दिल्ली : लगभग 7 करोड़ इकाइयों वाले माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (MSME) सेगमेंट की नजरें 1 फरवरी पर टिकी हैं, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। इंडस्ट्री का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और जियोपॉलिटिकल टकरावों से बने हालात के बीच इन इकाइयों के लिए आसान शर्तों पर कर्ज मिलने की व्यवस्था करने और मॉडर्न टेक्नॉलजी अपनाने में मदद से लेकर नियमों के अनुपालन का बोझ घटाना जरूरी हो गया है।

PHDCCI के CEO डॉ रंजीत मेहता ने कहा, 'GDP ग्रोथ को 10% ले जाने में MSME की अहम भूमिका होगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच होड़ करने का दमखम और लोन सैपेमेंट क्षमता बेहतर करने के लिए बजट में इनके लिए सस्ते कर्ज का इंतजाम जरूरी है। MSME को आधुनिक और इको-फ्रेंडली टेक्नॉलजी अपनाने में आसानी हो, इसके लिए क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम से जुड़ी इनवेस्टमेंट की सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर देना चाहिए क्योंकि टेक्नॉलजी की कॉस्ट बढ़ चुकी है।'

AI Image

बजट 2026 MSME

डेलॉयट की पब्लिक पॉलिसी अडवाइजर विनीता हरिहरन ने कहा, 'MSME को संस्थागत कर्ज मिलने में मुश्किल होती है। ये नॉलेज गैप और सस्टेनेबिलिटी से जुड़े मसलों के साथ ही क्वॉलिटी स्टैंडर्ड्स को जल्द न अपना पाने की चुनौती से भी जूझ रहे हैं। इन्हें विभिन्न देशों में निर्यात के अलग-अलग नियमों और देश में क्वॉलिटी स्टैंडर्ड्स को आसानी से समझने में मदद की जरूरत है।'

मिनिस्ट्री का बजट

वित्त वर्ष -आवंटन*
2023-24 - 22,137.95
2024-25 - 22,137.95
2025-26 - 23,168.15

(*करोड़ रुपये)

FISME के महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा, 'इनकम टैक्स के लिए ऑनबार्ड ऑडिट लिमिट 1 करोड़ रुपये है। डिजिटल मोड में 95% रिसीट्स होने पर यह 10 करोड़ रुपये है। चूंकि माइक्रो एंटरप्राइजेज की परिभाषा बदलकर 10 करोड़ रुपये की जा चुकी है, लिहाजा ऑनबार्ड ऑडिट लिमिट को बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया जाना चाहिए। साथ ही, लोन अकाउंट को NPA मानने के लिए स्पेशल मेंशन अकाउंट घोषित करने की समय सीमा 90 दिनों से बढ़ाकर 180 करना चाहिए।'

'ग्रीन स्टील' के लिए बजट में सहयोग की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केंद्रीय बजट से पहले स्टील के डीकार्बोनाइजेशन पर काम कर रहे पांच प्रमुख उद्योग और नीति संगठनों ने लक्षित वित्तीय उपायों के साथ मजबूत समर्थन की अपील की है। ताकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में लो-कार्बन स्टील की प्रभावी खरीद को सक्षम बनाया जा सके। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, क्लाइमेट कैटलिस्ट, ग्लोबल एफिशिएंसी इंटेलिजेंस, यूसी बर्कले का इंडिया एनर्जी एंड क्लाइमेट सेंटर और जिन्दिएल सहित ये संगठन ग्रीन स्टील और सार्वजनिक खरीद से जुड़े उद्योग संवाद, शोध और नीति साझेदारियां में स्वतंत्र रूप से सक्रिय रहे हैं। भारत में सार्वजनिक खरीद स्टील की मांग के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है। सड़क, रेलवे, बुनियादी ढांचे सहित कुल खपत का लगभग 22–25% हिस्सा सार्वजनिक खरीद से आता है।

समंदर में खेती, अंडमान में 'ओपन-सी' प्रोजेक्ट शुरू

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कभी देखा है... तैरते 'खेत' में मछली पालन और समुद्री घास की खेती। देश की 'ब्लू इकॉनमी' को मजबूत करने के लिए भारत ने यह अनोखा कदम उठाया है। जी हां! अंडमान सागर के नॉर्थ बे में देश की पहली ओपन-सी मरीन फिश फार्मिंग परियोजना की शुरुआत हो गई है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसका उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट के तहत, समुद्र के खुले पानी में मजबूत पिंजरों (केज) के जरिये मछली पालन के साथ समुद्री घास उगाई जाएगी। ये पिंजरे नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नॉलजी (NIOT) ने बनाए हैं। खास बात यह है कि ये लंबे लहरों, गहरे पानी और खराब मौसम में भी सुरक्षित तरीके से काम कर सकते हैं। इससे समुद्र में बड़े पैमाने पर मछली पालन संभव होगा। सरकार का मकसद है कि मछुआरों को सिर्फ मछली पकड़ने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें समुद्री खेती से भी जोड़ा जाए। इसी के तहत, स्थानीय मछुआरों को मछलियों के बीज और समुद्री घास के सीड दिए गए हैं, ताकि वे परियोजना से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। यह परियोजना केंद्र सरकार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, एनआईओटी और अंडमान-निकोबार प्रशासन के सहयोग से चलाई जाएगी। आगे इसमें निजी कंपनियों की भागीदारी भी हो सकती है। अंडमान से शुरू हुई यह पहल आने वाले समय में देश के दूसरे तटीय इलाकों के लिए भी मिसाल बनेगी।



मजबूत होगी ब्लू इकॉनमी: तैरते 'खेत' में मछली पालन, उगेगी समुद्री घास

देश

राजा भैया मामले में HC को निर्देश

■ **भाषा, नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को उत्तर प्रदेश के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत दायर उनकी पत्नी की याचिका पर चार महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह बताए जाने के बाद भानवी सिंह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया कि मामला उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। SC को बताया गया कि उच्च न्यायालय में मामले पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को होनी है।

घरेलू हिंसा से जुड़ी याचिका पर 4 महीने में फैसला ले: SC

US राजदूत गोर, से मिले पीयूष गोयल

भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक बातचीत के बीच सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और सेनेटर स्टीव डेन्स से मुलाकात की। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर काफी सार्थक बातचीत हुई है।

बंगाल में 10वीं का एडमिट कार्ड SIR के लिए वैध: SC

कोर्ट ने कहा, आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवन में सेंटर लगाएं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा, राज्य बोर्ड से जारी 10वीं क्लास का एडमिट कार्ड SIR के लिए एक वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल राज्य शिक्षा बोर्ड जन्मतिथि को प्रवेश पत्र में दर्ज करता है, न कि उत्तीर्ण प्रमाणपत्र में। चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा कि करोड़ों लोगों को माता-पिता के नाम में कथित गड़बड़ियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए सैकड़ों किलोमीटर चलकर जाना पड़ता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि अपने दस्तावेज या आपत्तियां अधिकृत एजेंटों के माध्यम से पेश कर सकते हैं। ऐसे एजेंट बूथ लेवल एजेंट (BLA) भी हो सकते हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवन या ब्लॉक कार्यालयों में ही सेंटर स्थापित किए जाएं।

अगर दस्तावेज संतोषजनक न पाए जाएं, तो निर्वाचन अधिकारी संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का मौका दें, जिसमें उसका अधिकृत एजेंट भी मौजूद हो सकता है।



'सिर्फ वर्तनी के आधार पर नोटिस न भेजें'

सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि केवल वर्तनी के अंतर के आधार पर नोटिस न भेजे जाएं। हालांकि, जहां माता-पिता के साथ आयु-अंतर 15 वर्ष या उससे कम है, वहां इसे 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' यानि तार्किक विसंगति के रूप में चिह्नित किया जाता है। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि यह लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कैसे है? मां और बेटे के बीच 15 वर्ष का आयु-अंतर कैसे तार्किक विसंगति हो सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे देश में बाल विवाह नहीं होते।

राजस्थान में SIR के जरिए हमारे समर्थकों के वोट कट रहे: कांग्रेस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कांग्रेस का दावा है कि एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कर राजस्थान में कांग्रेस समर्थकों के वोट काटे जा रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र पर सीधा हमला है। डोटासरा के अनुसार एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 45 लाख लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत की श्रेणी में डाल दिया गया।

भारत-UAE बोले- आतंक को पनाह न दे कोई भी देश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की तीन घंटे की भारत यात्रा में कई अहम समझौतों को मंजूरी दी गई। साझा बयान में भारत और यूएई ने सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की। दोनों देशों ने कहा कि किसी देश को उन्हें प्रश्रय नहीं देना चाहिए जो आतंकी गतिविधियों को फाइनेंस करते हैं, उनकी योजना बनाते हैं। दोनों देशों ने FATF यानि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के प्रेम्बर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और टेरर फाइनेंसिंग के तहत सहयोग कायम करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने बताया कि भारत और यूएई के बीच रक्षा, AI डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति ने 2032 तक साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह अभी 100 अरब डॉलर से अधिक है। दोनों नेताओं के बीच गाजा की मौजूदा स्थिति, ईरान में उथलपुथल और यमन के हालात पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

निवेश के जरिए विकास: यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के जरिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के रणनीतिक विकास में मदद करेगा। गिफ्ट सिटी गुजरात में फर्स्ट अबू धाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड के ऑफिस बनाए जाएंगे।

डिफेंस, स्पेस में सहयोग: दोनों देश रक्षा क्षेत्र में इनोवेशन, तकनीक, ट्रेनिंग और साइबर स्पेस, काउंटर टेररिजम जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाएंगे। यूएई की स्पेस एजेंसी और भारत के नैशनल स्पेस प्रोमोशन ऐंड ऑथोराइजेशन (IN-SPACe) के बीच समझौता हुआ है।

मानसिक रूप से कमजोर पर SOP के लिए केंद्र को मौका

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मानसिक बीमारियों से पीड़ित बेघर लोग समाज का सबसे अधिक अमुरक्षित और दयनीय वर्ग हैं। अदालत ने उनके पुनर्वास के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को लेकर केंद्र सरकार को अंतिम मौका दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली पीठ ने यह टिप्पणी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। सुनवाई के समय केंद्र सरकार के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी के लिए तय कर दी।

SC ने मानसिक रूप से पीड़ित बेघर लोगों को अत्यंत दयनीय बताया

राजस्थान: शराब की दुकानें हटाने पर रोक

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजस्थान हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य को राष्ट्रीय या राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की सीमा के भीतर स्थित सभी शराब की दुकानें को हटाने या ट्रांसफर करने का निर्देश दिया गया था। यह आदेश सड़क दुर्घटनाओं, विशेषकर घातक दुर्घटनाओं, में वृद्धि को देखते हुए पारित किया गया था।

हाइवे से 500 मीटर की सीमा के भीतर स्थित दुकानों का है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने शराब विक्रेताओं और राजस्थान सरकार द्वारा दायर कई याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि वैसे तो हाई कोर्ट की चिंता वास्तविक और उचित है, लेकिन राज्य सरकार भविष्य में अपनी आबकारी (शराब) नीति बनाते समय इस पर विचार कर सकती है। 24 नवंबर 2025 को, जोधपुर बेंच ने शराब के सेवन के कारण राजमार्गों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य को निर्देश दिया था कि राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग से 500 मीटर की प्रतिबंधित सीमा के भीतर आने वाली सभी शराब दुकानों को दो महीने के भीतर हटाया या स्थानांतरित किया जाए, भले ही वे किसी नगरपालिका क्षेत्र, स्थानीय स्वशासी निकाय या वैधानिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आती हों।

कार में बैठकर भीग मांगने जाता है इंदौर का शख्स

3 मकान, 3 ऑटो सहित लाखों की संपत्ति का मालिक

■ **भाषा, इंदौर:** मध्य प्रदेश के इंदौर में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के दौरान प्रशासन ने सर्राफा इलाके से 50 वर्षीय कुष्ठ रोगी भिखारी को बचाया है। प्रशासन का दावा है कि इंदौर 'भिक्षुकमुक्त' शहर है, जहां भीख लेना, देना और भिखारियों से कोई सामान खरीदना कानूनी अपराध है। महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि आम लोगों की सूचना पर सर्राफा क्षेत्र से एक कुष्ठ रोगी को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए बचाकर आश्रय गृह में रखा गया है। भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा के मुताबिक, इस व्यक्ति के पास तीन पक्के मकान हैं, जिनमें एक तीन मंजिला इमारत शामिल है। इसके अलावा उसके तीन ऑटो रिक्शा किराये पर चल रहे हैं और एक कार भी है, जिसमें बैठकर वह भीख मांगने जाता था, जिसके लिए उसने चालक रखा हुआ था। वर्ष 2021 से भीख मांग रहे यह शख्स रोजाना 1,000 से 2,000 रुपये बचाने के रूप में कमाता है, जबकि भीख से उसे प्रतिदिन 400 से 500 रुपये अतिरिक्त मिल जाते हैं।

एनजीओ 'प्रवेश' की अध्यक्ष रूपाली जैन के अनुसार, वह पहले मकान निर्माण का मिस्त्री था, लेकिन बीमारी के कारण काम छोड़ना पड़ा और सामाजिक व पारिवारिक मदद के बाद उसने भीख मांगना शुरू किया। दो बार उसे भिक्षावृत्ति छोड़ने के लिए समझाया गया था और उसने कुछ समय के लिए ऐसा किया भी, लेकिन बाद में फिर इस रास्ते पर लौट आया।

Flying 101

Join IndiGo and Flight Training Adelaide for a free seminar to provide you information on selection, training, and a pathway to successfully qualify as an airline pilot.

To attend, please register at www.flyfta.com

Venue: Ramada Plaza by Wyndham Palm Grove Juhu Beach, Mumbai 400 049
Date: Sunday, 25th January, 2026
Time: 10:00 AM

IndiGo fta

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 01-19-2026 22:32 Color:

चुनावों की निष्पक्षता इस बात से शुरू होती है कि किसे मतदान का अधिकार दिया गया है - *जेम्स मैडिसन*

वोटरों को राहत

पश्चिम बंगाल में Special Intensive Revision की तार्किक विसंगतियों (logical discrepancies) की श्रेणी में शामिल लगभग 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम सार्वजनिक करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से लाखों मतदाताओं को वोटर लिस्ट में दोबारा नाम दर्ज कराने में मदद मिलेगी। इस आदेश का मकसद यही है कि लोगों के मताधिकार की हर कीमत पर सुरक्षा होनी चाहिए।

बंगाल में विवाद । तार्किक विसंगति वह श्रेणी है, जिसमें किसी मतदाता का नाम हटाया नहीं जाता, लेकिन उसकी दी जानकारी रेकॉर्ड से मेल नहीं खाती या संदेह पैदा करती है। ऐसे मामलों में संबंधित मतदाताओं को स्पष्टीकरण का मौका दिया जाता है। हालांकि बंगाल में बड़े पैमाने पर लोगों को इस श्रेणी में डाल दिए जाने से विवाद खड़ा हो गया। TMC का आरोप है कि चुनाव आयोग ने जानबूझकर ड्राफ्ट रोल से मतदाताओं के नाम काटे हैं, जबकि आयोग ऐसे आरोपों से इनकार करता आया है।

SIR पर फैसला

छोटी बात भी बड़ी । सुप्रीम कोर्ट के दखल से अब प्रभावित लोगों को आपत्तियों के जवाब और संबंधित दस्तावेज जमा करने में सुविधा मिलेगी। देखा जाए तो भले इस श्रेणी का मतलब नाम न कटना हो, लेकिन आम लोगों के लिए छोटी-छोटी बातें भी कई बार बड़ी मुश्किल पैदा करती हैं। यह संख्या ही अपने आप में इतनी बड़ी है, जिनकी आपत्तियों के निपटारे के लिए पर्याप्त समय और धैर्य चाहिए। उम्मीद कर सकते हैं कि प्रक्रिया को लेकर जो शिकायतें उठ रही हैं, अदालत के फैसले से वे दूर होंगी - आम लोगों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी।

विपक्ष का संदेह । बिहार में पहले चरण से लेकर अभी दूसरे चरण तक, SIR को लेकर सबसे बड़ी शिकायत पारदर्शिता और मंशा की रही है। विपक्ष अगर इसे संदेह की नजर से देख रहा है, तो उसकी कुछ वजहें हैं। सुप्रीम कोर्ट को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ रहा है और चुनाव आयोग यह विश्वास दिलाने में कहीं न कहीं नाकाम रहा है कि SIR का मकसद वोटर लिस्ट से नाम काटना या नागरिकता तय करना नहीं।

असली मकसद । दूसरे चरण में जारी 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। पश्चिम बंगाल में ही 58 लाख नाम हटे हैं। तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में शामिल लोग इससे अलग हैं। इन सभी को अपनी बात रखने और दोबारा मतदाता बनने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए। प्रक्रिया निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली हो। SIR का मकसद तब सफल होगा, जब हरेक योग्य मतदाता को वोट देने का अधिकार मिलेगा।

ऐवें कुछ भी

चलत विमान कोलाहल

अभी इमरजेंसी में मुंबई जाने की नौबत आई। झटपट जाकर वापस आना था। इसलिए डरते, झिझकते फ्लाइट का टिकट कटाया। हवाई जहाज में पहले घुसने से लेकर मनपसंद सीट तक के लिए जेब काटी जा रही थी। खैर, चेकइन वगैरह करके सिक्योरिटी तक पहुंचे तो मन मिर्जा तन सहिबा हो गया। बंदूक की नोंक पर बेल्ट, पर्स, घड़ी, बटुआ, दवा, दारू ऐसे रखवाई जा रही थी कि रोडवेज बस में डाका पड़ा हो। आत्मा छोड़कर सबकुछ ट्रे में रखवा लिया। एक सज्जन पता नहीं क्या समझे, अंडरवियर तक वहीं निकालने वाले थे। चार-पांच लोगों ने रोका तो माने।

आलोक सिंह भदौरिया

दूसरी तरफ पहुंचकर सब अपना माल-असबाब समेटकर खुद को अरेस्टेड करने लगे। पत्नियां पति को कोसने लगीं, बच्चे उछलकूद करने लगे। हमने बाइक वाले खिलौने से खेल रहे बच्चे से कहा- बेटा बाइक कहीं एयरपोर्ट के बाहर न चली जाए। बच्चे का परिवार गैर-हिंदी भाषी था। हमारे वाक्य में कोई ऐसा शब्द था जिससे सब भड़क गए। सब एकजुट होकर हमारे पास आए, कुछ गाली टाइप दी और बच्चे को लेकर चले गए। आगे बढ़े तो एहसास हुआ कि इन मॉल और मल्टीप्लेक्स ने एयरपोर्ट की फीस लूट ली है। सेम टू सेम वैसा ही लग रहा है। कोई थ्रिल नहीं। आलू का परांठा 500 रुपये का, पानी की बोतल 150 रुपये की, समोसा 100 रुपये का। हमने तब किया लूटने से बेहतर है भूखा रहना।

अचानक रेलवे वाली घटना हुई। प्लैटफॉर्म की तरह यहां बोर्डिंग गेट बदल गया। एक पैसेंजर कहीं अड़ा था, उसके चक्कर में रायपुर का प्लेन खड़ा था। कॉल पर कॉल अनाउंसमेंट पर अनाउंसमेंट हो रही थी, लेकिन सन्नाटा। जहाज के अंदर घुसे। पायलट कुछ बोला उसका अर्थ था पोंछा लग रहा था, इसलिए 10 मिनट देर से चलेंगे। खैर, टेकऑफ हुआ। चलत विमान कोलाहल होई। कोलाहल के बाद एयर होस्टेस मुस्कान बिखेरती आई। लेकिन वैवाहिक जीवन के अनुभव ने समझा दिया था कि जितनी खुश दिख रही है उतनी है नहीं। मुंह नोंच सकती है। हम अपना मुंह विंडो की तरफ करके बैठ गए।

बोल वचन

दिलीप लाल

भोर-भिनसार

'भिनसार' उत्तर भारत की लोकभाषाओं में प्रचलित एक शब्द है, जिसका अर्थ है- सुबह का पहला पहर, यानी सूर्योदय से ठीक पहले का समय। यह शब्द विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की बोलियों में शामिल है। भोजपुरी और मगही में कहीं इसे भिनसार तो कहीं भिनसर कहा जाता है। यह रोजमर्रा की बोली का हिस्सा है, जैसे- 'भिनसरे उठ के खेत पर चल जइह (सुबह जागकर खेत पर चले जाइएगा)'। इसी अर्थ में अवधी में उजास, जबकि मैथिली में भिनसर का इस्तेमाल होता है। छत्तीसगढ़ी में बिहान और भिनसर - दोनों शब्द प्रचलित हैं। मानक हिंदी में भोर, प्रातः और तड़के इसके समकक्ष माने जाते हैं। राजस्थानी और हरियाणवी में भी तड़के अधिक बोला जाता है, जबकि बंगाली में इस समय को भोरबेला कहा जाता है। 'भिनसार' की उत्पत्ति संस्कृत की भास् धातु से मानी जाती है, जिसका अर्थ है प्रकाश, चमक या आभा। ग्रामीण जीवन, कृषि-संस्कृति और दैनिक दिनचर्या से जुड़ा होने के कारण आज भी यह शब्द प्रचलन में है।

AI Image

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों और फ़ैसलों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा दी है

क्या ग्रीनलैंड को लेकर रहेगा अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं, नीतियों और कदमों से जिस तरह से पूरे विश्व में उथल-पुथल मचा दी है, वह कुछ समय पहले तक अकल्पनीय था। स्वाभाविक ही, वहां इस सवाल पर तीखी बहस चल रही है कि उनके चार वर्ष के कार्यकाल का देश के भविष्य पर क्या असर होगा और यह भी कि आखिर इतिहास में उन्हें किस रूप में याद किया जाएगा।

अवधेश कुमार

सुविचारित रणनीति । ध्यान रहे, ट्रंप वगैर योजना और रणनीति के एक भी कदम नहीं उठा रहे। जब 20 जनवरी, 2025 को उन्होंने राष्ट्रपति का पदभार संभाला तो उसके बाद दिए गए उनके बयानों को बड़े-बड़े विश्लेषकों ने हल्के में लिया। व्यंग्य और कटाक्ष किए गए, मजाक उड़ाया गया। अब आम तौर पर मान लिया गया लगता है कि उनके बयानों को हलके में नहीं लिया जा सकता।

निशाने पर ग्रीनलैंड । वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अगवा कर अमेरिका लाए जाने के बाद सभी मान रहे हैं कि ग्रीनलैंड का भी अमेरिका का हिस्सा बनना लगभग तय है। अगर ट्रंप ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बना लेते हैं तो सामरिक और दुर्लभ खनिजों से भरे महत्वपूर्ण आर्कटिक में उसका प्रभुत्व होगा। चीन व रूस के लिए वहां आधिपत्य जमाना कठिन हो जाएगा।

ईरान का कांटा । ईरान को उन्होंने काफी हद तक कमजोर कर दिया है। अगर वहां अयातुल्लाह खामेनेई का इस्लामी शासन समाप्त या कमजोर होता है तो ट्रंप अमेरिकी इतिहास में अमर हो जाएंगे। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान के अमेरिकी दूतावास पर हुए हमले, कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाओं की टीस अमेरिका में आज तक है। तब से सभी अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के इस्लामी शासन को इंबिल की संज्ञा देते हुए समाप्त करने की बात कहते रहे हैं।

नीति में बदलाव । इतिहास का एक सच यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत संघ और अमेरिका की अगुआई वाले दो परस्पर विरोधी समूहों के बीच तनाव और संतुलन से दुनिया का ढांचा विकसित हुआ। जब सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप की साम्यवादी सत्ताओं का पतन होने लगा, तब पहले रोनाल्ड रीगन और बाद में जॉर्ज बुश सीनियर अमेरिका के राष्ट्रपति थे। जॉर्ज बुश के सामने इस वैश्विक उथल-पुथल के मद्देनजर अमेरिकी नीतियों, वैदेशिक संबंधों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैचारिक और ढांचागत पुनर्रचना की चुनौती थी। उन्होंने और उनके बाद के राष्ट्रपतियों ने व्यापक बदलाव से स्वयं को दूर रखा। इस कारण अमेरिका के राष्ट्रीय जीवन एवं उसकी वैश्विक भूमिका में कायम जटिलताएं बढ़ती गईं।

ताकतवर अमेरिका । अब ट्रंप ने साहस दिखाया है। इससे विश्व में उथल-पुथल और भय, अनिश्चित तथा अराजकता का माहौल पैदा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सहित अधिकतर वैश्विक संस्थाएं अप्रभावी और अप्रासंगिक दिख रही हैं तो इससे भी यह साफ है कि पूरी संरचना सहज स्वाभाविक नहीं है। अमेरिकी अपने देश को प्रभुत्वशाली देखना चाहते थे। ट्रंप ने साबित कर दिया है कि दुनिया के वर्तमान ढांचे को आमूल हिला देने की ताकत केवल उसके पास है। विश्व के सभी प्रमुख देश वैश्विक, व्यापारिक, सामरिक से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक संरचनाओं को नई परिस्थितियों से समन्वित करने को विवश हैं।

नैटो की जरूरत । अमेरिका की नीति नैटो देशों के साथ परंपरागत संबंध बनाए रखने की रही है। लेकिन वहां एक बड़े वर्ग की सोच थी कि यूरोपीय देशों में अनेक अमेरिकी नीतियों के साथ नहीं चलते, उसका विरोध करते हैं जबकि अमेरिकी सैन्य शक्ति से ही उनकी धाक है। उनका सवाल यह भी था कि जब सोवियत संघ खत्म होने के साथ उसके सैन्य ढांचे समाप्त हो गए तो नैटो की आवश्यकता ही क्या है? ट्रंप नैटो को खत्म नहीं कर रहे, पर उनकी अगुआई में अमेरिका अपने हिसाब से इसका संचालन सुनिश्चित करने की ओर अग्रसर है।

राष्ट्रहित पर जोर । बहरहाल, इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस रुख और व्यवहार का विरोध करने वाले भी बड़ी संख्या में हैं। बावजूद इसके, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्हें अमेरिका के प्रभुत्व और प्रभाव का पूरे विश्व को अहसास कराने और उसे आर्थिक व सामरिक रूप से पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाने और दुनिया में अमेरिका केंद्रित विश्व व्यवस्था का रास्ता तैयार करने वाला नेता माना जाएगा। उन्हें विश्व के देशों को वैचारिकता से बाहर निकाल कर राष्ट्रीय हित देखने और उसके अनुसार संबंध बनाने का विकल्प देने वाले के रूप में भी याद किया जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)

ट्रंप की योजना

- ग्रीनलैंड के जरिए आर्कटिक संसाधनों पर चाहते हैं कब्जा
- ईरान के इस्लामी शासन को कमजोर करना रहा है लक्ष्य
- अमेरिकी केंद्रित विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ा रहे कदम

कांटे की बात

आपकी बातचीत सुरक्षित रखेगा यह चैटबॉट

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को संगम पर पुलिस ने रोक दिया। उन्हें बिना स्नान किए लौटना पड़ा। असल में, सरकार को न धर्म की चिंता है, न आस्था की। इस घटना के बाद शंकराचार्य अनशन पर हैं, लेकिन सरकार उदासीन बनी हुई है।

पवन खेड़ा, *नेता, कांग्रेस*

AI की दुनिया

AI चैटबॉट्स से बातचीत करते समय आपको भी डर लगता होगा कि कहीं यह लीक न हो जाए। इसी डर को दूर करने का प्रयास किया है Signal मैसेंजर बनाने वाले इंजीनियर मॉक्सी मार्लिनस्पाइक (Moxie Marlinspike) ने। उन्होंने पहली बार AI पर्सनल चैटबॉट Confer लॉन्च किया है।



AI Image

सर्वर पर भी डेटा नहीं

मॉक्सी का दावा है कि Confer से बातचीत पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। यहां तक कि कंपनी के सर्वर पर भी बातचीत का डेटा नहीं मिलेगा। यह एक ओपन-सोर्स AI असिस्टेंट है, यानी इसका पूरा कोड कोई भी देख सकता है। इसमें यूजर की बातचीत एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन से सुरक्षित रहती है। Confer में लॉगिन पासवर्ड से नहीं, PassKey से होता है। सर्वर के पास इस PassKey की कॉपी नहीं होती।

बड़ी कंपनियों के लिए चुनौती

आमतौर पर सर्वर एडमिनिस्ट्रेटर सब कुछ देख सकते हैं, लेकिन Confer में ऐसा नहीं है। हैकर, पुलिस या सरकार की किसी एजेंसी तक भी यह डेटा नहीं पहुंच सकता। Signal की तरह Confer में भी आपकी डिजिटल पहचान यानी ईमेल, IP एड्रेस से आपको जोड़ा नहीं जाता। फिलहाल गूगल, OpenAI या माइक्रोसॉफ्ट जैसे बड़े AI प्लैटफॉर्म एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन नहीं दे रहे हैं।

-प्रदीप तिवारी

जनता जंक्शन — इरफान

अंकिता मर्डर केस में CBI जांच काफ़ी नहीं

CBI जांच के आदेश के बाद भी उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मर्डर केस को लेकर लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। आंदोलनकारी संगठनों ने देहरादून के बसंत विहार थाने में दर्ज उस FIR पर आपत्ति जताई है, जो CBI जांच के लिए दर्ज कराई गई है। जानकारों का कहना है कि यह FIR अंकिता के माता-पिता या किसी पीड़ित पक्ष की ओर से होनी चाहिए थी, जबकि इसे एक ऐसे व्यक्ति ने दर्ज कराया, जिसका मामले से सीधा संबंध नहीं दिखता। चूंकि केस में फैसला आ चुका है और दोषियों को सजा मिल चुकी है, इसलिए CBI जांच के लिए नई FIR जरूरी थी।

व्योमेश चन्द्र जुगरान

लीपापोती का शक । आंदोलनकारी संगठनों का आरोप है कि सरकार ने जानबूझकर अपनी पसंद का वादी चुना, ताकि CBI जांच के नतीजों को अदालत में चुनौती देने का फैसला उसी के हाथ में रहे। जिस शिकायत पर FIR दर्ज की गई, वैसा ही पत्र अंकिता के माता-पिता पहले ही मुख्यमंत्री को दे चुके थे और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज की निगरानी में CBI जांच की मांग भी की थी। आंदोलनकारियों का कहना है कि अंकिता के माता-पिता की अर्जी पर कार्रवाई न होने से लीपापोती का शक गहरा गया है।

वीआईपी कौन । आपराधिक इतिहास में ऐसे मामले कम हैं, जहां दोषियों को उम्रकैद की सजा के बाद भी नए सिरे से CBI जांच की जरूरत पड़ी हो। अंकिता भंडारी हत्याकांड में भी परिजनों और सिविल सोसायटी ने शुरू से CBI जांच की मांग की थी और सुप्रीम कोर्ट तक गुहार लगाई, लेकिन तब बात नहीं बनी। सिविल सोसायटी का कहना है कि SIT की चार्जशीट कई गंभीर सवालों का जवाब नहीं देती। सबसे बड़ा सवाल कथित VIP को लेकर है। आरोप है कि रिसॉर्ट मैनेजर ने उसी VIP को 'एक्स्ट्रा सर्विस' देने की मांग की थी और इनकार करने पर अंकिता की हत्या कर दी। यह VIP ऐंगल 17 सितंबर 2022 की अंकिता की वट्सऐप चैट से सामने आया था, लेकिन SIT ने इसे किसी व्यक्ति के बजाय रिसॉर्ट के 'VIP सूइट' से जोड़ दिया। सिविल सोसायटी का आरोप है कि इसी वजह से असली VIP को बचा लिया गया।

विडियो से विवाद । अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा मिलने के बाद लोगों ने इस मामले में न्याय को स्वीकार कर लिया था, लेकिन 29 दिसंबर को अभिनेत्री उर्मिला सनावर के एक विडियो ने फिर विवाद खड़ा कर दिया। इसमें सनावर और उनके करीबी एक पूर्व विधायक का नाम लेकर दावा करता है कि अंकिता केस का कथित VIP वही था। नाम सामने आते ही मामला गरमा गया। बढ़ते दबाव में आखिरकार मुख्यमंत्री को CBI जांच की सिफारिश करनी पड़ी, पर न्याय की लड़ाई अभी जारी है। इंसाफ का तकाजा है कि जांच निष्पक्ष हो। आखिरकार यह उस बेटी का मामला है, जिसने अपनी गरिमा बचाते हुए जीवन गंवा दिया।

कॉमन रूम

ममता ने बनाया BJP को रोकने का प्लान

हेमंत राजौरा

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बहुस्तरीय चुनावी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को केंद्र सरकार की कूटनीतिक विफलता बताने वाली ममता अब अभिषेक बनर्जी को उत्तराधिकारी बनाने के संकेत के साथ आक्रामक, पर संतुलित नैरेटिव गढ़ रही हैं।

बांग्ला प्राइड को धार

ममता बनर्जी की राजनीति का मुख्य स्तंभ बंगाली पहचान है। संसद के शीत सत्र में वंदे मातरम् पर बहस के दौरान BJP सांसदों द्वारा बंकिम चंद्र चटर्जी के नाम के गलत उच्चारण पर TMC सांसदों के आक्रामक रुख ने बता दिया था कि पार्टी बांग्ला प्राइड को दोबारा केंद्र में ला रही है। 2021 विधानसभा चुनाव में भी बाहरी बनाम बंगाली का नैरेटिव असरदार था। अब इसे राष्ट्रीय मुद्दों के साथ जोड़कर धार दी जा रही है।

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को TMC केंद्र की खराब विदेश नीति कह रही है। पार्टी इसे हिंदुत्व से भी जोड़ रही है। TMC का कहना है कि अगर वाकई BJP हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है, तो ढाका पर सार्वजनिक और कूटनीतिक दबाव दिखना चाहिए। यह BJP के कोर नैरेटिव पर हमला है। ममता इसे बंगाल में हिंदुत्व बनाम हकीकत के तौर पर रख रही हैं।

TMC की रणनीति में मतुआ समुदाय भी है। मतुआ सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को TMC मतुआ समुदाय के मताधिकार पर खतरा बता रही है। 2019 लोकसभा चुनाव में BJP ने मतुआ इलाकों में बढ़त बनाई थी, लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में TMC ने एक बार फिर आधार हासिल किया।

इंडियन पॉलिटिकल ऐक्शन कमिटी के दफ्तर पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के खिलाफ भी ममता ने खुलकर प्रतिक्रिया दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ममता ने कहा है कि चुनावी प्रबंधन पर दबाव का भी TMC पर असर नहीं होगा। इससे कार्यकर्ताओं को लगा कि पार्टी नेतृत्व घबराया नहीं है।

TMC में अभिषेक बनर्जी की भूमिका स्पष्ट हो रही है। संगठनात्मक फैसलों और राष्ट्रीय मुद्दों पर अभिषेक की बेबाक राय से पता चलता है कि ममता उन्हें भविष्य के नेतृत्व के रूप में स्थापित कर रही हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में BJP ने 18 सीटें जीतकर TMC को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन, 2021 विधानसभा चुनाव में TMC ने 294 में से 213 सीटें जीतकर जोरदार वापसी की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी TMC की बढ़त बरकरार रही। मगर, BJP का वोट शेयर भी खासा नहीं हुआ। अब दो दलों के बीच सीधा मुकाबला है।

पलटवार का डर

ममता को लगता है कि कहीं राष्ट्रीय सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और भ्रष्टाचार जैसे मामले BJP को पलटवार का मौका न दे दें। अभिषेक को आगे बढ़ाने में पुराने नेताओं को साथ रखने की भी चुनौती है। बहरहाल, ममता की चुनावी रणनीति भावनात्मक मुद्दों, अस्मिता की राजनीति, संगठनात्मक सख्ती और नेतृत्व परिवर्तन के संकेतों का मिश्रण है। बांग्लादेश का मुद्दा, IPAC पर छापे और अभिषेक बनर्जी के उभार से आने वाले चुनाव में असर पड़ेगा या नहीं यह तो बाद में पता चलेगा। मगर, अब लग रहा है कि ममता पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में हैं।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

सिर्फ़ शास्त्र पढ़ेंगे तो अहंकार आएगा, ज्ञान नहीं

सुरक्षित गोस्वामी

जब जीवन में ऐसा लगता है कि उस परम तत्व को पाना है, तब हम ज्ञान इकट्ठा करने लगते हैं। और ज्ञान शास्त्रों में ढूंढ़ने लगते हैं। श्लोक याद किए जाते हैं। अर्थ रट लिए जाते हैं। और सब पढ़ लेने पर लगता है कि ज्ञान आ गया। लेकिन ऐसा ज्ञान तो और ज्यादा खतरनाक हो जाएगा। इससे बेहतर तो अज्ञान ही था, क्योंकि यह ज्ञान तो और कठोर बना देगा। अज्ञानता की एक और परत चढ़ जाएगी। वह अहंकार को बढ़ा देगा और सीखने व समझने की खिड़की को पूरी तरह बंद कर देगा।

जो ज्ञान सिर्फ बुद्धि से लिया जाता है, वह रुकावट बनकर खड़ा रहता है। यह व्यर्थ का ज्ञान है, जिसे जीवन में हमने ज्ञान समझकर लिया है। सिर्फ शास्त्र जानने वाले लोग आत्मज्ञानी नहीं हो सकते। अहंकार आने का डर रहता है कि हमने कुछ पढ़ लिया, कुछ बोल दिया तो ज्ञानी हो गए। यह वैसे ही है, जैसे बोतल को ढक्कन बंद करके नल के नीचे रख दिया जाए। पानी की तेज धार खोलने पर भी बोतल कब भरेगी! बोतल को लग रहा है कि पानी मेरे ऊपर पड़ रहा है। नल को लग रहा है कि मैं बोतल को भर रहा हूं। लेकिन सारा पानी बाहर बह रहा है। यही है व्यर्थ का ज्ञान। तो सारी कोशिश व्यर्थ के ज्ञान को छोड़ने की होनी चाहिए।



THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

एक मेले में एक जैसी तीन गुड़िया थीं, लेकिन एक की कीमत 100 रुपये, दूसरे की 300 और तीसरे की 500 रुपये। किसी ने पूछ लिया, तीनों में अंतर क्या है? गुड़िया बेचने वाले ने एक सींक ली और पहली गुड़िया के कान में डाली। सींक दूसरे कान से बाहर निकल आई। दूसरी गुड़िया के कान में सींक डाली, तो मुंह से निकली। तीसरी गुड़िया के कान में सींक डाली और वह पेट में उतर गई। वैसे ही हमारे साथ होता है। ज्ञान एक कान से सुना, दूसरे से निकाल दिया। फिर एक जगह ज्ञान सुना, दूसरी जगह जाकर बोल दिया या ज्ञान सुना और वह भीतर उतर गया।

ज्ञान जब मेरा हिस्सा बनने लगे, तो समझो वह मेरा वास्तविक ज्ञान है। तो व्यर्थ के ज्ञान से बचना है और परमात्मा को पल-पल जीना है।

रीडर्स मेल

राजनीति में आदर्श कहां?

राजनीति में अब नीति नहीं रही, यह केवल प्रकारेण सत्ता पाने की रणनीति बन गई है। जहां न कोई आदर्श है, न सिद्धांत। जनता के हितों को तिलांजलि देकर सियासी दल आपसी विरोधी-सहयोगी बनकर मेयर की कुर्सी पाने के लिए बेमेल गठबंधन कर रहे हैं। राजनीतिक षड्यंत्रों से देश की जनता तंगी झ गई है। नेता देश की रीढ़ है और रीढ़विहीन नेता देश का क्या विकास करेंगे? दिशाहीन राजनीति को सही दिशा अब जनता ही दिखा सकती है।

-सुधा चौबे, इंदौर से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ भेज करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 20-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: tushar.darekar Time: 01-19-2026 22:18 Color:

ग्रहाणां च यथा सूर्यो नक्षत्राणां यथा शशी। मासानां च तथा माघः श्रेष्ठः सर्वेषु कर्मसु।।

(जैसे ग्रहों में सूर्य और नक्षत्रों में चन्द्रमा श्रेष्ठ है, उसी प्रकार महीनों में माघ मास श्रेष्ठ है) - पद्म पुराण

॥ माघ मेला प्रयागराज ॥

प्रयागराज माघ मेला 2026

आस्था, उत्सव और उमंग का अनूठा संगम

स्नान की प्रमुख तिथियां

23 जनवरी 2026 - वसंत पंचमी

1 फरवरी 2026 - माघी पूर्णिमा

15 फरवरी 2026 - महाशिवरात्रि

उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले मेले अब केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि वे समावेशी विकास के मजबूत आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। महाकुंभ और माघ मेला जैसे विशाल धार्मिक व सांस्कृतिक समागम में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटक आते हैं। ये आयोजन परंपराओं की दिव्य झलक तो प्रस्तुत करते ही हैं, साथ ही, राजस्व के नए अवसर सृजित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं।

कुंभ और माघ मेला जैसे आयोजनों से स्थानीय दुकानदारों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को बड़ा बाजार मिलता है, जहां वे अपने पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद और खान-पान की वस्तुएं बेचकर आजीविका को मजबूत करते हैं, जोकि रोजगार और स्थायी आमदनी का जरिया बनती है।

इसके अलावा, परिवहन, सुरक्षा, स्वच्छता, इवेंट मैनेजमेंट और रिटेल जैसे क्षेत्रों में अस्थायी रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, जिससे लोगों को काम मिलता है। इन मेलों का सकारात्मक प्रभाव हस्तशिल्प, कृषि, परिवहन और बुनियादी ढांचे जैसे जुड़े हुए क्षेत्रों तक भी पहुंचता है, जिससे आयोजन समाप्त होने के बाद भी आर्थिक गतिविधियां बनी रहती हैं और क्षेत्रीय विकास को निरंतर गति मिलती है।

अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के व्यापक पुनर्विकास, आधुनिक पर्यटन अवसंरचना के विकास और बेहतर सुविधाओं के चलते राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल की है। इन प्रयासों का सीधा असर राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार पर पड़ा है।

- वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटक पहुंचे।
- इसी अवधि में 3.66 लाख विदेशी पर्यटकों ने राज्य का भ्रमण किया।
- प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए।
- महाकुंभ के प्रभाव से अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन और श्रावस्ती जैसे शहरों में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई और ये देश के प्रमुख पर्यटन केंद्र बनकर उभरे।
- दीपोत्सव, रंगोत्सव, देव दीपावली और माघ मेला जैसे सांस्कृतिक आयोजन अब देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण बन चुके हैं।
- निरंतर धरोहर संरक्षण, बेहतर परिवहन और कनेक्टिविटी तथा सुदृढ़ हॉस्पिटैलिटी सुविधाओं ने पर्यटन को नई गति दी है।
- मकर संक्रांति महोत्सव, दुद्धी मेला, गाजीपुर महोत्सव, वाराणसी महोत्सव और चित्रकूट का लालगढ़ मेला जैसे आयोजनों से पर्यटकों की संख्या, राजस्व और स्थानीय रोजगार में बढ़ोतरी हुई है।
- होमस्टे योजना से स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है, वहीं ग्रामीण पर्यटन ने लोक संगीत, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय संस्कृति को पुनर्जीवित किया है।
- संग्रहालयों, विरासत स्थलों और तीर्थ सर्किटों के विकास से स्थानीय हस्तशिल्प, गाइड सेवाओं, खानपान और परिवहन व्यवसाय की मांग बढ़ी है।
- राज्य के मार्केटिंग और एमआईसीई (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस, एग्जीबिशन) समर्थन से स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को नए बाजार और खरीदार मिले हैं।
- यूपी में वन नाइट स्टे करने वाला पर्यटक करीब 5,400 खर्च करता है, जबकि लंबे समय तक ठहरने वाले पर्यटक लगभग 7,500 तक खर्च करते हैं। कुल ठहराव में लगभग 41% होटल आवास का योगदान है, जबकि राज्य के भीतर जिलों के बीच यात्रा 80% पर्यटन गतिविधियों का हिस्सा है।

माघ मेला 2026

माघ मेला 44 दिनों तक चलने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक आयोजन है। यह मेला हर साल पवित्र माघ माह (जनवरी-फरवरी) में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर आयोजित होता है, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करते हैं। यह समय पवित्र स्नान करने और धार्मिक व आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए सबसे शुभ माना जाता है।

मेले के पहले ही दिन संगम में 21.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इतनी बड़ी संख्या देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं की मजबूत भागीदारी को दर्शाती है।

मुख्य बिंदु:

- माघ मेला प्रयागराज 2026 का आयोजन 3 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। इसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पावन तिथियों पर स्नान कर रहे हैं।
- भव्य माघ मेले में कल्पवास और पंचकोसी परिक्रमा जैसी सदियों पुरानी परंपराओं का विशेष महत्व होता है।
- पंचकोसी परिक्रमा की शुरुआत माघ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम तट पर पूजा-अर्चना के साथ होती है।

विकास को मिली प्राथमिकता

- 800 हेक्टेयर में फैले माघ मेले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही हो रहे कई नव्य प्रयोग
- पूरे मेला क्षेत्र में 42 पार्किंग स्थलों की सुविधा, यातायात के लिए 9 पॉन्टून पुल निर्मित
- जन सुविधा के लिए कुल 4 सार्वजनिक आश्रय स्थल उपलब्ध
- सेक्टर-1 में 500 बेड की क्षमता वाले 2, सेक्टर 3 में 250 बेड की क्षमता वाला 1 तथा सेक्टर 4 में 250 बेड की क्षमता वाले आश्रय स्थल क्रियाशील
- अरैल क्षेत्र में टेंट सिटी का संचालन
- माघ मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता, भीड़ प्रबंधन के लिए मजबूत रोडमैप क्रियान्वित
- भीड़ प्रबंधन और किसी भी तरह की आपरिमक स्थिति से निपटने के लिए यूपी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और माघ मेला प्रशासन की सहयोगी एजेंसियों के बीच समन्वय
- इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से होलिंग परिया, चौराहों व पार्किंग समेत संपूर्ण मेला क्षेत्र की सतत निगरानी
- पहली बार स्वैन टू किक्स तकनीक के तहत बिजली के पोल्स पर लगाए गए हैं 15 हजार बार कोड
- कोड को स्कैन कर बिजली कर्मचारी सीधे कंट्रोल रूम से समस्या की जानकारी लेकर रिकॉर्ड समय में समाधान करा रहे उपलब्ध
- क्यूआर कोड से श्रद्धालु लोकेशन की कर सकते हैं पहचान, रास्ता भटकने की स्थिति में परिवार या गंतव्य तक पहुंच हुई आसान
- प्राधिकरण द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए इन्सिडेन्ट रिस्पांस सिस्टम, अग्निशमन एवं आपात सेवाओं द्वारा आग की घटनाओं की रोकथाम की पूरी तैयारी
- मेला क्षेत्र की एआई बेस्ड सर्विलांस, क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम के 400 कैमरों से हो रही सतत निगरानी
- सभी मुख्य मार्गों, चौराहों, पॉन्टून पुलों व घाटों पर साइनेजेस की स्थापना
- मेला क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं के कुल वर्तमान में 7420 से अधिक शौचालय व 650 यूरिनल ब्लॉक्स की स्थापना
- मेला क्षेत्र में 3300 से अधिक सफाई मित्र सैनिटेशन कार्यों को कर रहे पूर्ण
- सफाई मित्रों के लिए सैनिटेशन कॉलोनी और उनके बच्चों के लिए आंगनबाड़ी व प्राइमरी स्कूल की भी व्यवस्था
- मेला क्षेत्र में अपशिष्ट निस्तारण के लिए प्री फैब 0.5 एमएलडी के अस्थायी एसटीपी क्रियान्वित
- श्रद्धालुओं को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं 20-20 बेड के 02 चिकित्सालय (गंगा व त्रिवेणी चिकित्सालय)

- मेला क्षेत्र में 12 प्राथमिक उपचार केन्द्र, 1 वेक्टर कंट्रोल यूनिट, 50 एंबुलेंस, 5 आयुर्वेदिक चिकित्सालय तथा 5 होम्योपैथिक चिकित्सालय भी उपलब्ध करा रहे सेवाएं
- प्रयागराज में श्रद्धालुओं को डिजिटल मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए माघ मेला सेवा ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से मेले में आने वाले श्रद्धालु विभिन्न सेवाओं तक आसानी से डिजिटल रूप से पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।
- माघ मेला क्षेत्र में 4900 संस्थाएं उपलब्ध करा रही सेवाएं

माघ मेले में ODOP पर प्रमुख प्रभाव

विशाल बाजार: लाखों श्रद्धालु और पर्यटक कारीगरों के लिए एक अभूतपूर्व मंच उपलब्ध कराते हैं, जहां भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर के उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

आर्थिक उछाल: व्यापारिक गतिविधियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है, जिससे पिछले मेलों की तुलना में कारोबार में बड़ा इजाफा दर्ज किया जाता है।

ब्रांडिंग और पहचान: कारीगरों को अपने उत्पादों की ब्रांडिंग का "सुनहरा अवसर" मिलता है, जिससे उनकी पहुंच बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक भी रास्ता खुलता है।

रोजगार सृजन: मांग और बिक्री में वृद्धि से कारीगरों और उनसे जुड़े उद्योगों में नए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

विविधता का प्रदर्शन: प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों सहित विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों को एक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

ई-कॉमर्स से जुड़ाव: ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी से उद्यमी ऑनलाइन बिक्री कर पाते हैं, जिससे मेले की सीमा से बाहर भी बाजार का विस्तार होता है।

तीन पावन क्षेत्र

अंतर्वेदी : सबसे आंतरिक और सर्वाधिक पवित्र क्षेत्र

मध्यवेदी : मध्य अथवा मध्यवर्ती क्षेत्र

बहिर्वेदी : बाहरी सीमा अथवा बाह्य क्षेत्र

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in